# कचरा प्रबंधन नहीं करने वालों पर निगम की कार्रवाई जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ठोस** कचरा प्रबंधन निगम 2016 में दी गई जिम्मेदारियों का पालन नहीं करने वालों पर नगर निगम फरीदाबाद अब सख्त हो गया है। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए यह आवश्यक है कि सभी बल्क वेस्ट जनरेटर अपने यहां ठोस कचरा प्रबंधन निगम की पालना सुनिश्चित करे।
सहायक अभियंता ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ प्रतिदिन जोनों में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों की जांच कर रहे हैं। जांच के दौरान नियमों की पालना सुनिश्चित नहीं पाये जाने पर संबंधित का चालान किया जा रहा है। साथ ही कचरा प्रबंधन के निर्देश भी दिए जा रहे है।

नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त ए मोना श्री निवास द्वारा बार-बार बल्क वेस्ट जनरेटरों के मालिकों से अपील की जा रही है कि वे नियम के तहत अपने कचरे का निस्तारण अपने ही परिसर में करने की व्यवस्था करे। इससे फरीदाबाद के कचरा प्रबंधन में मदद मिलेगी तथा बंधवाड़ी में कचरे को खत्म करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के अनुसार औसतन 50 से 55 प्रतिशत कचरा बल्क वेस्ट जनरेटरों का होता है।

# बीजेपी ने सरकारी क्षेत्र में योग्यता के अनुसार रोजगार दिया है : डॉ. यशपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**बीजेपी** नेता व नगर परिषद पलवल के चेयरमैन डॉ. यशपाल ने पायनियर को दिए अपने इंटरव्यू में भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों को देश के लिए बेहतर और विकास करने वाली बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के दस साल के शासनकाल में देश व प्रदेश ने विकास के मामलों में हर दिन नए आयाम लिखे हैं। भाजपा ने अपने सभी चुनावी वायदों को पूरा कर दिया है। देश व प्रदेश में पूंजी निवेश तेज गति से हो रहा है। जिसकी वजह से देश व प्रदेश में नई-नई कंपनियां लगी हैं। इनमें युवाओं को रोजगार मिल रहा है। इस दौरान जीएसटी कलेक्शन रिकॉर्ड तोड़ हुआ है। जिससे हर क्षेत्र में विकास ने गति पकड़ी है। सरकारी क्षेत्र में युवाओं को योग्यता के अनुसार रोजगार मिल रहा है। देश में नए-नए एम्स व आईआईटी खुल रहे हैं। जिनमें शिक्षा प्राप्त करके युवा देश व विदेश में नाम रोशन कर रहे हैं। हथियारों के मामले में भारत आत्म निर्भर बना है। किसान सहायता राशि किसानों के खातों में सीधे पहुंच रही है। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 को हटाकर आतंकवाद का पूरी तरह से सफाया कर दिया है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कर भाजपा ने अपना चुनावी वायदा पूरा कर दिया है। बीजेपी के शासन से जनता बहुत ही खुशी है। इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जिताकर भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

डॉ. यशपाल ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में देश व प्रदेश में तेजी से विकास किए जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे व हाईवे का निर्माण तेज गति से हो रहा है। जिससे देश के एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र में आने-जाने में सुविधा हुई है। इसके अलावा नए-नए एम्स व आईआईटी, कॉलेजों का निर्माण भी



हुआ है। जिनमें युवाओं को शिक्षा व रोजगार दोनों मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा के शासनकाल में हजारों करोड़ रुपये का पूंजी निवेश हो रहा है। जिससे देश व प्रदेश में नई-नई कंपनियां लग रही हैं। जिनमें युवाओं को रोजगार के नए-नए अवसर मिल रहे हैं। देश में जीएसटी कलेक्शन ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। जिसकी वजह से सभी क्षेत्रों में विकास तेज गति से हो रहा हैं। किसानों के खाते में किसान सहायता राशि सीधे पहुंच रही है। बुजुर्ग पेंशन, दिव्यांग पेंशन और विधवा पेंशन, छात्रवृति की राशि अब लोगों के खाते में पहुंच रही है। जिससे भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक लग गई है। किसानों को कृषि के लिए 24 घंटे बिजली सप्लाई की जा रही हैं। जिससे कृषि क्षेत्र में उत्पादन में बढ़ोतरी हुई है। किसानों को उनकी फसलों की उचित कीमत मिल रही है। जिससे किसान खुशी हैं। लोगों को बेहतर व सस्ती चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। जिससे लोगों को इलाज के लिए इधर-उधर नहीं भागना पड़ता। आशावती ने बताया कि बीजेपी के सत्ता में आने से पहले सेनाओं के लिए दूसरे देशों से हथियार मंगाए जाते थे। जिसकी वजह से कई बार हथियारों की कमी सेना के पास बनी रहती थी, परंतु भाजपा के सत्ता में आते ही देश हथियार उत्पादन में आत्मनिर्भर बना हैं। जिसकी वजह से देश की तीनों सेनाओं के बेड़े में नई-नई मिसाइलें शामिल की गई हैं, जिससे दुश्मन देश आज भयभीत हैं। करोड़ों लोगों को सस्ते दामों में राशन उपलब्ध करवाया जा रहा है। देश में एयरपोर्ट व रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।

# नेता बीके अस्पताल में फोटोशूट कराते हैं लेकिन आइसीयू कोई नहीं ला पाया


### विपक्षी दल के नेता भी इस गंभीर मसले को कभी चुनावी मुद्दा नहीं बना पाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

बादशाह खान अस्पताल में भाजपा और कांग्रेसी नेता रोज ही आए रहते हैं। ये फोटो शूट कराकर यहां से चले जाते हैं। सत्ताधारी नेता यहां दस साल में भी आइसीयू लेकर नहीं आ पाएं। कांग्रेसी नेता भी इस गंभीर मसले को लेकर कभी चुनावी मुद्दा नहीं बना सके। भाजपा कहती है कि हम गरीबों के साथ है लेकिन गरीबों का अस्पताल बादशााह खान में करीब 72 साल बाद भी आइसीयू की सुविधा नहीं है।

हालात यह यह है कि गरीब




मजदूर, किसानों को गंभीर बीमारियों के चलते जब आइसीयू की जरूरत पड़ती है तब वे फाइव स्टार अस्पतालों में जाकर अपना पैसा बर्बाद करने पर मजबूर होते हैं। यही नहीं, जिला प्रशासन आज भी फरीदाबाद के बीके अस्पताल में आईसीयू की सुविधा शुरू करवाने में असमर्थ रहा है। इसका सबसे ज्यादा खामियाजा पलवल व फरीदाबाद के गरीब लोगों को उठाना पड़ता है। हालात ये है कि फरीदाबाद, पलवल के जिलों के लोगों को आज भी इलाज के लिए दिल्ली, रोहतक के अस्पतालों में धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है। लोगों का कहना है कि फरीदाबाद के बीके अस्पताल में कई चरणों में रेफर होने के बाद मरीज फर यहां पर पहुंचते हैं। उसके बाद फिर से उनको दिल्ली, रोहतक के लिए रेफर कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया में काफी समय लग जाता है। इस दौरान कई बार मरीज ज्यादा खून बहने व इलाज में देरी होने से रास्ते में ही दम तोड़ देता है। वहीं कुछ मरीज वहां पहुंच भी जाते हैं, उनको काफी दिक्कतों का सामना इलाज में उठाना पड़ता है। उनकी देखभाल के लिए रुके रिश्तेदारों को भी कठिनाइयां उठानी पड़ती है।

# यमुना आज भी मैली हैं, भाजपा के आधे से ज्यादा वादे झूठे निकले

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**लोकसभा** चुनाव के पास आते ही चुनावी चर्चा में भी तेजी आ गई है। हुक्का की गुड़गुड़हाट हो, चाय की चुस्की या ताश की चुटकी के बीच लोग नेताओं के वायदे और पार्टियों की नीतियों की खुल कर चर्चा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि भाजपा का 10 साल का शासन लोगों के लिए कठिन रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने वायदा किया था कि मंझावली पुल को इसी शासनकाल में चालू करवा दिया जाएगा लेकिन वे इसे चालू नहीं करवा पाएं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि यमुना को साफ सुथरा बना देंगे लेकिन यमुना की हालत आज कैसी है, यह किसी से छिपी नहीं है। यमुना के पानी में तो कीड़े मकौड़े भी जीवन यापन नहीं कर पा रहे, इसके अत्यधिक विषैले होने के कारण सभी जलीय जीव मर चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानो को एमएसपी देने के वायदे को भी नकार दिया। इसके अलावा महंगाई, बेरोजगारी, सुशासन की गारंटी जैसी बात भी हरियाणा में कहीं नहीं दिखाई देती। फरीदाबाद में पुलिस प्रशासन के अधिकारी पोस्टिंग का खेल खेलते हैं। ये अधिकारी अपने चहेतों को अच्छी खासी पोस्टिंग देने के बदले सुविधा शुल्क जैसी व्यवस्था बनाकर रखते हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने कहा था कि बल्लभगढ़ सोहना पुल को चार लेन का बना दिया जाएगा लेकिन वह आज तक नहीं बना।

ग्रेटर फरीदाबाद व जिले की सभी सड़कों की हालत कैसी है, यह भी किसी छिपी नहीं है। फरीदाबाद के नेता प्रॉपर्टी डीलिंग




के चक्कर में लगे। उन्होंने जनता की समस्याओं को समझने और उन्हें सुलझाने के लिए किसी तरह की दिलचस्पी नहीं उठाई।

दरअसल, चुनावों के समय में नेताओं के सुर बदल जाते हैं। चुनाव के समय में तो यदि कोई पशु मर जाएं तो उसका भी शोक व्यक्त करने के लिए मंत्रियों और नेताओं का काफिला पीड़ित के घर पहुंच जाता है। चुनाव जीत जाने के बाद ये फाइव स्टार लाइफ जीते हैं। इनके परिवार वाले जमीनें खरीदतते हैं और ऊंची ईमारतें बनाते हैं। सड़क, सीवरेज, पानी, शिक्षा, चिकित्सा दिलाने के लिए कोई ध्यान नहीं देता है।

# कंधे में घुसा चाकू, इलाज को दो घंटे भटका युवक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**झगड़े** में एक युवक के कंधे में घुसे चाकू को बाहर निकालने में दो घंटे से अधिक का समय लगा। दो निजी अस्पताल गए युवक को बड़े अस्पताल के रेफर कर दिया था। फिर एक बड़े निजी अस्पताल में गया तो वहां पुलिस आई, तब जाकर उसका ऑपरेशन शुरू किया गया और चाकू बाहर निकाला। चाकू काफी लंबा था और करीब काफी गहराई तक कंधे में घुसा हुआ था।

अनंगपुर गांव के रहने वाले सन्नी भड़ाना ने सूरजकुंड थाने में दी शिकायत में बताया कि वह और सुमित बाइक पर प्रहलादपुर रोड पर न्यू ब्लू मून ढाबे पर गए थे। जहां पर सुमित अपने डंपर का काम करवा रहा था। ढाबे पर कुछ युवकों का झगड़ा हो गया। वह एक-दूसरे को पत्थर मारने लगे। तभी उनमे से एक युवक ने चाकू निकाला और उस पर व उसके दोस्त सुमित को मारने आया। उन्होंने उस युवक से कहा कि वह इस झगड़े में शामिल नहीं है। इसके बावजूद हमलावर युवक ने भागते हुए पीछे से चाकू से उसके कंधे पर वार कर दिया। सन्नी ने बताया कि चाकू लगने के बाद भी वह नहीं रुका, वरना हमलावर और



मारते। काफी दूर तक भागने के बाद जब वह रुका तो देखा कि खून निकल रहा है। उसने हाथ लगाया तो कंधे में चाकू घुसा हुआ था। वह उसकी ठीक प्रकार से पकड़ में नहीं आ रहा था, इस वजह से वह नहीं निकल सका। सुमित ने अपने चचेरे भाई कमल को फोन करके मौके पर बुलाया।

वह बाइक पर बैठकर पहले ग्रीनफील्ड और फिर चार्मवुड विलेज स्थित निजी अस्पताल गए। वहां कंधे में चाकू घुसा देखकर डॉक्टरों ने किसी बड़े अस्पताल जाने की सलाह दी। इसके बाद वह एशियन अस्पताल पहुंचे। यहां झगड़े का मामला देख पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अस्पताल आई और उसके बयान लिए। इसके बाद उसका चाकू बाहर निकाला गया। उसने बताया कि वह यह नहीं जानता कि हमला करने वाला युवक कौन था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# क्षेत्र में पानी जमा होने की समस्या से मिले निजात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सांसद** के चुनाव की तिथि घोषित होते ही उम्मीदवारों ने अपनी कमर कस ली है। शहर व गांवों में




कई जगह गलियों में गंदगी का आलम रहता व थोड़ी सी बारिश से पानी भर जाता है। लोगों का कहना है कि वे अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं। उनका सांसद अपने वायदे पर खरा उतरने वाला होना चाहिए। सांसद जुझारु होना चाहिए, जो जनता सुख व दुख में हमेशा साथ रहे।



क्षेत्र की जनता को जन प्रतिनिधियों से आस होती है। जनता की समस्याओं को हर संभव समाधान करने के लिए सांसद को सक्रिय रहना चाहिए। सड़क, नाली, पानी जैसी मुलभुत सुविधाओं को जनजन तक पहुंचाना चाहिए।

**योगेश कौशिक**



गांव में गंदगी का आलम रहता है। साथ ही थोड़ी सी बारिश से पार्क व गलियों में पानी भर जाता है। इसका समाधाना होना चाहिए। क्षेत्र में पानी की सप्लाई सुनिश्चित हो, ऐसा सांसद होना चाहिए।

**अर्जुन शास्त्री**



-----------

गांवों में कई जगह कूड़े का ढेर रहते हैं। कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था नहीं है। लोग खुले में कचरा फेंकने को मजबूर हो रहे हैं। ऐसा उम्मीदवार हो जो इन समस्याओं को दूर कर सके।

**शंभू पहलवान**



सांसद ऐसा होना चाहिए जो समय समय पर अपने क्षेत्र का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुन उन्हें तुरंत दूर करे। उसे जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए, केवल कार्यालय में बैठने वाला सांसद नहीं चाहिए।

**अतुल मंगला एडवोकेट**

# कविता पाठ प्रतियोगिता में सोनिया मिश्रा ने मारी बाजी




**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**राजकीय** महिला महाविद्यालय सेक्टर 16ए फरीदाबाद में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें फरीदाबाद के 11 महाविद्यालयों से 75 प्रतिभागियों ने पेंटिंग, स्लोगन लेखन, डाक्यूमेंट्री, पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन, कविता पाठन, निबंध लेखन एवं स्किट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। कविता पाठ प्रतियोगिता में महाविद्यालय की ही बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सोनिया मिश्रा ने प्रथम एवं पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के द्वितीय वर्ष की छात्रा सारिका मिश्रा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में केएल मेहता महाविद्यालय की खुशी ने बाजी मारी

प्राचार्या डॉ. सुनिधि ने सभी निर्णायक मंडल सदस्यों एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि देश के विकास एवं सामाजिक उत्थान के लिए हर नागरिक को कानूनी रूप से जागरूक होना अति आवश्यक है । जब तक समाज में लोग अपने अधिकारों की बात नहीं करेंगे तब तक अन्याय एवं शोषण का सिलसिला जारी रहेगा। इसलिए शिक्षण संस्थानों का यह प्रथम कर्तव्य है कि वे विद्यार्थियों को विषय के ज्ञान के साथ कानूनी जानकारी मुहैया कराएं, जिसके लिए समय समय पर इस प्रकार गतिविधियों का आयोजन होना चाहिए।

# 29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

### लघु सचिवालय के डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे नामांकन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर नामांकन का कार्य 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन के साथ ही शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर जिला



निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नामांकन सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी शुक्रवार को नामांकन कार्यों के लिए की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा मीटिंग ले रहे थे। मीटिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि नामांकन का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाएगा। इसके लिए सभी नामांकनों की जांच, सिक्योरिटी राशि सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने मीटिंग में निर्देश दिए कि आने वाले प्रत्येक नामांकन की सबसे पहले कोर्ट रूम के बाहर की शुरूआती चेकिंग कर ली जाए। इसके बाद कंप्यूटर पर एलेक्ट्रोल रोल व कंप्यूटर में चेकिंग करें। इस पूरी प्रक्रिया के बाद सिक्योरिटी डिपोजिट करें और इसकी रसीद दें। इसके साथ ही नामांकन एफिडेविट और आवेदन के दूसरे तथ्यों की जांच करें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लघु सचिवालय के 100 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग की जांच करें।

# महेंद्र प्रताप पहले दे चुके हैं कृष्णपाल को शिकस्त

### पहली बार लोस में होंगे दोनों आमने सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बृहस्पतिवार** देर रात कांग्रेस आलाकमान द्वारा घोषणा के बाद सैनिक कॉलोनी स्थित महेंद्र प्रताप सिंह के निवास पर खूब आतिशबाजी हुई। नौ बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके, पांच बार के विधायक, वर्ष 1991 से 1996 तक चौधरी भजनलाल की सरकार में और 2009 से 2014 तक चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार में केबिनेट मंत्री रहे चौधरी महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने फरीदाबााद संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

महेंद्र प्रताप सिंह और कृष्णपाल गुर्जर के बीच यूं तो विधानसभा चुनाव में कई मुकाबले हुए हैं, पर लोकसभा में दोनों के बीच पहली बार भिड़ंत होगी। यह दोनों 20 साल बाद चुनावी रण में आमने सामने



होंगे। इससे पहले 2004 के विधानसभा चुनाव में दोनों के बीच तत्कालीन मेवला महाराजपुर विधानसभा सीट पर मुकाबला हुआ था, जिसमें महेंद्र प्रताप सिंह 63 हजार वोटों के अंतर से विजयी हुए थे। महेंद्र प्रताप सिंह मात्र 21 साल की उम्र में 1966 में अपने गांव नवादा कोह के सरपंच बन गए थे और फिर 1972 में ब्लॉक समिति के लिए चुने गए। वर्ष 1977 में उन्होंने पहली बार मेवला महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ा, पर उन्हें गजराज बहादुर नागर के सामने हार का सामना करना पड़ा। अगले वर्ष 1982 में इसी सीट से महेंद्र प्रताप सिंह ने जीत हासिल की और उसके बाद राजनीतिक जीवन में पीछे मुड़ कर नहीं देखा। अगली बार 1987 में जब चौधरी ताऊ देवीलाल के न्याय युद्ध की आंधी थी, तब भी विधानसभा चुनाव जीतने में सफल रहे थे।

तब राज्य विधानसभा की 90 सीट में से कांग्रेस सिर्फ पांच सीट ही जीत पाई थी और उनमें महेंद्र प्रताप सिंह एक थे। तब चौधरी भजन लाल की पत्नी जसमा देवी भी चुनाव जीत कर विधायक बनीं थी, पर कठिन परिस्थितियों में चुनाव जीतने वाले महेंद्र प्रताप सिंह को कांग्रेस ने विधायक दल का नेता बना कर पुरस्कार भी दिया था। महेंद्र प्रताप सिंह ने फिर 1991 में भी चुनाव जीत कर विजय की हैट्रिक लगाई और तब भजन लाल की सरकार में खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री बने।

महेंद्र प्रताप सिंह भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पुराने प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। 2004 के चुनाव में महेंद्र प्रताप सिंह ने भाजपा के कृष्णपाल गुर्जर को पराजित किया। यह इन दोनों के बीच अंतिम भिड़ंत थी, क्योंकि 2009 के चुनाव से पहले परिसीमन हो गया था और तब मेवला सीट खत्म हो गई थी। तिगांव और बड़खल के नाम से नई सीटें अस्तित्व में आईं। नए परिसीमन के बाद गुर्जर ने तिगांव सीट से चुनाव लड़ा और महेंद्र प्रताप सिंह ने बड़खल से।


## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं


- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं.-9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103





तड़पता आज भी होरी, हैं बूढ़ी काकी भी घर घर
कहे किससे व्यथा हामिद नहीं दिखता कोई रहबर
हुई अब न्याय की उम्मीद बेमानी तो मुंशीजी
अगर होते तो कैसे आज लिखते पंच परमेश्वर

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सोनू कुकरेजा पुत्र बाल किशन कुकरेजा निवासी गांव मवई, फरीदाबाद दिनांक 08.04.2024 को दुकान पर जाने की बोल कर गया था, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, जो बोलने में थोडा हकलाता है, बा उम्र 17 वर्ष है, मुकदमा नम्बर 164 दिनांक 19.04.2024 धारा 365 भा.द.स. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना खेडीपुल, फरीदाबाद : 9582200148**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम : 0129-2227200**
**आई.ओ., ए.एस.आई राजेश : 8700159989**


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा सुरेन्द्र पति मुन्नी निवासी मकान नम्बर 76, गली नम्बर 03ए, इन्द्रा कॉम्पलेक्स, नहर पार, ओल्ड फरीदाबाद दिनांक 27.08.2023 को बिना किसी को बताए अपनी मर्जी से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, एक आँख छोटी व एक आँख बडी है, कद 5 फुट 7 इंच बा उम्र 45 वर्ष है, मुकदमा नम्बर 407 दिनांक 06.09.2023 धारा 365 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना खेडीपुल, फरीदाबाद : 9582200148**
**पुलिस कन्ट्रोल रूम : 0129-2227200, 0129-100**
**आई.ओ., एच.सी. नाहर सिंह थाना खेडीपुल, फरीदाबाद : 9971783492**

## मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनांक 24.04.2024 एक नामपता नामालूम व्यक्ति का शव आगरा कैनाल नहर में ऐतमादपुर पुल के पास बहती हुई मिली है, जिसके शव को शिनाख्त हेतु बी.के. अस्पताल, फरीदाबाद की मोर्चरी में रखवाया गया है, जिसका हुलिया रंग काला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट-पुष्ट शरीर, कद करीब 5 फुट 5 इंच बा उम्र करीब 30 साल है, जिसने गेहरवा रंग की जोकी की बनियान व काले रंग का लोअर और तम्बाकू रंग का कच्छा पहना हुआ है, मुकदमा नम्बर 30 दिनांक 24.04.2024 धारा 174 सी.आर.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालूम व्यक्ति के शव के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

**प्रबन्धक अफसर थाना पल्ला, फरीदाबाद : 9582200139**
**आई.ओ. : 9811637202**

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024



# जिला नागरिक अस्पताल पलवल में विश्व मलेरिया दिवस मनाया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** नागरिक अस्पताल पलवल के सिविल सर्जन डॉक्टर नरेश कुमार गर्ग के दिशा निर्देशन व जिला मलेरिया विभाग के डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर सुरेंद्र आर्य के मार्गदर्शन में मलेरिया दिवस मनाया गया। सिविल सर्जन डॉ नरेश गर्ग ने विश्व मलेरिया दिवस जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि मलेरिया व डेंगू को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए यह सर्वोत्तम अवसर है। मलेरिया एक जीवाणु संक्रमण है, जिसका विकासशील और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। उन्होंने बताया कि इससे स्लम एरिया, गरीब व पिछड़े क्षेत्र ज्यादा प्रभावित होते हैं। उन्होंने बताया कि तेज बुखार, सर्दी व कंपन,सिर दर्द व उल्टियां होना मलेरिया के लक्षण हैं। मलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए हम सभी के लिए प्रतिबद्धता के साथ पूर्णत समर्पित होने का यह अच्छा




अवसर है। मलेरिया विभाग के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुरेंद्र आर्य ने बताया कि जिला पलवल में मलेरिया को खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर मलेरिया की जांच कर रही हैं। अब तक लगभग 75000 घरों में जाकर मलेरिया की जांच की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि मलेरिया से संबंधित 19 घरों में नोटिस भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि मलेरिया को 2030 तक खत्म कर दिया जाएगा तथा भारत को मलेरिया मुक्त बनाया जाएगा। डॉ. सुरेंद्र आर्य ने बताया कि मलेरिया को खत्म करने के लिए सांझा प्रतिबद्धता व योगदान करके तथा स्वच्छता, जल्दी इलाज व प्रभावी संचार द्वारा मलेरिया को रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि अपने-अपने घरों में प्लास्टिक व रबड़ के टूटे-फूटे बर्तन, कूलर, टायर, नारियल के खोल, आदि में पानी एकत्रित न होने दें। कूलर के पानी को हर सप्ताह बदलते रहें, कूलर को सुखाकर व साफ पानी भरकर ही चलाएं, ताकि उसमें मलेरिया व डेंगू के अंडे व लार्वा न पनप सकें और ड्राई डे मनाएं मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ मंजीत कुमार गौतम ने बताया कि जिला मलेरिया अर्बन विभाग की टीमें भी मलेरिया व डेंगू को रोकने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मार्च माह तक 31334 रक्त के नमूने लिए जा चुके हैं।

# एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 400 के पार, दलाल हो रहे मालामाल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शादियों** का सीजन और गर्मियों की छुट्टियां नजदीक आते ही ट्रेनों में भीड़ बढ़ गई है। आनंद विहार और दिल्ली से यूपी-बिहार तथा लंबे रूटों वाली एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट 4000 तक पहुंच गई है। ऐसे में ब्लैक में टिकट बेचने वाले दलाल दोगुनी कीमत वसूल रहे हैं। बस संचालक भी मुंह मांगी रकम वसूल रहे हैं। मंगलवार को ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के रिजर्वेशन काउंटर पर लोगों की भीड़ लगी रही।



शादियों का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में कई लोग छुट्टियां लेकर गांव की ओर जा रहे हैं। जिन लोगों ने 120 दिन पहले टिकट बुक करा लिया था उन्हें राहत है, लेकिन जो लोग किसी कारणवश टिकट नहीं करा पाए उनकी मुसीबत बढ़ गई है। रेलवे आरक्षण केंद्रों पर भीड़ के कारण लोग सुबह छह बजे पहुंच जाते हैं। सेक्टर-24 निवासी रामकुमार ने बताया कि उन्हें परिवार के साथ छपरा जाना है, लेकिन स्पेशल से लेकर एक्सप्रेस ट्रेनों तक में टिकट नहीं मिल पा रहा है। वहीं, सेक्टर-16 निवासी सुबोध चक्रवर्ती ने बताया कि उन्हें कोलकाता जाना है, टिकट नहीं मिलने के कारण परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा बुरे हालात लंबे रूटों की ट्रेनों में हैं। स्लीपर क्लास की हालत जनरल डिब्बे जैसी हो गई है। वैशाली एक्सप्रेस (12554) स्लीपर क्लास में 363 वेटिंग है, इसके थर्ड एसी में 150 से ज्यादा की वेटिंग है। स्वतंत्रता सेनानी (12562) में 258, नई दिल्ली दरभंगा स्पेशल ट्रेन (02570) में 265, पूर्वीया एक्सप्रेस (15280) में 150 सहित अन्य यूपी-बिहार की ट्रेनों में स्लीपर क्लास के अलावा प्रथम द्वितीय और तृतीय कोच में 20 से 80 के बीच वेटिंग चल रही है।

**टिकट एजेंट हो रहे मालामाल, नकली आईडी से बेच रहे टिकट**

शहर के विभिन्न हिस्सों में टिकट के दलाल विराजमान हैं। यह चार महीने पहले ही स्लीपर और एसी कोच में टिकट बुक करा लेते हैं। फिर उसे दोगुने दाम पर बेचते हैं। कई सेक्टर में दुकान खोलकर बैठे दलाल 1000 रुपये के टिकट का 2000 रुपये वसूल रहे हैं। शहर के अन्य हिस्सों में भी दलाल सक्रिय हैं। तत्काल के टिकटों पर एजेंट मनमाने दाम वसूल रहे हैं। टिकट की मारामारी के बावजूद रेल प्रशासन और आरपीएफ की ओर से दलालों पर शिकंजा कसने के लिए कोई कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है।

-----------

दलालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, इसे लेकर समय-समय पर अभियान चलाया जाता है। लोगों की सूचना के बाद छापा भी मारा जाता है।

**उत्तम तोमर, आरपीएफ थाना प्रभारी**

# कार कंपनी में 29 लाख का गबन

## कैशियर ने ग्राहकों से मिला कैश हड़पा, रिफंड की फाइल आने पर खुला भेद

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**कैशियर** ने कंपनी के खातों में गबन कर 29 लाख रुपए हड़प लिए। आरोप है कि जो कैश आता, कैशियर उसकी रसीद काटने या एंट्री किए बिना ही उसे जेब में डाल लेता था। जब इसकी जानकारी हुई तो कंपनी के सीईओ को हुई तो जांच करने पर पता चला की वह अब तक 28 लाख 48 हजार रुपए का गबन कर चुका है। कैंप थाना पुलिस ने सीईओ की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, तायल इंडिया मोटर्स लिमिटेड फरीदाबाद कंपनी के हेड ऑफिस में सीईओ के पद पर तैनात संजीव रतना ने बताया कि उनकी कंपनी मारुति सुजुकी पैसेंजर कार की डीलर है। उनकी एक ब्रांच पलवल में आदर्श कॉलोनी में है, जहां नेक्सा की गाडियों को खरीदा व बेचा जाता है। पलवल में ब्रांच मैनेजर जितेंद्र मारवा बतौर जनरल मैनेजर कार्यरत है।

शिकायत में कहा है कि सात जनवरी को एक ग्राहक कि रिफंड के लिए फाइल हेड ऑफिस फरीदाबाद आई तो सीनियर अकाउंटेंट ज्ञानरंजन साहू ने बताया कि उस फाइल कि रसीदें मैच नहीं खा रही है। इस पर उसने पलवल कार्यालय में तैनात कैशियर लुलवाड़ी गांव निवासी रोहताश से बात की। वहां पर रोहताश का कार्य कैश रिसीव करना, रसीदें काटना, बैंक में कैश जमा कराना था और अकांउट का भी सारा काम देखता था।

कंपनी ने रोहताश को फरीदाबाद बुलाकर पूरे रिकॉर्ड का ऑडिट कराया तो पता चला कि रोहताश ने अब तक 28 लाख 84 हजार 035 रुपये का गबन किया है। रोहताश सितंबर 2021 से पलवल ब्रांच में बतौर कैशियर कार्यरत था। वह कैश रिसीव करता था, लेकिन डे-बुक में एंट्री नहीं करता था और न ही कोई रसीद काटता था। कैश को घर ले जाता था, फर्जी रसीदें बनाता था, रसीद काटने के बाद जब गाड़ी डिलीवरी हो जाती थी तो रसीद केंसिल कर देता था।

# संक्षिप्त समाचार

## वर्कशॉप से लाखों की चोरी कर तोड़े सीसीटीवी कैमरे



**पलवल।** बीती रात एक वर्कशॉप पर धाव बोलकर चोर लाखों रुपए का कीमती सामान चोरी कर ले गए। चोरों ने वर्कशॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे के तारों को काट दिया, ताकि रिकॉर्डिंग न हो सके। कैंप थाना पुलिस ने वर्कशॉप के इंचार्ज की शिकायत पर केस दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी दिनेश कुमार के अनुसार, अतरचटा गांव निवासी सोनू राम ने थाने में दी शिकायत में बताया कि वह असावटा रोड़ स्थित डीएच इंजीनियरिंग सोलुशन वर्कशॉप में बतौर इंचार्ज कार्यरत है। बीती रात अज्ञात चोर वर्कशॉप से करीब 13 लाख रुपये के सामान को चोरी करके ले गए। जिसमें मुख्य रुप से गेयर बॉक्स, मोटर, मैन होटल, वाल बाल्ब, हाईप्रेसर वाल बल्ब व हाईप्रेसर मैन हाल सहित अन्य लाखों का सामान शामिल है। सोनू ने पुलिस को बताया कि उनके वर्कशॉप इससे पूर्व भी 12 जुलाई 2023 की रात को चोरों ने वर्कशॉप से करीब छह लाख रुपए के सामान को चोरी कर लिया था। जिसके संबंध में कैंप थाने में मुकदमा दर्ज है।

## युवती की हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंका

**फरीदाबाद।** कंपनी से घर जा रही नवविवाहिता का शव बल्लभगढ़ के फ्लाईओवर के पास रेलवे लाइन पर मिला। प्राथमिक जांच में नवविवाहिता के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। आशंका है कि युवती की हत्या कर शव रेलवे लाइन पर फेंक दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। नवविवाहिता जुड़वां बहने थीं और दोनों की शादी मई 2022 में एक ही घर में हुई थी। जीआरपी ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मथुरा के जटवारी शेरगढ़ निवासी राजबीर सिंह ने बताया कि करीब 14 साल से सुभाष कॉलोनी में किराये के मकान में रह रहे हैं। वह एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बड़ी बेटी काजल व 20 साल की छोटी बेटी चंचल की शादी पलवल के कलवाका गांव में तीन मई 2022 को एक ही घर में की थी। शादी के दो-तीन महीने बाद ही चंचल की उसके पति से अनबन शुरू हो गई, जिसके बाद से वह मायके में रह रही है। कुछ समय के बाद उसकी दूसरी बेटी काजल की भी पति से अनबन हो गई। दोनों करीब एक साल से उनके पास रह रही हैं। डेढ़ महीने से दोनों बेटियां काजल व चंचल एक कंपनी में हेल्पर की नौकरी कर रही हैं। सुबह 7.30 बजे दोनों घर से कंपनी के लिए गई थीं। शाम को काजल घर पर आ गई थी, लेकिन चंचल नहीं आई। काजल ने उनको बताया कि चंचल बैग लेकर फरीदाबाद मौसी के घर गई है। सुबह वहीं से ड्यूटी के लिए आ जाएगी। पुलिस को युवती के बैग से आधार कार्ड मिला। इसके बाद पुलिस ने सुबह परिजनों को बताया कि एक युवती का शव जीटी रोड रेलवे फ्लाईओवर के निकट रेलवे स्टेशन पर पड़ा हुआ है। पिता राजबीर सिंह रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। पिता ने शव की पहचान कर ली। शव पर जगह-जगह धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि चंचल की हत्या कर सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को रेलवे लाइन पर फेंका गया। जीआरपी एसएचओ राजपाल सिंह ने बताया कि अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

## झूठे केस में फंसाने की धमकी दे एजेंट से ठगे 28 लाख

**फरीदाबाद।** दुष्कर्म के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर बैंक एजेंट से 28 लाख रुपये ऐंठ लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक महिला व उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सेक्टर-84 निवासी बैंक एजेंट ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जनवरी 2022 में सोशल मीडिया पर उसकी जान पहचान नेहा नाम की महिला से हुई। महिला ने उस समय तसवी के नाम से आईडी बना रखी थी। इंटरनेट पर बातचीत के दौरान महिला ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। आरोप है कि इसके बाद से नेहा ने बैंक एजेंट से मिलने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। कुछ माह बाद दोनों गाजियाबाद के महागुन मेट्रो माल में मिले। इसके बाद नेहा ने उससे छह हजार रुपये मांगे। दोनों कई बार बाहर घूमने भी गए। आरोप है कि नेहा ने अपनी मां के कैंसर के इलाज के लिए बैंक एजेंट से ढाई लाख रुपये मांगे। मना करने पर नेहा ने अपने हाथ की नस काटकर फोटो भेज दिए। महिला ने उसे डराया कि पैसे नहीं मिले तो वह आत्महत्या कर लेगी। वह पुलिस केस में फंस जाएगा। बैंक एजेंट ने नेहा के खाते में डेढ़ लाख रुपये जमा करा दिए। कुछ दिन तक शांत रहने के बाद महिला के फोन से सुधांशु जग्गी नाम के युवक ने फोन किया। जग्गी ने कहा कि तुमने नेहा के साथ गलत काम किया है। तुम्हारे खिलाफ केस दर्ज करवाया जा रहा है। बचना चाहते हो तो एक लाख रुपये दे दो। पीड़ित ने आरोपी के बताए खाते में 96 हजार रुपये दे दिए। धीरे-धीरे कर आरोपी बैंक एजेंट से करीब 28 लाख रुपये ऐंठ चुके हैं। परेशान होकर उसने पुलिस को मामले की शिकायत दी। थाना बीपीटीपी प्रभारी श्री भगवान ने बताया कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

## चाचा के इंतजार में खड़े युवक की हादसे में मौत

**पलवल।** रनसीका-हथीन मार्ग पर हुचपुरी गांव के निकट ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक के पास खड़े युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। हथीन थाना प्रभारी छत्रपाल के अनुसार, रनसीका गांव निवासी जमील ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने भतीजे सोहिल के साथ किसी घरेलू कार्य से बाइक पर सवार होकर अपने रनसीका गांव से हथीन शहर जा रहा था। लेकिन जब उसकी बाइक हूचपुरी गांव के निकट पहुंची तो उसने बाइक को सडक किनारे रोक दिया और खेत में शौच करके लिए चला गया। उसका भतीजा सोहिल बाइक के पास ही खड़ा हो गया। उसने बताया कि इसी दौरान हथीन की तरफ से एक ट्रैक्टर चालक अपने ट्रैक्टर को तेज गति से चलाता हुआ आया और उसके बाइक के पास सडक किनारे खड़े उसके भतीजे सोहिल को सीधी टक्कर मार दी। जिससे उसका भतीजा सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वह खेत से दौड़कर आया और अपने घायल भतीजे सोहिल को तुरंत इलाज के लिए पलवल के एक निजी अस्पताल में पहुंचा, जहां उपचार के दौरान सोहिल की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर ट्रैक्टर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमॉर्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप कर ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस कमिश्नर ने बचाई युवक की जान

**फरीदाबाद।** सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़े मिले घायल व्यक्ति को फरीदाबाद के पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस कमिश्नर नाइट गश्त पर थे और आवास पर लौटते हुए उनकी नजर हादसा ग्रस्त व्यक्ति पर पड़ी थी। उसे इलाज के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस कमिश्नर की गाड़ी को एस्कॉर्ट कर रहे कमांडो सुनील ने बताया की बीती रात फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर राकेश आर्य रात को लगभग 11.30 बजे दिल्ली की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे नंबर 19 से होते हुए सेक्टर 21 अपने निवास पर जा रहे थे। उनकी एस्कॉर्ट गाड़ी में इंचार्ज हवलदार राजेश, ड्राइवर राहुल, सुनील कमांडो व संदीप कमांडो थे। जैसे ही उनकी गाड़ी ओल्ड फरीदाबाद रेड लाइट के पास पहुंची तो सड़क पर एक रॉयल इनफील्ड मोटरसाइकिल पड़ी थी। साथ में एक युवक सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा था। लोगों की भीड़ लगी थी, लेकिन वे बस तमाशा देख रहे थे।उन्होंने अपनी एस्कॉर्ट पायलट गाड़ी रोक दी। गाड़ी के रुकते ही कमिश्नर भी नीचे उतर गए। उन्होंने घायल युवक को देखते ही आदेश दिए की तुरंत इसे किसी नजदीकी अस्पताल में ले जाकर भर्ती करवाएं। इसके बाद वह घायल को फरीदाबाद के बादशाह खान सिविल अस्पताल में लेकर पहुंचे। वहां पर मौजूद डॉक्टर हितेश नरवाल ने घायल युवक को प्राथमिक इलाज दिया और उसे आपातकालीन वार्ड में इलाज के लिए दाखिल कर लिया। सुनील ने बताया की घायल व्यक्ति का नाम सुनील तिवारी था। पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य ने बताया कि समय से अस्पताल पहुंचने के चलते युवक सुनील की जान बच पाई। यदि और देर हो जाती तो शायद अधिक खून बहने के चलते मौत भी हो सकती थी।

# एसएनडी पब्लिक स्कूल के 20 से अधिक छात्र जेईई में उत्तीर्ण

## स्कूल प्रबंधन ने सभी उत्तीण छात्रों को दी बधाई व शुभकामनाएं

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जेईई** मेंस की परीक्षा का परिणाम आते ही एसएनडी पब्लिक स्कूल पलवल के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। एसएनडी पब्लिक स्कूल पलवल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिनमें हर्षित 99.91 परसेंटाइल (एयर 1473), अभय 99.57 (एयर 6864) यश 99.45 परसेंटाइल (एयर 1927 ओबीसी), गुरप्रीत 98.83 परसेंटाइल (एयर 464 एससी) व दिव्या (एयर 5473 एससी) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल के 20 बच्चों ने जेईई मेंस की परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। एसएनडी पब्लिक स्कूल के छात्र प्रतिवर्ष अपनी प्रतिभा का लोहा मानवते आ रहे हैं तथा प्रतिवर्ष जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करते रहे हैं। चाहे जेईई मेंस हो अथवा जेईई एडवांस अथवा नीट की परीक्षा या एनडीए की परीक्षा, पलवल का नाम हमेशा रोशन करने में एसएनडी पब्लिक स्कूल सबसे आगे रहा है। स्कूल के छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल के सचिव रघुराज डगर का कहना है कि यह उपलब्धि स्कूल के छात्रों, अभिभावक व अध्यापकों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। स्कूल के छात्रों को स्कूल संचालक ने पूरे हर्षोल्लास के साथ सम्मानित किया।



# पौधा भेंट कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**खुशी** हो या गम-आओ पेड़ लगाएं हम अभियान के अंतर्गत पेड़ लगाओ- पेड़ बचाओ का संदेश दिया गया। मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा वार्ड नंबर सात निवासी बघेल समाज विकास समिति के पूर्व प्रधान कुंवरपाल के पिताजी स्वर्गीय दीपचंद की शोक सभा में बरगद पौधा भेंट कर अपनों की स्मृति में पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। परिजनों ने इसके रोपण तथा संरक्षण का संकल्प लेते हुए कहा कि हम सभी को अपनों की याद में पौधारोपण जैसा पुण्यदायक कार्य अवश्य करना चाहिए। संस्था संयोजक डॉक्टर आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक प्रकृति के उपहारों जल, हवा, फल- फूल, लकड़ी आदि का उपभोग करता है। प्रकृति सदैव हमें बिन मांगे सबकुछ देती रहती है। हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम हर अवसर पर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास करें। अपनों की स्मृति में पौधारोपण तथा वृक्ष बनने तक इसकी देखभाल करें। इन महान वृक्षों से छोटे- बड़े सभी जीवों का जीवन तथा इनका स्नेह सदैव हम सब पर बना रहता है। इस अवसर पर अनेक संस्था पदाधिकारी मौजूद थे।

# जेई मेंस के परिणाम में जीवन ज्योति स्कूल ने किया बेहतर प्रदर्शन

**पलवल।** एनटीए द्वारा जेई मेंस के घोषित परीक्षा परिणाम में जीवन ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल पलवल के छात्रों ने बार फिर इतिहास रच अपना परचम लहराया है। जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रबंधक विरेंद्र गहलौत ने बताया कि जीवन ज्योति स्कूल पलवल में संकल्प कक्षाओं में पढ रहे 14 छात्रों में से 10 छात्रों ने जेई एडवांस के लिए क्वालिफाई कर स्कूल का नाम जिला पलवल में रोशन किया है। स्कूल के छात्र रूद्र 99.62 परसेंटाइल श्लोक 99.28 परसेंटाईल कैलाश ने 99.21 परसेंटाईल दुर्गेश 99.04 परसेंटाईल पीयूष ने 97.35 परसेंटाईल चरित अग्रवाल 96.73 परसेंटाईल सुमित 95.21 परसेंटाईल तथा इशिका ने 94.73 परसेंटाईल प्राप्त कर स्कूल का नाम में रोशन किया है। प्रबंधक ने सभी क्वालिफाई छात्रों उनके अभिभावकों तथा अपनी संकल्प टीम के अध्यापकों एवं समस्त स्टाफ को इसकी बधाई दी।

# कचरा प्रबंधन नहीं करने पर दो रेस्त्रां पर 50 हजार का जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सेक्टर**-16 स्थित ओम स्वीट्स और सागर रत्ना रेस्त्रां द्वारा ठोस कचरा प्रबंधन नहीं करने पर नगर निगम ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना ठोका है।

साथ ही हिदायत दी कि दोबारा लापरवाही मिलने पर दोगुना जुर्माने के साथ सीलिंग की कार्रवाई भी की जा सकती है। नगर निगम की ओर से पिछले सप्ताह कचरे का बल्क वेस्ट जनरेटर निष्पादन नहीं करने पर वाणिज्यिक इकाइयों को नोटिस जारी किए थे। इसके बावजूद होटल और रेस्तंरा संचालकों ने कोई सबक नहीं लिया। सेक्टर-16 स्थित ओम स्वीट्स और सागर रत्ना रेस्त्रां के खिलाफ भी निगम को लगातार शिकायतें मिल रही थी कि यहां बड़ी मात्रा में निकलने वाले कचरे का निष्पादन करने की बजाय खुले में फेंक दिया जाता है। शिकायत के आधार पर नगर निगम की ओर से स्वच्छता शाखा की टीम को जांच के आदेश दिए गए।

इस टीम में सहायक अभियंता सुरेंद्र खट्टर, कनिष्ठ अभियंता हर्ष कुमार, महेश कुमार, अजायब सिंह, अरुण ढाका शामिल रहे। टीम ने बृहस्पतिवार शाम दोनों रेस्त्रां पर छापा मारा। टीम के अनुसार जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाया गया। टीम ने नियमों की अवहेलना करने पर दोनों रेस्त्रां पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। सहायक अभियंता सुरेंद्र खट्टर ने बताया कि वे अपनी टीम के साथ प्रतिदिन अलग-अलग जोनों में स्थित बल्क वेस्ट निकालने वाले संस्थान, होटल व रेस्त्रां आदि की जांच कर रहे है।

जांच के दौरान नियमों की पालना सुनिश्चित नहीं पाए जाने पर संबंधित का चालान किया जा रहा है। साथ ही कचरा प्रबंधन के निर्देश भी दिए जा रहे हैं। इस दौरान इनेक हिदायतें दी गईं।

**कचरे के निस्तारण से बंधवाड़ी का कचरा खत्म होगा**

**नगर निगम** आयुक्त ए मोना श्रीनिवास ने कहा कि बार-बार बड़ी मात्रा में वेस्ट जनरेटरों के मालिकों से अपील की जा रही है कि नियम के तहत अपने कचरे का निस्तारण अपने ही परिसर में करने की व्यवस्था करें। इससे शहर के कचरा प्रबंधन में मदद मिलेगी और बंधवाड़ी में कचरे को खत्म करने में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि एक अनुमान के अनुसार औसतन 50 से 55 प्रतिशत कचरा बल्क वेस्ट जनरेटरों का होता है। सरकार द्वारा लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियम 2016 में यह स्पष्ट किया गया है कि प्रतिदिन 50 किलोग्राम या इससे अधिक कचरा उत्पादकों को अपने कचरे का निष्पादन स्वयं करना जरूरी है। इसके लिए गीले, सूखे व हानिकारक कचरे को अलग-अलग किया जाए। नियमों की अवहेलना करने पर जुर्माने का प्रावधान है।

# सगाई समारोह से लौट रहे युवक की हादसे में मौत

**पलवल।** नेशनल हाईवे पर सराय गांव के फ्लाईओवर के निकट कार की टक्कर से ऑटो में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस ने घायल की शिकायत पर कार के कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया। मुंडकटी थाना प्रभारी सुंदरपाल के अनुसार, जिला फरीदाबाद के सीकरी गांव निवासी देवेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि वह अपने साथियों के साथ शादी-पार्टी में हलवाई का काम करता है। जिला पलवल के हसनपुर कस्बे में एक सगाई कार्यक्रम में उनकी बुकिंग थी।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पायलेट रिहर्सल का आयोजन

## पीठासीन अधिकारियों को दी गई ईवीएम से संबंधित ट्रेनिंग, दो दिन तक दी जाएगी ट्रेनिंग

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नेहा सिंह के दिशा-निर्देशन में लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर प्रथम चरण की पायलेट रिहर्सल स्थानीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई। दो दिन चलने वाली पायलेट रिहर्सल में दो सत्रों में ईवीएम, वीवीपैट तथा चुनाव संबंधी बारीकियों को विस्तारपूर्वक समझाया गया। पहले दिन पीठासीन अधिकारियों तथा दूसरे दिन की ट्रेनिंग में सहायक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। चुनाव ड्यूटी में तैनात पीठासीन अधिकारियों को पलवल के एसडीएम नरेंद्र कुमार, हथीन के एसडीएम संदीप अग्रवाल, होडल के एसडीएम रणवीर सिंह व मुख्य जिला परिषद अधिकारी जितेंद्र कुमार ने पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के इस्तेमाल के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने पीठासीन अधिकारियों से कहा कि वे भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी इन्फोर्मेशन हैंडबुक को ध्यान से पढ़ लें। जिला में निष्पक्ष, स्वतंत्र और पारदर्शिता के साथ



मतदान प्रक्रिया पूर्ण करवाने के लिए पोलिंग पार्टियों को संवेदनशीलता व गंभीरता के साथ ड्यूटी करनी है। इस अवसर पर सीटीएम अप्रतिम सिंह, डीआरओ बलराज सिंह भी मौजूद रहे। मास्टर ट्रेनर प्रेम सिंह ने मौके पर उपस्थित सभी पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम तथा वीवीपैट के बारे में संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए सुबह और शाम के सत्र में पीठासीन अधिकारियों की रिहर्सल का आयोजन किया गया है। यह ट्रेनिंग आगे भी सुबह और शाम को दोनो सत्रों में दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया व चुनावों से संबंधित अन्य कार्यों को निर्धारित नियमावली के तहत समय सारिणी के अनुरूप पूरा करवाने के लिए पहला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से सेशन वाइज सभी पीठासीन अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ ईवीएम व वीवीपैट की हैंडलिंग के लिए तकनीकी रूप से भी कुशल बनाया गया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर वोटिंग करवाने के लिए पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारी व पोलिंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन अधिकारियों को बैच के अनुसार ट्रेनिंग दी जा रही है।

नगर निगम के अतिरिक्त निगमायुक्त की दो टूक...

# आरडब्ल्यूए से संतुष्टि पत्र नहीं तो इंजीनियर्स को वेतन नहीं

अतिरिक्त निगमायुक्त ने सेक्टर-38 के नागरिकों के साथ बैठक में कही यह बात

समस्या का समाधान करने में नहीं हो कोई लापरवाही

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** निगम के अधीन सेक्टर्स से संबंधित कार्यकारी अभियंता, सहायक अभियंता व कनिष्ठ अभियंता का वेतन तब तक जारी नहीं किया जाएगा, जब तक आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि अपना संतुष्टि-पत्र नहीं देंगे। शुक्रवार को नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने ये आदेश जारी किए। वे अपने कार्यालय में सेक्टर-38 के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करके उनकी शिकायतों व समस्याओं को सुन रहे थे।

उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे सभी समस्याओं का समाधान तुरंत करवाएं, अन्यथा अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। डा. सिंह ने आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि अगले सप्ताह सेक्टर की समस्याओं का समाधान करने संबंधी कार्य शुरू हो जाएंगे।


अपने कार्यालय में सेक्टर-38 के आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों के साथ बैठक करते नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सडक़ों के निर्माण से संबंधित टेंडर नहीं होता है, तब तक उन्हें मोटरेबल करने का कार्य करें। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने बताया कि पेयजल लाईन डालने के बाद सड़क को सही नहीं करने के कारण समस्या आई है, जिसका जल्द समाधान किया जाना चाहिए।

बैठक में पेयजल आपूर्ति सही करवाने, लीकेज होने पर तुरंत ठीक करवाने, मेन पेयजल लाईन से अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई करने, सीवरेज मैनहोल की जेटिंग मशीन से सफाई करवाने, सामुदायिक केंद्र की मरम्मत करवाने तथा आरडब्ल्यूए को रखरखाव शुल्क जारी करने, हॉर्टिकल्चर वेस्ट निष्पादन के लिए टेंडर उपलब्ध करवाने तथा ब्लैक स्पॉट स्थानों पर स्ट्रीट लाइट लगाने संबंधी कार्य सोमवार से शुरू करवाने के निर्देश अतिरिक्त निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर कोई एजेंसी काम नहीं कर रही है, तो उस पर पब्लिक न्यूसेंस संबंधी एफआईआर दर्ज करवाएं तथा ब्लैक लिस्ट करने की भी कार्रवाई करें।

बैठक के बाद आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने कहा कि बैठक काफी सकारात्मक रही। उन्हें आशा है कि सेक्टर की समस्याओं का समाधान कार्य अगले सप्ताह से शुरू हो जाएगा। अतिरिक्त निगमायुक्त द्वारा मौके पर ही अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त विजय यादव, चीफ इंजीनियर विशाल बंसल व मनोज यादव सहित सहायक अभियंता वसीम अकरम व आशीष हुड्डा उपस्थित थे।

# शिक्षा विभाग के नियमों को पूरा करने में निजी स्कूल संचालक लगा है जोर

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शिक्षा** विभाग के सख्त रैवया से गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में हडकंप मचा हुआ है। इतना ही नहीं मान्यता प्राप्त स्कूल संचालक भी शिक्षा विभाग के निमयों को कुछ हद तक पूरा करने में ऐढ़ी-चोरी का जोर लगा रहे है। कनीना में हुई स्कूल बस की घटना से सबक लेने के बाद प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए शक्ति के आदेशों की पालना करने में जहां जिला स्तरीय प्रशासन हरकत में आ गया है। जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और टैऊफिक पुलिस की सख्त हो जाने से मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों ने जहां नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई करना शुरु कर दिया है।

वहीं गैरमान्यता प्राप्त स्कूल संचालको की भी रातों की नींद व दिन का चैन छीन गया है। करीब एक सप्ताह पहले मान्यता प्राप्त स्कूलों में लगे वाहनों की जांच कराई गई थी। निजी स्कूल वाहनों में भारी खामियां मिली और जिसका परिणाम निजी स्कूलों पर जुर्माना भी लगाया था। शिक्षा विभाग के इस रवैया से जहां मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों के पसीना छूट रहे है। इनके साथ-साथ गैरमान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों में हडकंप है।

**गली-मौहल्लों के रिहायशी मकानों में खुले स्कूल** : शहर में करीब दो दर्जन निजी और गैरमान्यता प्राप्त स्कूल तंग गलियों से लेकर गली-मौहल्ले और रिहायशी मकानों में निजी स्कूल चल रहे है। जिनका शिक्षा विभाग और प्रशासन का कोई ध्यान तक नही जा रहा है। इन निजी स्कूलों में शिक्षा विभाग के नियमों पालना पूरी नहीं हो रही है। इतना ही नही निजी स्कूल संचालकों को तो शिक्षा विभाग के नियमों तक अज्ञान है।

**निजी वाहनों का उपयोग** : गैर मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को कॉमर्शियल की बजाय निजी वाहनों में लाया व ले छोड़ा जाता है। 70 फीसदी निजी वाहन संचालकों के पास हैवी लाइसेंस तक नहीं है। अधिक कमाई की लालच में निजी वाहन मालिक अधिक गति से वाहनों को दौड़ाते है। जिससे इन में वाहनों में सवार होने वाले अबोध विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर हैं।

**क्या कहते हैं अभिभावक**: अभिभावक गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों पर प्रशासन शिकंजा कसे। सरोज का कहना है कि बच्चा से वाहना का पूरा किराया वसूलते है। लेकिन सुविधा के नाम पर जीरो है। वाहन चालक क्षमता से अधिक विद्यार्थियों को बैठाते है। जिससे इनमें सफर करने वाले मासूम विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## पिता की याद में स्कूल में लगवाया वाटर कूलर


सीआर मॉडल पब्लिक स्कूल में वाटर कूलर लगाने के दौरान मौजूद अतिथि।

**गुरुग्राम।** सर छोटूराम एजुकेशनल एवं कल्चरल सोसाइटी झाड़सा सेक्टर-32 के सह -सचिव मनोज कुमार खांडसा ने अपने पिता स्वर्गीय ओमप्रकाश अंजना की पुण्यतिथि पर उनकी स्मृति में सीआर मॉडल पब्लिक स्कूल में वॉटर कूलर लगवाया। जिसका शुभारंभ सर छोटूराम एजुकेशनल एवं कल्चरल सोसाइटी के पूर्व प्रधान श्याम सिंह ने किया। इस अवसर पर सोसाइटी के प्रधान राजबीर सिंह ठाकरान, संयुक्त किसान मोर्चा गुरुग्राम के अध्यक्ष एवं जिला बार एसोसिएशन गुरुग्राम के पूर्व प्रधान संतोख सिंह, नंबरदार जयसिंह ठाकरान, छोटूराम सोसाइटी के महासचिव के.के. श्योकंद, सी.आर. मॉडल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेन्द्र सिंह डबास, कमल पहलवान गढ़ौली, भूपसिंह कटारिया, औम प्रकाश ठाकरान, नरेन्द्र सिंह, हीरालाल नंबरदार, सोसाइटी के कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, जसबीर ठाकरान तथा गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## शिकोहपुर गांव के तालाब की सफाई करेंगे स्वयंसेवक


गांव शिकोहपुर में तालाब की सफाई के कार्य का शुभारंभ करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** पॉन्डमैन ऑफ इंडिया रामवीर तंवर ने कोका-कोला इंडिया के कर्मचारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ शुक्रवार को शिकोहपुर गांव में एक तालाब को डिसिल्ट करने गाद निकालने की साझेदारी की है। उन्होंने आसपास के क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे भी लगाए। पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किये जा रहे इस संयुक्त प्रयास का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक इकोसिस्टम को लाभांवित करना है। यह समुदाय के नेतृत्व वाले पर्यावरणीय प्रबंधन का एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता की कमी से बढ़ते हैं मलेरिया केस

**गुरुग्राम।** जलवायु परिवर्तन, बरसात के मौसम में अनुचित जल निकासी व्यवस्था और ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में कॉलोनियों और बिल्डिंग में स्वच्छता की कमी जैसे कई ऐसे फैक्टर हैं, जो मलेरिया के केसों को साल दर साल बढ़ा रहे हैं। मलेरिया के लक्षणों में बुखार, ठंड लगना, पसीना आना, थकान, मतली और शरीर में दर्द होना शामिल हैं। पारस अस्पताल में इंटरनल मेडिसिन के सीनियर कंसल्टेंट एवं एचओडी डा. आर.आर. दत्ता का कहना है कि मलेरिया के गंभीर केस में ऑर्गन फेलियर या कोमा जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। अगर आप मलेरिया-एंडेमिक क्षेत्र में जाने के बाद इन लक्षणों का अनुभव करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से कंसल्ट करें। मलेरिया से बचने के लिए इंसेक्ट रिपेलेंट्स (कीट विकर्षक) का उपयोग करें, मच्छरदानी के नीचे सोएं, सुरक्षात्मक कपड़े पहनें और इनडोर स्प्रे भी करें। अगर मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में जा रहे हैं तो निर्धारित एंटी मलेरिया दवाएं लें। इकट्ठे हुए पानी को हटा दें। बीमारी के खतरे को कम करने के लिए स्थानीय जोखिमों के बारे में जानकारी रखें।

## नवकल्प फाउंडेशन ने शहर में लगाए दाना पानी नेस्ट


गुरुग्राम में पक्षियों के लिए दाना-पानी नेस्ट लगाते नवकल्प फाउंडेशन के सदस्य एवं शहर के लोग।

**गुरुग्राम।** स्वास्थ्य, पर्यावरण, जलवायु, शिक्षा, पोषण और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले नवकल्प फाउंडेशन की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी गर्मी का मौसम शुरू होते ही बेजुबान पशु पक्षियों के लिए दाना-पानी घोंसला अभियान की शुरूआत कर दी गई है। भगवान महावीर जयंती और पृथ्वी दिवस से ही नवकल्प फाउंडेशन ने पक्षियों के लिए दाना-पानी नेस्ट लगाने का अभियान की विधिवत शुरुआत कर दी है। इस वर्ष अभी तक आठ स्थानों पर पक्षियों के लिए दाना-पानी घोंसले लगाए गए हैं। पालम विहार स्थित ब्लॉसम्स स्कूल में प्रिंसीपल वंदना खन्ना, नवकल्प फाउंडेशन के दाना पानी नेस्ट अभियान की संयोजक मीनाक्षी सक्सेना, स्कूल की एजुकेशन को-ऑर्डिनेटर नुपुर श्रीवास्तव की उपस्थित में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को जागरूक किया गया। इस दौरान नवकल्प की टीम से मीनाक्षी सक्सेना ने अपने विचारों से आमजन व स्कूल में बच्चों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पर्यावरण गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा ने कहा कि नवकल्प फाउंडेशन का जीव-जंतुओं का जीवन बचाने के लिए जो मुहिम कई साल से चलाई जा रही है, वह काबिले तारीफ है। इसके लिए उन्होंने फाउंडेशन के संस्थापक अनिल आर्य एवं महासचिव डॉ. सुनील आर्य व टीम को शुभकामनाएं दीं। समाजसेवी सत्येंद्र शर्मा ने कहा कि मानव की शान्ति/समृद्धि के लिए पर्यावरण संवर्धन की ऐसी एक्टिविटी होनी जरूरी हैं। कार्यक्रम में राम सिंह राघव, विकास, संतोष शर्मा तथा अनेक गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। नवकल्प फाउंडेशन के संस्थापक अनिल आर्य के मार्गदर्शन में सेक्टर-9 स्थित विवेकानंद पार्क में भी पेड़ पर पक्षियों के लिए दाना-पानी और घोंसला अभियान शुरू कर दिया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बेजुबान अपने लिए बड़े स्तर पर सुविधाएं नहीं जुटा सकते। भयंकर गर्मी के बीच उनका जीवन खतरे में पड़ जाता है।

## लू से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी



**गुरुग्राम।** गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाडिय़ों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। जिला आपदा एवं प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी की पालना करें और लू से बचे रहें। लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें, गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रीहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें।

# सफाई, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व टूटी सड़कों का त्वरित करें सुधार : ए. मोना श्रीनिवास


गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेती गुरुग्राम, फरीदाबाद की निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास।

निगमायुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम एवं फरीदाबाद की आयुक्त ए. मोना श्रीनिवास ने शुक्रवार को गुरुग्राम निगम कार्यालय में पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सफाई, पेयजल आपूर्ति, सीवरेज व टूटी सड़कों से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

बैठक में सफाई व्यवस्था के बारे में संयुक्त आयुक्त (स्वच्छ भारत मिशन) ने बताया कि फिलहाल शहर में घर-घर से कचरा उठाने का कार्य संबंधित एजेंसी द्वारा सही ढंग से नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण जगह-जगह कचरा संवेदनशील स्थान बन गए हैं। सेकेंडरी कलेक्शन प्वाइंटों से भी कचरा उठान नहीं होने के कारण वहां पर भी क्षमता से अधिक कचरा जमा हो गया है। गुरुग्राम निगम क्षेत्र में प्रतिदिन 1200 टन कचरा निकलता है तथा नियमित उठान ना होने कारण शहर में काफी समस्या आ रही है।

निगमायुक्त ने कहा कि सफाई हमारी प्राथमिकता है तथा हमें मौजूदा संसाधनों का उपयोग करके शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने-अपने आवंटित क्षेत्रों में विशेष ड्राईव चलाकर मुख्य सडक़ों व सार्वजनिक स्थानों से कचरा उठान सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार, सेकेंडरी कलेक्शन प्वाईंटों से भी बंधवाड़ी प्लांट तक मिशन मोड़ में कचरा पहुंचाएं, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में स्थित बल्क वेस्ट जनरेटरों पर भी प्रभावी कार्रवाई करें। बल्क वेस्ट जनरेटरों को उनके यहां प्रतिदिन निकलने वाले कचरे को खुद ही निष्पादन करना अनिवार्य है। अधिकारी बल्क वेस्ट जनरेटरों को नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें तथा अगर कोई नहीं करता है, तो उस पर कार्रवाई करें।

कचरे में आग लगने की घटनाओं के बारे में निगमायुक्त ने कहा कि आग की घटनाओं पर अंकुश लगाएं तथा आग लगाने वालों पर चालानिंग की प्रक्रिया को और अधिक तेज करें।

बंधवाड़ी में आग की घटनाओं को रोकने के बारे में उन्होंने कहा कि इसके लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। इसके लिए प्लांट में हीट सेंसर लगावाए जाएं तथा नियमित पानी का छिडक़ाव सुनिश्चित करें। बंधवाड़ी में लीगेसी वेस्ट निष्पादन कार्य में लगी एजेंसियों को अपनी क्षमता बढ़ाने के निर्देश देने की बात भी निगमायुक्त द्वारा संबंधित अधिकारियों से कही गई।

# सात माह की बच्ची को जमीन पर पटक की हत्या, आरोपी काबू

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

पति के जेल जाने के बाद देवर के साथ रहने लगी थी महिला

घटना के कुछ ही घंटे में गुरुग्राम पुलिस ने आरोपी पति को किया गिरफ्तार

**थाना** डीएलएफ फेज-3 क्षेत्र के अंतर्गत नाथूपुर पहाड़ी की झुग्गियों में एक बच्ची की जमीन पर पटककर हत्या कर दी। जैसे ही यह सूचना पुलिस तक पहुंची तो पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार के लिए विभिन्न स्थानों पर दबिश दी। प्रबन्धक थाना डीएलएफ फेज-3 निरीक्षक बलराज ने शुक्रवार को बताया कि घटना के कुछ घंटे बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

डीएलएफ फेज-3 थाना में पुलिस को किसी व्यक्ति ने सूचना दी कि एक व्यक्ति ने बच्ची को जमीन पर पटककर उसकी हत्या कर दी है। सूचना पाकर पुलिस थाना डीएलएफ फेज-3 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। जहां पर 7 माह की बच्ची गंभीर अवस्था में मिली। पुलिस टीम द्वारा बच्ची को ईलाज के लिए तुरन्त नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मृत बच्ची की मां ने शिकायत देकर कहा कि उसका



पति विजय शराब बेचने के केस में दिल्ली में पकड़ा गया था। वहां से छूटने पर लगभग चार साल पहले चेन स्नेचिंग के केस में पकड़ा गया। वह स्नेचिंग के केस में भौंडसी जेल गुरुग्राम में ही बंद था। इस दौरान वह अपने देवर के साथ गृहस्थ जीवन में रहने लगी। इस दौरान 7 माह पहले एक बच्ची को जन्म दिया था। उसका पति विजय 24 अप्रैल 2024 को चेन स्नेचिंग के केस में भोंडसी जेल से छुटकर आया था। यहां 25/26 अप्रैल की रात को विजय शिकायतकर्ता (अपनी पत्नी) की इसकी झुग्गी में आया। झगड़ा करते हुए उसने 7 माह की बच्ची को जमीन पर पटक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस सम्बन्ध में थाना डीएलएफ फेज-3 में केस दर्ज किया गया है।

प्रबन्धक थाना डीएलएफ फेज-3 निरीक्षक बलराज के मुताबिक आरोपी विजय साहनी (30) निवासी शहरंगमा परिहार, जिला सीतागढ़ी बिहार को वारदात के कुछ ही घण्टों के अंदर नाथूपुर झुग्गियों से काबू कर लिया गया है। बच्ची का पोस्टमार्टम करवा दिया गया है।

# एनएचएआई ने एलिवेटेड मार्ग पर लगे अवैध होल्डिंग हटाए

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुग्राम-सोहना** एलिवेटेड राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ लगे अवैध होल्डिंगों को देखरेख करने वाली एजेंसी के कर्मियों ने रातभर अभियान चलाकर हटाएं गए। एजेंसी कर्मियों ने करीब 13 किलोमीटर की दूरी में लगे 50 से भी अधिक अवैध बैनरों को हटाया।

आचार संहिता के चलते गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस रोड़ पर लगे राजनीतिक पार्टियों लेकर राजनीति पार्टियों के होल्डिंगों को हटाया जा रहा है। एलिवेटेड मार्ग की देखरेख करने वाली केकेआर एजेंसी के कर्मचारियों की टीम ने भोंडसी के बीएसएफ कैंप से लेकर सोहना के दमदमा चौक तक अभियान चलाया। यह अभियान बुधवार की रात को चला। जिसमें 50 से भी अधिक अवैध रुप से लगे बैनरों को हटाया गया।

**अवैध बैनर लगाने वालों को चेतावनी** : एनएचएआई की तरफ से एलिवेटेड राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ-साथ बैनर पोस्टर लगाने वालों को चेतावनी दी जा रही है। आचार संहिता के नियमों को दरकिनार करने वालों के खिलाफ भोंडसी व शहर थाना सोहना में मामले दर्ज कराने की चेतावनी दी जा रही है। एनएचएआई नियम तोड़ने


गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर अवैध होल्डिंग हटाते ।

> “ **एलिवेटेड** मार्ग सुपरवाइजर अर्जून सिह समेत अन्य कर्मचारियों की टीम बनाई है। जिन्हे अवैध होल्डिंग पर विशेष ध्यान देने और उन्हे तुरन्त हटाने के लिए आदेश जारी किए हुए है।
> **( सतीश कुमार-मार्ग निरीक्षक )**

वालों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। जिसके लिए एनएचएआई और केकेआर एजेंसी की टीम रोजाना निरीक्षण करके अवैध बैनरों को हटाने का काम करेगी।

**शहर और गांवों में गति धीमी** : आचार संहिता के चलते शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लगे गैरकानूनी तरीके से बैनरों को हटाने में नगर परिषद और पंचायत विभाग कछुआ गति से काम कर रहे है। बीतें करीब 15 दिन में एक से दो बार ही बैनरों को हटाने के लिए खानापूर्ति की गई है।

# गुरुग्राम में बनेगा पारस का 300 बेड वाला दूसरा अस्पताल

**गुरुग्राम।** कारपोरेट हॉस्पिटल चेन पारस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड ने गुरुग्राम शहर में अपने प्रस्तावित 300 बेड वाले अस्पताल के लिए भूमि पूजन किया। गुरुग्राम में पारस हेल्थ का पहला अस्पताल वर्ष 2006 में खुला था। अब सेक्टर-63 में यह नया अस्पताल गुरुग्राम में पारस हेल्थ का दूसरा अस्पताल होगा। भूमि पूजन समारोह में पारस हेल्थ के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. धरमिंदर कुमार नागर, एस्सेल इंफ्रा एलएलपी के डायरेक्टर अंकित गोयल, डायरेक्टर डॉ. कपिल गर्ग और पारस हेल्थ के ग्रुप चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ. सैंटी साजन मौजूद रहे। एमडी डॉ. धरमिंदर कुमार नागर ने कहा कि 2006 में पहला हॉस्पिटल चालू होने के बाद से पारस हेल्थ गुरुग्राम और यहां तक एनसीआर के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# भारतीय चिकित्सा जगत के इतिहास में नई उपलब्धि एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम की मदद से एक साल के मरीज की पहली सफल सर्जरी को दिया गया अंजाम

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के पहले स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स जो दुनिया भर के मरीजों के लिए रोबोटिक सर्जरी को किफायती एवं सुलभ बनाने के लिए प्रयासरत हैं, ने भारतीय चिकित्सा जगत के इतिहास में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। डॉ चन्द्र मोहन वद्दी, सीनियर यूरोलोजिस्ट और मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रीति यूरोलोजी एण्ड किडनी हॉस्पिटल्स, हैदराबाद ने एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम का उपयोग कर एक साल के बच्चे की सफल सर्जरी को अंजाम दिया। यह सर्जरी पीडिएट्रिक रोबोटिक सर्जरी में बड़ी उपलिब्ध है और एसएसआई मंत्रा सिस्टम की क्षमता को दर्शाती है।

कर्नाटक के बिदार से एक वर्षीय मरीज को प्रीति यूरोलोजी एण्ड किडनी हॉस्पिटल लाया गया। यूरेटरो-पेल्विक जंक्शन पर ब्लॉक की वजह से बच्चे की बाईं किडनी में सूजन थी, बच्चा जब मां के गर्भ में था, तभी इसका निदान हो गया था। न्युक्लियर स्कैन के द्वारा बाइं किडनी में ब्लॉक की पुष्टि हुई और पायलोप्लास्टी की सलाह दी गई। ऐसा ओपन सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक या रोबोटिक सर्जरी के द्वारा ही किया जा सकता है।

इस अवसर पर डॉ वद्दी, सीनियर यूरोलोजिस्ट एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रीति यूरोलोजी एण्ड किडनी हॉस्पिटल्स, हैदराबाद ने कहा, 'पूरा विचार-विमर्श करने और माता-पिता से सहमति लेने के बाद हमने भारत में निर्मित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम- एसएसआई मंत्रा की



मदद से रोबोटिक पायलोप्लास्टी की। यह सिस्टम ज्यादा मैग्नीफाईड व्यू, बेहतर सटीकता के साथ क्रिस्टल क्लियर 3 डी 4 के विजन देता है, इस तरह सर्जन को टारगेट एरिया का बेहतर एक्सेस मिलता है। हमारा मानना है, कि यह सफल सर्जरी भारतीय मेडिकल सर्जरी में नए दौर की शुरूआत है। ऑपरेशन के सफल परिणाम सर्जिकल केयर में बदलावा लाने की स्वदेशी भारतीय इनोवेशन की क्षमता की पुष्टि करते हैं, जो सभी के लिए सर्जिकल उपचार को सुरक्षित, सटीक एवं किफायती बनाने के लिए तत्पर है।''

इस उपलब्धि पर बात करते हुए एसएस इनोवेशन्स के संस्थापक, चेयरमैन एवं सीईओ डॉ सुधीर प्रेम श्रीवास्तव, जिन्हें एसएसआई मंत्रा सिस्टम का श्रेय दिया जाता है और रोबो डॉक्टर के नाम से जाना जाता है, उन्होंने कहा, ''हम परिवार, डॉक्टरों और अस्पताल के सभी सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। हमारा मानना है, कि हमारा स्वदेशी सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम ऐसे भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# एबरलोर ने नसीरुद्दीन शाह के साथ प्रस्तुत किया 'द क्वेस्ट'

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**एबरलोर** द्वारा प्रस्तुत किए गए 'द क्वेस्ट' ने लोगों को कलात्मक प्रदर्शनों से जुड़ी जटिलताओं के सफर पर जाने का अनूठा अवसर दिया। अनुभवी फिल्म एवं थियेटर अभिनेता नसीरुद्दीन शाह के साथ तीन शहरों की खोज मुंबई से शुरू होकर चंडीगढ़ से होती हुई कोरम क्लब, गुरुग्राम में संपन्न हुई। इस सफर में नसीरुद्दीन शाह ने चुनिंदा दर्शकों को प्रेमचंद की लोकप्रिय कहानी 'शतरंज के खिलाड़ी' पढ़कर सुनाई। इस कहानी में अवध दरबार के दो दरबारियों के बीच के शतरंज के खेल को प्रतीक के रूप में प्रयोग करते हुए दर्शाया गया है, कि कैसे अंग्रेज भारतीय शासकों का प्यादों की तरह इस्तेमाल करते थे। शाह के पढ़ने के अंदाज से कहानी का व्यंग्य निखरकर सामने आया।

कहानी पढ़ने के बाद शाह और अभिनेत्री दिव्या दत्ता के साथ प्रेमचंद की कहानियों पर और साहित्यिक पात्रों को स्क्रीन या मंच पर उतारने में आने वाली जटिलताओं पर चर्चा हुई। शाह ने जुनून, मासूम, मिर्च मसाला जैसी कुछ क्लासिक फिल्मों और इस्मत चुगतई एवं सादत हसन मंटो के लिखे नाटकों में काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। विमर्श के दौरान श्याम बेनेगल जैसी हस्ती के साथ काम करने और ऐसे ही अन्य प्रकरण भी निकलकर सामने आए।

एबरलोर द क्वेस्ट जीवन की सभी बेहतरीन चीजों के प्रशंसकों के लिए एक मंच है। जैसे-जैसे लोग समय



और स्वाद में गहराई से उतरते हैं, उन्हें ऐसी जटिलताओं का सामना करना पड़ता है, जिन्हें आसानी से समझा नहीं जा सकता है। ऐसे में इन जटिलताओं को खोजने की चाह एक उपहार है, जो आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। गहराई में उतरकर समझने की कला ही हमें बेहतरीन चीजों की सराहना करने के लिए प्रेरित करती है। एबरलोर द क्वेस्ट की खूबसूरत शाम का गवाह बनना सच में शानदार रहा है, जिसने पीढ़ियों से चले आ रहे ज्ञान से रूबरू होने का मौका दिया। एक अविस्मरणीय उत्सव के साथ इस खूबसूरत शाम ने सभी को यादगार पल दिया।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अशोक खेमका ने किया जिले की अनाज मंडियों का दौरा

## मंडियों में गेहूं की आवक व उठान कार्यों व प्रबंधों का किया निरीक्षण

## खरीद एजेंसियों को उठान कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. अशोक खेमका अनाजमंडी नूंह, पुन्हाना, फिरोजपुर झिरका, तावडू में खरीद कार्यों का निरीक्षण करते हुए। उनके साथ हैं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा व जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी।

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग हरियाणा डा अशोक खेमका ने शुक्रवार को जिला की अनाज मंडियों में पहुंचकर रबी फसलों की खरीद कार्यों व प्रबंधों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों व आढ़तियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं भी सुनी।

एसीएस ने इस अवसर पर जिला प्रशासन, मार्केटिंग विभाग व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनाजमंडियों से उठान कार्य में तेजी लाई जाए तथा संबंधित एजेंसियां किसानों की फसलों का त्वरित भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने मंडियों में गेहूं की आवक व उठान कार्यों व प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद कार्य सुचारू रूप से चलना चाहिए। किसानों को फसल बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। रबी सीजन के तहत इस समय मंडियों में गेहूं व सरसों की आवक जोरों पर है। जिला प्रशासन ने मंडियों व खरीद केंद्रों में हर प्रकार की बेहतरीन व्यवस्थाएं की हैं। इस दौरान किसानों व आढ़तियों ने उनके समक्ष जो भी समस्याएं रखी, उनके समाधान के लिए संबंधित एसडीएम व मार्केट कमेटी के सचिवों को उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

डा. अशोक खेमका अपने नूंह जिला के दौरे के दौरान सबसे पहले अनाजमंडी तावडू पहुंचे और वहां पर सभी खरीद कार्यों का निरीक्षण किया। यहां पर अतिरिक्त मुख्य सचिव ने मंडी में फसलों की आवक, खरीद व उठान कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर उनकी फसल का भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने मंडियों में सफाई व्यवस्था, पेयजल, बिजली आदि व्यवस्थाओं व प्रबंधों को निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने किसानों और आढ़तियों की मांगों व समस्याओं की सुनवाई करते हुए मौके पर ही समाधान किया। इसके बाद उन्होंने नूंह अनाजमंडी का दौरा किया और जिला प्रशासन व मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों की बैठक लेकर खरीद कार्य संबंधी सभी प्रबंधों की समीक्षा की और आढ़तियों की समस्याएं सुन उनका जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने अनाजमंडी पुन्हाना, पिनगवां व फिरोजपुर झिरका का भी दौरा किया और खरीद कार्यों व मंडियों में सभी जरूरी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

डॉ अशोक खेमका ने कहा कि मंडी में गेहूं व सरसों की आवक सुचारू रूप से जारी है। आवक के साथ ही फसलों की खरीद की जा रही है, जिसके उपरांत फसलों का उठान भी सुचारू रूप से किया जा रहा है। बेहतरीन तालमेल के साथ फसलों की खरीद की जा रही है। इस अवसर पर उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, एसडीएम नूंह विशाल, एसडीएम तावडू संजीव कुमार, एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मीनारायण, एसडीएम फिरोजपुर झिरका डॉ. चिनार चहल, डीएफएससी महेश यादव व मार्केट कमेटी के सचिव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

# विजय संकल्प रैली में आई बरसात तो मनोहर बोले इंद्र देव ने दिया 'विजय' आशीर्वाद

## राव इंद्रजीत सिंह ने देश के विकास के लिए कमल के फूल का बटन दबाने का आह्वान किया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के भीम नगर में भाजपा की विजय संकल्प रैली में जनता का अभिवादन करते पूर्व सीएम मनोहर लाल, भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह व अन्य नेतागण।

**शुक्रवार** देर शाम गुरुग्राम के भीम नगर स्थित रामलीला मैदान में भाजपा की विजय संकल्प रैली के दौरान आई बरसात के बीच बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अचानक से आई बरसात को इंद्र देवता का आशीर्वाद कहा। मनोहर लाल ने कहा कि विजय संकल्प रैली में आई यह बरसात राव इंद्रजीत के लिए इंद्र देवता का आशीर्वाद है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने बरसात के बीच पंडाल में उपस्थित जनसमूह को आह्वान किया कि वे राव इंद्रजीत सिंह को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से संसद भेजें और नरेंद्र मोदी जी की ताकत बढ़ाएं। तेज बरसात के कारण पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपना भाषण यह कहकर समाप्त किया कि कोशिश करूंगा कि चुनाव से पहले एक बार फिर से आपके बीच आ सकूं। इससे पहले राव इंद्रजीत सिंह ने बरसात को देखते हुए अपना भाषण जल्दी ही समाप्त किया। उन्होंने तेज बरसात के बीच भी भाजपा जिंदाबाद के नारे लगा रहे जनसमूह से आह्वान किया कि वे 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाएं और नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर देश को और मजबूत करने का काम करें।

विधायक सुधीर सिंगला के गले में खराबी के चलते उन्हें डॉक्टर ने बोलने से मना किया है, इसलिए उनका लिखा हुआ भाषण एक कार्यकर्ता ने पढ़ा। सुधीर सिंगला ने कहा कि सभी को मोदी जी के लिए ज्यादा से ज्यादा वोट करना है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह को ईमानदार बताते हुए कहा कि इन नेताओं ने प्रदेश की जनता के लिए ईमानदारी से काम किया है। विधायक ने कहा कि राव इंद्रजीत सिंह को वोट देकर मोदी जी के 400 पार के नारे को पूरा करना है। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह का बड़ी फूल मालाएं डालकर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने स्वागत किया। यहां कार्यकर्ताओं ने दोनों को एक एक गदा भेंट भी की। मनोहर लाल ने तो गदा को मंच से लहराया भी। जिससे कार्यकर्ताओं में भी जोश आ गया और उन्होंने जय श्रीराम, भारत माता की जय के साथ साथ इस बार 400 पार तथा एक बार फिर मोदी सरकार के नारे लगाए। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, दीपक मंगला, नवीन गोयल, सीमा पाहुजा, बंटी पाहुजा, जिला अध्यक्ष कमल यादव, संदीप जोशी, अरविंद कोहली, तिलकराज मल्होत्रा, रविंद्र कटारिया, यशपाल बत्रा, मधु आजाद, ऊषा प्रियदर्शी, संजय भसीन, तेजपाल तंवर, मंगतराम बागड़ी भी मौजूद थे।

# गांव बड़ेड़ में पेयजल किल्लत से परेशान महिलाओं ने किया मटका फोड़ प्रदर्शन किया



पायनियर समाचार सेवा। पिनगवा

## अधिकारियों से शिकायतें के बाद भी घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया है

**मेवात** जिले के गांव बड़ेड़ में पेयजल किल्लत से परेशान महिलाओं ने विभाग के लापरवाह अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए मटके फोड़े। लोगों ने कहा कि यह समस्या यहां पर कोई नई नहीं है, बल्कि लंबे समय से चली आ रही है। गांव में खारा पानी होने के चलते लोग पानी टेंकरों से खरीदकर पी रहे हैं।

जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक नल से पानी पहुंचाने के लिए करीब छह महीने पहले पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन किए गए और गांव में कई लाख रुपये की लागत से दो नए टेंक भी बनवाए गए। लेकिन आज तक न तो टेंकों में पानी डाला गया है और न ही घरों में लगाए गए नलों से जल टपका है। लोगों का आरोप है कि कई बार अधिकारियों से इस संबंध में शिकायतें भी की गई, लेकिन फिर भी पानी नहीं पहुंच पाया। ग्रामीण रहीश खान, आजाद, रुकसीना, असलम खान, इब्राहीम, फकरू, आयशा ने बताया कि उनके गांव में पानी की समस्या करीब दस साल से है। करीब एक वर्ष पहले जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा उनके गांव में जल जीवन मिशन के तहत लाइन बिछाकर घरों में ठूंटी भी लगाई गई।

जिससे लोगों को उम्मीद जगी थी कि शायद अब उनके गांव को मीठा और शुद्ध पानी पीने के लिए मिलेगा, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। लोगों का कहना है कि गांव में एक टेंक तो साल 2005 में बनाया गया, दूसरा टेंक साल 2019 में और तीसरा साल 2023 में विभाग द्वारा बनवाया गया। लेकिन आज तक पानी किसी भी टेंक में नहीं आया है। वहीं इस मामले को लेकर पब्लिक हैल्थ जेई वासुदेव राठौर का कहना है कि इस समस्या पर काम चल रहा है जल्द लोगों को समस्या से छुटकारा मिलेगा।

# केएमपी पर खड़े ट्रक से टकराया श्रद्धालुओं से भरा टेम्पो, तीन की मौत, दो दर्जन घायल

## सभी घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में उपचार जारी, पुलिस कार्रवाई में जुटी

पायनियर समाचार सेवा। तावडू



**उपमंडल** की सीमा से गुजर रहे कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे पर बृहस्पतिवार- शुक्रवार की रात एक भीषण सड़क हादसे में टेंपो में सवार 26 श्रद्धालुओं में तीन की मौत हो गई, जबकि बाकी सभी घायल हो गए। जिनमें कई हालत गंभीर बताई गई है। यह सभी वृंदावन में दर्शन कर अपने निवास पंजाब जालंधर लौट रहे थे। घायलों का तावडू, नूंह रेवाड़ी और रोहतक के अलग-अलग अस्पतालों में उपचार जारी है। इनमें कई की हालत गंभीर बताई गई है। वहीं तावडू सदर थाना पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक बृहस्पतिवार शुक्रवार की रात एक छोटा हाथी टेंपो में सवार होकर पंजाब जालंधर के रहने वाले 26 लोग उत्तर प्रदेश वृंदावन में दर्शन कर लौट रहे थे। रात के समय में तावडू उपमंडल की सीमा में गांव पढेनी केएमपी फ्लाईओवर के नजदीक पहुंचे तो श्रद्धालुओं से भरा टेम्पो सामने बगैर इंडिकेटर दिए मार्ग पर खड़े ट्रक से टकरा गया। हादसे में टेंपो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि जिसमें कुल 26 श्रद्धालु सवार में से दो महिलाओं समेत एक बच्ची की मौत हो गई। जिनकी पुष्टि हो चुकी है। दो मृतकों की पहचान बीना पत्नी प्रहलाद(45) और रितिका (9) पुत्री कल्लू उर्फ गोविंदा गांव टीना जिला जालंधर पंजाब के रूप में हुई है। एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हादसे की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सबसे पहले तावडू के निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर कई श्रद्धालुओं की गंभीर हालत देखते हुए, नूंह नलहड़ मेडिकल कालेज, रेवाड़ी और रोहतक के लिए रेफर कर दिया गया । तावडू सदर थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार का कहना है कि हादसे में तीन की मौत हुई है। जिनमें एक बच्ची सहित दो महिलाएं हैं। पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# सोहना मंडी में गेहूं और सरसों की आवक हुई कम

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> “ **स्थानीय** मंडी में हेफेड द्वारा पहले खरीद की गई सरसों का उठाव अधिक किया जा रहा है। क्योकि गेहूं अधिक पड़ने से सरसों का वजन कम होने के आसार हो गए है। वहीं गेहूं का उठाव में भी जल्द ही तेजी लाई जाएगी। गेहूं व सरसों को दो अलग-अलग स्थानों पर करके भेजा जा रहा है।
>
> **( मुकेश कुमारी-खरीद अधिकारी हेफेड )**
>
> “ **अलगी** बार स्थानीय मंडी में दो से तीन ठेकेदार को उठाव के लिए लगाया जाएगा। ताकि सरकार के खाते में खरीदी जाने वाली फसल का सही समय पर उठाव हो सके।
>
> **( सुनीता देवी-सचिव मार्केट कमेटी )**

**स्थानीय** अनाज मंडी में सरसों के साथ-साथ अब गेहूं की आवक भी घटने लगी है। गेहूं एक दिन में दो हजार क्विंटल से कम आवक रह गई है। वहीं सरसों की आवक एक हजार क्विंटल से घटकर सैकड़ों में आ गई है। मंडी से गेहूं का उठाव कम और सरसों का अधिक हो रहा है।

मंडी में सरसों की 28 मार्च और गेहूं की सरकारी खरीद 3 अप्रैल से शुरु हुई थी। लेकिन अब गेहूं और सरसों की आवक प्रति दिन घटती जा रही है। जिससे जल्द ही सरसों और गेहूं की सरकारी खरीद बंद हो सकती है। गुरुवार को गेहूं की कुल आवक 1779 क्विंटल हुई थी। वहीं सरसों की कुल आवक 418 क्विंटल थी। गुरुवार तक गेहूं की कुल आवक 35 हजार 172 क्विंटल थी। जिसमें से गेहूं का उठाव 23 हजार क्विंटल हो चुका है। स्थानीय मंडी में 24 हजार क्विंटल के लगभग गेहूं का उठाव बाकी है।

स्थानीय मंडी में पिछले 30 दिन से चल रही सरसों की आवक प्रति दिन कम होने लगी है। गुरुवार को कुल 418 क्विंटल सरसों किसान द्वारा बिक्री के लिए लाई गई थी। अब तक सरसों की कुल आवक 66 हजार 371 क्विंटल हो चुकी है। जिसमें से 38 हजार 200 क्विंटल सरसों का उठाव होना बाकी है।

# संक्षिप्त समाचार

## दलित समाज के लोगों ने लघु सचिवालय में सौंपा ज्ञापन



लघु सचिवालय में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते दलित समाज के लोग।

**फिरोजपुर झिरका।** क्षेत्र में बढ़ रहे दलित समाज पर उत्पीड़न की रोकथाम एवं पुलिस द्वारा उपरोक्त दबंगाइयों पर समय पर कार्यवाही न करने को लेकर शुक्रवार दोपहर के वक्त डॉ. भीमराव अम्बेडकर दलित समाज विकास समिति के लोगों ने लघु सचिवालय पहुंचकर नागरिक उपमंडल अधिकारी डॉ चिनार चहल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने दिए ज्ञापन में मांग करते बताया कि क्षेत्र में रह रहे दलित समुदाय के लोगो पर कुछ दबंग प्रवृति के लोग आए दिन हमला कर रहे है। जिससे इस समुदाय के लोग आशंकित व भयभीत है। पुलिस समय पर हमले रोकने व हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही करनें में उदासीन व निरवस है इस पर गौर करते हुए कार्यवाही की मांग की जाती है। जबकि थाना फिरोजपुर झिरका जिला नूंह के गांव शेखपुर के पूर्व सरपंच जिलेसिंह व उसके परिवार तथा गांव धमाला के संजय पुत्र किशोर के परिवार अपने उपर हुए हमलों से भयभीत व आशंकित है। समय पर पुलिस कार्यवाही ना होने के कारण कोई बडा विवाद खडा हो सकता है तथा आपकी सरकार की छवि को धूमिल किया जा सकता है। लिहाजा पीडितों की सुरक्षा की जावे और न्याय दिलाकर पुलिस की कार्यशैली को दुरूस्त करने की मांग करते है। मेवात क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली पहले भी पीड़ितों पर समझौता कराने, दवाब डालने, जानबूझकर मामलो को लटकाने, परेशान करने की रही है व आज भी बादस्तूर जारी है, इससे आमजन का पुलिस से भरोषा खत्म होना तथा आपकी सरकार की बदनामी होना माना जा रहा है इस दिशा में डॉ. अम्बेडकर दलित समाज विकास समिति के लोगों ने ठोस कार्यवाही की मांग की है।

## गोवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन अधिनियम के तहत बाप-बेटे दोषी

**तावडू।** नूंह में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अजय के वर्मा की अदालत ने हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गौसंवर्धन अधिनियम 2015 के तहत दर्ज एक मामले में बाप बेटे को दोषी मानते हुए पांच-पांच वर्ष की सजा का फैसला सुनाया है। दोषियों पर 30-30 हजार रुपए का जुर्माना किया गया है। जुर्माना नहीं भरने की सूरत में दोषियों को छ महीने अतिरिक्त जेल में गुजारने होंगे। वर्ष 2017 में नूंह सदर थाने में दोषियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ था। पब्लिक प्रोसिक्यूटर प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2017 में बाई थाना नूंह निवासी खुर्शीद व उसके बेटे शाकिर के विरुद्ध नूंह सदर थाने में हरियाणा गोवंश संरक्षण एवं गोसंवर्धन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें बताया गया कि एक सूचना मिलने पर पुलिस मेवली मार्ग पहुंची। जहां सूचना के मुताबिक पुलिस ने नाकेबंदी की थी। करीब 15-20 मिनट बाद एक मोटरसाइकिल गांव बाई की ओर से आती दिखाई दी। जिस पर दो व्यक्ति सवार थे। दोनों पुलिस को देख मोटरसाइकिल मौके पर छोड़ फरार हो गए। मोटरसाइकिल पर मिले प्लास्टिक कट्टों में करीब 45 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस ने उपरोक्त दोनों बाप-बेटों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। नियम अनुसार कुछ दिन बाद दोनों की गिरफ्तारी हुई थी।

## सीएम की रैली की तैयारियां जोरों पर

**नूंह।** नूंह जिले की पुन्हाना अनाज मंडी व सब्जी मंडी के समीप आज होने जा रही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विजय संकल्प रैली के तैयारियां जोरों पर हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की रैली को लेकर साफ - सफाई के अलावा सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। जिले के आला अधिकारियों ने रैली स्थल का दौरा कर जायजा लिया तथा प्रदीप खत्री डीएसपी पुनहाना ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली हुई है। डीएसपी प्रदीप खत्री ने कहा कि सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। शनिवार को मुख्यमंत्री हरियाणा की रैली होगी, इसलिए आयोजन स्थल पर आज से ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसके अलावा लक्ष्मी नारायण एसडीएम पुनहाना ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की जनसभा अनाज मंडी पुन्हाना के समीप सब्जी मंडी प्रांगण में आयोजित होगी। इसमें साफ - सफाई की जो व्यवस्था हो सकती है। वाहनों की पार्किंग इत्यादि जिला प्रशासन की तरफ से कराई जा रही है। रैली को लेकर सिस्टम पूरी तरह से संजीदा है।

पायनियर
क्लासीफाइड

**बेदखल सूचना**

मैं, सविता (आधार नम्बर 3807 3888 6770) पत्नी श्री रणजीत सिंह निवासी मकान नम्बर 1994/2, राम मन्दिर के पास, जवाहर कॉलोनी, सेक्टर-22, फरीदाबाद, हरियाणा की हूं। साहिल सचदेवा (आधार नम्बर 5777 0024 3770) मेरा सगा पुत्र है व रजनी सचदेवा (आधार नम्बर 2778 1321 2599) मेरी पुत्रवधु है। साहिल सचदेवा व रजनी सचदेवा मेरी सेवा तथा आज्ञा में नही हैं, इसलिए मैं दोनों को व इनके दीगर वारसान मेरी पोती तृषा को तुरन्त प्रभाव से अपनी सभी प्रकार की चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं और इनके पारिवारिक जीवन तथा कानूनी जीवन से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का कोई लेना-देना नहीं होगा और ना ही हमारी कोई जिम्मेवारी होगी। इनके द्वारा किसी झगड़ा, मार-पीट, पुलिस केस कोर्ट केस, सम्बन्ध से मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई लेना-देना नहीं होगा। उनसे अब हमारा कोई कानूनी रिश्ता नहीं होगा।

# गुरुग्राम विवि के छात्र आर्टेमिस अस्पताल से करेंगे क्लीनिकल रिसर्च में एडवांस्ड सर्टिफिकेट कोर्स

## विश्वविद्यालय का आर्टेमिस अस्पताल के साथ हुआ एमओयू साइन

## नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छात्र ले सकेंगे इस नए कोर्स में दाखिला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम विवि व आर्टेमिस अस्पताल के बीच क्लीनिकल रिसर्च को लेकर हुए करार की फाइलों का आदान-प्रदान करते दोनों संस्थानों के अधिकारी।

**क्लीनिकल** रिसर्च क्षेत्र में छात्रों को सफल करियर के लिए आवश्यक सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी ने देश के प्रख्यात सुपर-स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सूची में शामिल आर्टेमिस अस्पताल के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत आर्टेमिस अस्पताल के परिसर में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी का ऑफसाइट कैंपस खोला जाएगा। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि आर्टेमिस अस्पताल में खुलने वाले जीयू के ऑफसाइट कैंपस में छात्र क्लिनिकल रिसर्च में एडवांस्ड सर्टिफिकेट कोर्स कर सकेंगे, उन्होंने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छात्र इस कोर्स में दाखिला ले पाएंगे। गुरुग्राम विवि की और से कुलपति प्रो. दिनेश कुमार की उपस्थिति में डीन अकादमी अफेयर्स प्रो. सुभाष कुंडू एवं आर्टेमिस अस्पताल की और लीगल हेड विवेक सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के तहत विद्यार्थियों को मेडिकल क्षेत्र के उच्च स्तरीय विशेषज्ञों से कोर्स से सम्बंधित मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इसके तहत छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए संयुक्त सम्मेलनों, कार्यशालाओं एवं सेमिनारों का आयोजन आदि भी सम्मिलित है। कुलपति ने बताया इस कोर्स में व्यावहारिक गतिविधियां और परियोजनाओं के साथ इंटरैक्टिव शिक्षण प्रारूप सम्मिलित है और यह कोर्स छात्रों को रोजगार के नए अवसर प्रदान करेगा।

उन्होंने बताया कि दोनों संस्थानों का लक्ष्य छात्रों के सुनहरे भविष्य के लिए आने वाले समय में मेडिकल फिजिक्स, पीएचडी कार्यक्रम, फैकल्टी एक्सचेंज, नैदानिक अनुसंधान में मिलकर काम करना है। आर्टेमिस हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर एन. के गांगुली ने विश्वविद्यालय के कुलपति को एमओयू के सफल संचालन हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# ग्राम सचिव व पटवारियों संग एसडीएम ने बैठक कर मतदाता जागरुकता के दिए निर्देश

## सोहना के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सोनू भट्ट ने की बैठक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



सोहना स्थित अपने कार्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सोहना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सचिव व पटवारियों संग बैठक करते एसडीएम सोनू भट्ट।

**सोहना** के सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सोनू भट्ट ने कहा कि मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बूथ लेवल जागरुकता के लिए ग्राम पंचायत सचिव सक्रिय रहे। सभी मतदाता तक मतदान जागरूकता का संदेश पहुंचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। वे शुक्रवार को सोहना स्थित अपने कार्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के तहत सोहना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सचिव व पटवारियों संग बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।

एसडीएम सोनू भट्ट ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है, आमजन द्वारा किया गया मतदान लोकतंत्र के स्तंभ को और मजबूत करता है। लिहाजा सभी मतदाता वोट की महत्ता को समझते हुए लोकतंत्र के इस उत्सव में शत प्रतिशत मतदान करें इसके लिए हम सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ सामूहिक प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि जिला में आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव के लिए शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसको ध्यान में रखते हुए सभी ग्राम सचिव संबंधित गांवों में जाकर व सभी पटवारी उनके यहां आने वाले लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के दौरान एक बार मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए हमें बढ़-चढ़कर मतदान कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए।

उन्होंने सोहना तावडू उपमंडल के मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान करना आपका अधिकार है। हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है इस बात को युवाओं को समझना होगा कि चुनाव में मतदान की भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत बनता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# दलबदल की समस्या

## कठोर कानून जरूरी

**दलबदल की समस्या** से निपटने के लिए पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने कठोर दलबदल-विरोधी कानून की पैरवी की है। सभी प्रकार के राजनेता बेहतर कॅरियर या खासकर विधानसभा या लोकसभा चुनाव के पहले पार्टियां बदलते रहे हैं और इसमें कुछ भी नया नहीं है। वेंकैया नायडू ने आमतौर से 'दलबदल' कही जाने वाली इस समस्या को हमारे लोकतंत्र के लिए अत्यधिक खतरनाक बताया है। ऐसे व्यवहारों पर नियंत्रण करने में दलबदल-विरोधी कानून की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठे हैं। संविधान की दसवीं अनुसूची में इस कानून को शामिल किया गया था, ताकि निर्वाचित प्रतिनिधियों को निर्वाचन के बाद दूसरे दलों में जाने के लिए हतोत्साहित किया जा सके। इस कानून का उद्देश्य दलबदल को दंड देकर राजनीतिक व्यवस्था में स्थायित्व व निष्ठा तथा चुनावी जनादेशों की पवित्रता बनाए रखना है। लेकिन इसके अस्तित्व के बावजूद दलबदल भारतीय राजनीति की बीमारी बनी हुई है। राजनेता अक्सर टिकट, मंत्रिमंडल में स्थान या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के चलते अपनी मूल पार्टी को छोड़ कर दूसरी पार्टी में शामिल हो जाते हैं। इसके साथ ही दलबदल विरोधी कानून अपने आयाम में सीमित है और वह राजनीतिक नैतिकता तथा आदर्श के व्यापक मुद्दों को संबोधित नहीं करता है। राजनेता अक्सर कानूनी कमियों का फायदा उठा कर अयोग्यता से बचने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई में शामिल हो जाते हैं और अपने कार्यों की जवाबदेही से बच जाते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नुकसान पहुंचता है, बल्कि राजनीतिक व्यवस्था में जनता का विश्वास भी घटता है, लेकिन दलबदल कानूनों की निष्प्रभाविता तथा इस मुद्दे को संबोधित करने में विफलता हमारी राजनीतिक व्यवस्था में गहरी



व्यवस्थागत चुनौतियों का संकेत है।

सवाल है कि दलबदल-विरोधी कानून अब भी मुद्दे को संबोधित करने में विफल क्यों है? इसका प्रमुख कारण कानून की एक कमी है जो कुछ परिस्थितियों में बिना अयोग्यता के दलबदल की अनुमति देता है। यदि किसी विधायक दल के एक तिहाई या इससे अधिक सदस्य दूसरी पार्टी में शामिल होने का निर्णय करते हैं तो कानून इस दलबदल की अनुमति देता है। इस प्रकार वह प्रभावी रूप से थोक में दलबदल को वैध ठहराता है। राजनीतिक पार्टियों ने इस प्राविधान का लाभ उठा कर बार-बार दलबदल कराई तथा विरोधी सरकारों को अस्थिर किया है। इसके साथ ही दलबदल विरोधी कानून में कठोर क्रियान्वयन व्यवस्था तथा सामयिक हस्तक्षेप का अभाव है। यह कानून जहां व्यक्तिगत पालाबदल को दंड देता है, वहीं ऐसी व्यवस्थागत विफलताओं को संबोधित नहीं करता है जिनमें सत्ता के लालच, संरक्षणवादी राजनीति और आंतरिक लोकतंत्र के अभाव के कारण पार्टी छोड़ने को प्रोत्साहन मिलता है। दलबदल कानून राजनीतिक दांवपेंच तथा सत्तारूढ़ दलों द्वारा चयनित ढंग से लागू करने का विषय बनता है। दलबदल-विरोधी कानून को मजबूत करने तथा दलबदल की विभीषिका से निपटने के लिए समग्र सुधार जरूरी हैं। इनमें कानूनी कमियां दूर करना, दलबदल के लिए कठोर दंड देना, निगरानी व्यवस्थायें मजबूत करना तथा पार्टियों में आंतरिक लोकतंत्र को प्रोत्साहन देना शामिल हैं। इसके लिए निष्ठा, जवाबदेही तथा नैतिक व्यवहार पर आधारित राजनीतिक संस्कृति विकसित करने के निरंतर प्रयास जरूरी हैं। कानून को मजबूत करने, लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर चलने तथा राजनीतिक प्रक्रिया में जनता का विश्वास बहाल करने के लिए तत्काल सुधार जरूरी हैं।

# चुनावी विमर्श में भ्रष्टाचार को वरीयता

**भ्रष्टाचार तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के सरोकार राजनीतिक व चुनावी विमर्श में प्रमुख स्थान पर हैं और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के आयाम निर्धारित कर रहे हैं।**



**शिवाजी सरकार**

(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



वर्तमान लोकसभा चुनाव में भ्रष्टाचार तथा आर्थिक अनिश्चितताओं के सरोकार राजनीतिक व चुनावी विमर्श में प्रमुख स्थान पर हैं और राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के आयाम निर्धारित कर रहे हैं। चुनावी गतिविधियों में गरमी आने के साथ ही अनेक घटनायें चिंता का विषय बनी हुई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की मुद्रास्फीति संबंधी चिन्ताओं के साथ ही बढ़ती हुई टोल दरें तथा परिवहन खर्च के कारण देश में राजनीतिक रूप से सरगर्म वातावरण में नये आयाम सामने आ रहे हैं। इसके साथ ही अदालतों के कुछ फैसले भी उभरते परिदृश्य में जटिलता पैदा कर रहे हैं। अनेक पक्षों ने टोल दरें बढ़ाने तथा इनके परिणामस्वरूप परिवहन खर्च बढ़ने पर चिन्ता प्रकट की है। 'चुनाव बांडों' के प्रभाव ने राजनीतिक परिदृश्य में नए रंग पैदा किए हैं तथा कीमतों को प्रभावित किया है।

हालांकि, अदालत के आदेश पर अब चुनाव बांड योजना को असंवैधानिक घोषित करने के साथ ही इनके दानदाताओं व दान प्राप्त करने वाले दलों के बीच जानकारी सार्वजनिक की गई है। इसके साथ ही तीन अन्य अदालती फैसलों ने भी काफी प्रभाव डाला है। इनमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वोटर वैरीफायऐबल प्रिंट आडिट ट्रेल-वीवीपैट मुद्दे पर सुनवाई भी शामिल है जिनको आमतौर से 'वोटिंग स्लिप' कहा जाता है। इसके साथ ही न्यायालय का एक फैसला रिलायंस इंफ्रा द्वारा दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो-ईपीएल को भुगतान न करने के बारे में है। इसके अलावा सर्वोच्च न्यायालय ने पातंजलि के मालिकों की कठोर आलोचना की है जिन्होंने अपने विज्ञापन के माध्यम से अदालत की अवमानना की है। इन अदालती फैसलों ने चुनावी विमर्श को तेज कर उसे नए आयाम प्रदान किए हैं। इसके साथ ही प्रवर्तन निदेशालय-ईडी द्वारा 'छत्तीसगढ़ शराब घोटाले' में धनशोधन मामले की नई जांच के आदेश को सुर्खियों में स्थान मिला है। ईडी ने केरल माकपा नेताओं को बैंक घोटालों से जोड़ा है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री व 'आप' नेता अरविंद केजरीवाल तथा भारत राष्ट्र समिति-बीआरएस नेता के. कविता की गिरफ्तारी के बाद कुछ और लोगों की गिरफ्तारियां भी होंगी? इसके साथ ही सवाल उठता है कि क्या बढ़ती कीमतों को राजनीति और अदालती फैसलों के कारण हाशिए पर धकेल दिया जाएगा या वे इन आयामों के साथ ही चिन्ता का विषय बनी रहेंगी? हालांकि, मतदाता इस समय खामोश नजर आ रहे हैं, पर उनको अनदेखा करना असंभव है। भले ही मतदाता प्रमुख नेताओं की रैलियों में भाग लें या नहीं, पर वे हर ऐसे घटनाक्रम के प्रति पूरी तरह जागरूक हैं जिनका प्रभाव उनकी जीवनशैली पर पड़ सकता है। वर्तमान समय में ये सवाल भी तेजी से उठ रहे हैं कि आखिरकार संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोग भाजपा से क्यों जुड़ रहे हैं और आखिरकार भाजपा कांग्रेस से दलबदल को प्रोत्साहित क्यों कर रही है। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद अब मतदाता तथा विभिन्न पार्टियों के सदस्य प्रत्येक महत्वपूर्ण घटना के संभावित प्रभावों पर गौर कर रहे हैं। चंडीगढ़ नगरपालिका चुनाव में रिटर्निंग अधिकारियों की भूमिका तथा हिमाचल प्रदेश में दलबदल की घटनाओं ने भी समकालीन राजनीतिक विमर्श में महत्वपूर्ण आयाम जोड़े हैं।

यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि 'भ्रष्टाचार' कोई महत्वहीन मुद्दा नहीं है। केन्द्रीय जांच एजेंसियों, जैसे, केंद्रीय अंवेषण ब्यूरो-सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय-ईडी व आयकर विभाग द्वारा राज्यों में कुछ खास विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी से आम जनता में व्याप्त इस अवधारणा पर ज्यादा असर पड़ने वाला नहीं है कि भ्रष्टाचार ने सभी राजनीतिक पार्टियों में अपना स्थान बना लिया है। बहुत से लोग चुनाव के पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को एक रणनीतिक कदम मानते हैं, जिसका उद्देश्य चुनाव अभियान में इस लोकप्रिय नेता की सहभागिता रोकना है। अनेक लोगों की राय में उनकी गिरफ्तारी भ्रष्टाचार के मुद्दे को संबोधित करने के ईमानदार प्रयास का हिस्सा नहीं है।

इससे अनेक लोगों को यह सोचने को मजबूर किया है कि संभवतः अनेक आवश्यक दवाओं व आवश्यक वस्तुओं की तेजी से बढ़ती कीमतों, या टोल दरों में वृद्धि का 'चुनाव बांडों' से कोई संबंध है। पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने हाल ही में कहा है कि भ्रष्टाचार ने सभी पार्टियों को अपने दायरे में समेट लिया है। उनके इस बयान से मतदाताओं को यह सोचने को मजबूर होना पड़ा है कि आखिर भ्रष्टाचार का दायरा कितना विस्तृत है। पूर्व केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप छोड़ दिए गए हैं, जो कथित रूप से 25,000 करोड़ रुपये के विमान खरीद घोटाले में शामिल थे। इससे यह सवाल उठने लगा है कि फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 100 करोड़ रुपये के कथित राज्य शराब नीति मुद्दे में घोटाले के आरोप में क्यों गिरफ्तार किया गया है। अनेक लोग इस बात पर विचार कर रहे हैं कि एयर इंडिया की बिक्री पारदर्शी थी या इसके पीछे कोई विवाद है। केजरीवाल के खिलाफ कार्रवाई ने विपक्ष को एकजुट कर दिया है, जो दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल रैली से स्पष्ट है। हाल में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिलायंस इंफ्रा को दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो की ईपीएल को भुगतान संबंधी आदेश ने लोगों को सार्वजनिक क्षेत्र की दिल्ली मैट्रो में कार्पोरेट संलिप्तता के बारे में सवाल उठाने पर मजबूर किया है। अदालत ने अपना ही 2021 का आदेश खारिज कर दिया जिसमें दिल्ली मेट्रो को रिलायंस इंफ्रा को 2,782 करोड़ भुगतान का आदेश उलट दिया जो ब्याज मिला कर अब 7,886 करोड़ हो गया था।

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस आर. गवई और जस्टिस सूर्यकांत ने इस कार्रवाई को उचित ठहराते हुए कहा कि यह 'न्यायिक गलती' थी, जिसके कारण रिलायंस इनफ्रा को 'अवांछित लाभ' प्राप्त हुआ था। चुनाव बांड विवाद के फौरन बाद आए इस निर्णय ने मतदाताओं में संदेह की भावना पैदा की है। यदि दिल्ली मेट्रो को भुगतान करने पर मजबूर किया जाता तो इसका भार यात्रियों पर काफी बढ़े किरायों के रूप में सामने आ सकता था। इसी प्रकार अदालत ने एक अवमानना मामले में पातंजलि का माफीनामा स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसका संबंध भ्रामक विज्ञापनों से था। इन आदेशों से स्पष्ट होता है कि कानून का शासन कैसे भ्रष्ट व्यवहारों के माध्यम से फर्जी ब्रांड छवियों को ठीक कर मूल्य स्थिरता बनाए रख सकता है। अदालत द्वारा इस मामले में उत्तराखंड सरकार की आलोचना ने कानूनी हस्तक्षेप की शक्ति प्रदर्शित की है। कुछ राज्यों द्वारा बिजली की बढ़ी कीमतें भी ऐसे संभावित मुद्दे हैं। अनेक लोगों को लगता है कि राजनीतिक संबंध वाले ऐसे अनेक मामले मूल्य वृद्धि व मुनाफाखोरी का कारण बनते हैं।

कार्यपालिका और प्रशासन की लापरवाही के कारण लोगों की परेशानियां बढ़ती हैं तथा कानून-व्यवस्था मशीनरी विफल होती है। न्यायपालिका द्वारा भ्रष्ट व्यवहारों को उजागर करने से आर्थिक व प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर प्रभाव पड़ता है और इसके परिणामस्वरूप दिन-प्रतिदिन का खर्च बढ़ता है। 'दैनिक भास्कर' ने राजस्थान में कीमतों पर एक अध्ययन किया है। इससे पता चलता है कि 2019 की तुलना में पेट्रोल, डीजल व खाना पकाने वाली गैस की कीमतों में 42 प्रतिशत, खाद्य पदार्थों की कीमतों में 34 प्रतिशत तथा मधुमेह व हृदय रोगों की दवाओं में 54 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि लोगों के बाहर खाने में 40 प्रतिशत कमी आई। इसी अवधि में दालों की कीमतों में 20 प्रतिशत, सब्जियों की कीमतों में 233 प्रतिशत, टैक्सी किरायों में 67 प्रतिशत, खाद्य तेलों की कीमतों में 100 प्रतिशत तथा एफएमसीजी कीमतों में 60 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई। हालांकि, इसी कालखंड में विभिन्न वर्गों के वेतन में 11 प्रतिशत से लेकर 26 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। इस प्रकार मूल्यवृद्धि की चिंता बनी हुई है। लेकिन इन सबके बावजूद अयोध्या में राम मंदिर को लेकर धार्मिक उत्साह तथा मोदी की गारंटी पर विश्वास बना हुआ है। यह कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण है, लेकिन इस पर आर्थिक आयामों तथा जातीय गणित का प्रभाव पड़ रहा है, लेकिन वाराणसी के बजाय अमेठी और रायबरेली पर लोगों का ध्यान अधिक बना हुआ है।

# भ्रष्टाचार की सीमाओं का निर्धारण

> **सार्वजनिक पदाधिकारियों और निजी व्यक्तियों पर हाल के छापे भारतीय समाज में अभी भी मौजूद भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों के बारे में बताते हैं।**

**सिद्धार्थ मिश्रा**

(लेखक, दिल्ली विवि में सह प्रोफेसर हैं)



चाहे वह चुनावी बांड का मुद्दा हो, दिल्ली की शराब नीति हो या राजनेताओं, नौकरशाहों और यहां तक कि निजी व्यक्तियों से जुड़े कई अन्य मुद्दे हों, शायद कुछ अंतराल के बाद, भ्रष्टाचार का भूत वर्तमान में राष्ट्रीय चर्चा में वापस आ गया है। भारत में भ्रष्टाचार की व्यापकता के बारे में लोगों की अपने अनुभव, ज्ञान या यहां तक कि रुचियों के आधार पर अलग-अलग धारणाएं और विचार हो सकते हैं। कुछ लोग सोच सकते हैं कि सरकारी पदाधिकारियों और राजनीतिक वर्ग में भ्रष्टाचार अत्यधिक प्रचलित है, जबकि अन्य लोग यह मान सकते हैं कि निजी क्षेत्र सहित हर क्षेत्र में, यहां तक कि छोटे व्यवसायों में भी, किसी न किसी रूप में भ्रष्टाचार मौजूद है। हालांकि कुछ अन्य लोग ऐसे भी हो सकते हैं, जो भ्रष्टाचार को उचित ठहरा सकते हैं और कुछ ऐसे भी हो सकते हैं जो इसकी तीखी आलोचना करते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि कोई इस परिदृश्य को कैसे देखता है, जो इस संबंध में सामाजिक दृष्टिकोण को आकार देता है और यदि इसे सच माना जाता है, तो क्या पूरे मुद्दे को अलग-अलग दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता है?

ईमानदारी से कहें तो भ्रष्टाचार जीवन के सभी क्षेत्रों में व्याप्त है, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र हो या निजी। इस देश में हर जगह भ्रष्टाचार का कोई न कोई रूप दिखाई देता है। हालांकि, भ्रष्टाचार का वह रूप जो आमतौर पर शहर में चर्चा का विषय बन जाता है वह सरकारी या राजनीतिक वर्ग का भ्रष्टाचार है। इस हिसाब से, क्या किसी रिक्शा चालक या सब्जी या फल विक्रेता द्वारा वास्तविक मूल्य से अधिक कीमत मांगना या अधिक कीमत वसूलना भी भ्रष्टाचार नहीं माना जाना चाहिए? क्या किसी निजी उद्यम में बॉस द्वारा अपने अधीनस्थों पर हावी होना, उत्पीड़न करना या पदोन्नति की शर्त के रूप में अनुचित लाभ प्राप्त करना भ्रष्ट नहीं माना जाना चाहिए? विडंबना यह है कि कानून इस तरह के व्यवहारों को भ्रष्टाचार कानून के दायरे में आने और प्रतिबंधित करने की आवश्यकता नहीं मानता है, हालांकि शायद, कानून ऐसे मामलों में कुछ अन्य प्रकार के उपाय प्रदान कर सकता है।

ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार केवल सरकारी क्षेत्र तक ही सीमित है, बल्कि मौद्रिक भी भ्रष्टाचार का एकमात्र प्रकार नहीं है। इस देश में भ्रष्टाचार के अन्य रूप भी मौजूद हैं जिन पर आमतौर पर ध्यान नहीं दिया जाता या उन पर अंकुश नहीं लगाया जाता। सत्ता में बैठे लोगों का अहंकार, वास्तविक काम में भी देरी करना और सामान्य लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान करना या अपमानित करना भ्रष्टाचार माना जाना चाहिए। सार्वजनिक पदाधिकारी पद संभालने से पहले शपथ लेते हैं और अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदार रहने की शपथ लेते हैं, वे सार्वजनिक कार्यालयों में लोगों के लिए ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हैं, जो उन पर विश्वास करते हैं और आम लोगों की सेवा करना और लोगों के विश्वास को तोड़ने से बचना उनका प्राथमिक कर्तव्य है। देश भर में करोड़ों लोगों को सरकारी विभागों में हर स्तर पर काम करवाने में जबरदस्त चुनौतियों, उत्पीड़न और अपमान का सामना करना पड़ता है, लेकिन जनता की याददाश्त अल्पकालिक होती है और लोग समय बीतने के साथ ऐसे मुद्दों को आसानी से भूल जाते हैं।

इसमें कोई संदेह नहीं कि भ्रष्टाचार समाज या राज्य के हित में नहीं है। इसलिए, भ्रष्टाचार के खतरे को रोकने के लिए, बाद की सरकारों ने कानून बनाने और प्रवर्तन मशीनरी की स्थापना सहित कई कानूनी उपाय अपनाए हैं। हालांकि, जैसा कि भ्रष्टाचार की हालिया घटनाओं से स्पष्ट है, ऐसे सभी उपाय लोगों को भ्रष्टाचार के कृत्यों में शामिल होने से नहीं रोकते हैं। क्या इसका मतलब यह है कि कानून भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में विफल रहे हैं या क्या यह है कि कानून इस समस्या का समाधान नहीं दे सकते हैं? क्या इस देश के जीवन को खा रहे इस खतरे से छुटकारा पाने के लिए किसी को कानूनी उपायों से परे देखने की जरूरत है? क्या यह देश कानून और उसके कार्यान्वयन के माध्यम से भ्रष्टाचार के खतरे को दूर कर सकता है? यदि यह सच होता तो यह देश बहुत पहले ही भ्रष्टाचार मुक्त हो गया होता। क्या इसका मतलब यह है कि भ्रष्टाचार हमारे अंदर स्वाभाविक रूप से मौजूद है और इसने एक स्वीकृत मानदंड का दर्जा हासिल कर लिया है और इस देश में भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना संभव नहीं है? सवाल यह उठता है कि क्या भ्रष्टाचार इस देश में जीवन का एक तरीका बन गया है और क्या अब लोगों को भ्रष्टाचार या इसमें शामिल लोगों की आलोचना करना बंद कर देना चाहिए।

इसके अलावा, एक और परेशान करने वाला पहलू यह है कि क्या भ्रष्टाचार में शामिल होने से आरोपी पर कोई कलंक लगता है या उसे सामाजिक प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ता है। इस बारे में संदेह मौजूद है कि क्या भ्रष्ट आचरण में किसी व्यक्ति की संलिप्तता का विचार चुनाव करते समय, विशेषकर राजनीतिक लोगों के मानस पर पड़ता है। क्या यह सब सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों के संपूर्ण आयाम पर फिर से विचार करने की मांग नहीं करता है। सार्वजनिक पदाधिकारियों और निजी व्यक्तियों पर हाल के छापे भारतीय समाज में अभी भी मौजूद भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों के बारे में बताते हैं।

लेखक एक उच्च पदस्थ आईटी अधिकारी को याद करते हैं, जो एक बार भ्रष्टाचार विरोधी छापों में शामिल थे, उन्होंने उन्हें बताया था कि जिन पूर्व नौकरशाहों पर बेहिसाब संपत्ति के लिए छापे मारे गए थे, उनमें से एक ने अवैध रूप से कई संपत्तियां अर्जित की थीं, जिनमें से अधिकांश को कभी देखा भी नहीं गया था या उसके द्वारा दौरा किया गया। उस अधिकारी ने दुखी होकर चुटकी ली, कोई कितना भ्रष्टाचार करेगा या करना चाहिए और भ्रष्टाचार की भी एक सीमा होनी चाहिए। दुर्भाग्य से और विडंबना यह है कि यह वक्तव्य जनता की सामान्य भावना से मेल खाता प्रतीत होता है, जो प्रशासनिक या राजनीतिक भ्रष्टाचार को कष्टपूर्वक स्वीकार कर लेते हैं, लेकिन चाहते हैं कि कम से कम उन्हें इसे एक सीमा में करना चाहिए।

## आप की बात

### आरक्षण का आधार

**इस** चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षण का आधार धर्म करने की बात कही है। उन्होंने कर्नाटक में मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया तथा मुसलमानों की अनेक जातियों को ओबीसी कोटे में डाल दिया है। आगे चलकर कांग्रेस यही फार्मूला पूरे देश में लागू करना चाहती है, जबकि हमारा संविधान किसी को भी धर्म के आधार पर आरक्षण देने की अनुमति नहीं देता है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना बिल्कुल ठीक है कि जनता को कांग्रेस के इन खतरनाक मंसूबों का पूरी ताकत से जवाब देना चाहिए। चुनाव तो आते-जाते रहेंगे मगर धर्म के आधार पर आरक्षण का खेल आने वाली पीढ़ियों को बर्बाद कर देगा। ऐसे में व्यापक राजनीतिक विचार-विमर्श के बाद आरक्षण का आर्थिक आधार बढ़ाने का प्रयास होना चाहिए। भाजपा सरकार ने देश में सबसे पहले सवर्ण गरीबों को 10 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी है। एससी, एसटी व ओबीसी समाज के समृद्ध लोगों को इस बात के लिए तैयार किया जाना चाहिए कि वे अपनी अगली पीढ़ियों के लिए आरक्षण की मांग न करें। ओबीसी के लिए लागू क्रीमी लेयर को एससी व एसटी श्रेणियों पर भी लागू करने पर सहमति बनाने का प्रयास होना चाहिए। जनता में अत्यधिक लोकप्रिय मोदी ऐसे प्रयास कर सकते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

### योगी की लोकप्रियता

**लोकसभा चुनाव** में सिर्फ दक्षिणी राज्यों को छोड़कर अधिकांश राज्यों में एनडीए की स्थिति अत्यंत सुदृढ़ है, लेकिन इसके बावजूद बीजेपी के कर्यकर्ता लंबे समय से निरंतर जनता के संपर्क में हैं। उन्होंने जनता को यह अहसास कर दिया है कि वे बरसाती मेंढकों की तरह सिर्फ बारिश में ही प्रकट नहीं होते, बल्कि हर समय जनता के साथ रहते हैं। उत्तर प्रदेश में तो अपराधी तत्वों के खिलाफ जिस तरह की सख्ती बरती गई और जनता को जो राहत और हिम्मत मिली, वही एनडीए के लिए तुरूप का इक्का है। जिन क्षेत्रों में पुलिस अधिकारी पैर तक नहीं रखते थे और अनेक जज भी इन क्रूर माफियाओं के केस लेने से घबराते थे, वहां अब आम जनता बेखौफ होकर घूम रही है। यह किसी चमत्कार से काम नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वे केवल बुलडोजर बाबा ही नहीं विकास पुरुष भी हैं। योगी आदित्यनाथ ने पिछड़े व गरीब प्रदेश को आज भारत में अग्रणी बना दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशासनिक क्षमता, हिम्मत और दृढ़ता देखकर सिर्फ यूपी ही नहीं वरन् देश कि अधिकांश जनता चाहती है कि मोदी के बाद बाद योगी ही देश के अगले प्रधानमंत्री बने।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### छात्रों को शुभकामनाएं

**दसवीं और बारहवीं** बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित हो गए हैं। जो विद्यार्थी सफल हो गए, वे और आगे बढ़ें और जो पिछड़ गए वे फिर से अगली बार सफलता पाने के लिए प्रयास करें। खेल का मैदान हो या स्कूल का कक्ष, प्रतिस्पर्धा हर जगह हर उम्र में होती है और हार-जीत भी होती है। जीत की खुशी होना लाजिमी है, किन्तु हार में साहस जुटाना उससे भी बड़ी तपस्या है। परीक्षाओं से बच्चों का नाता नया नहीं है क्योंकि वे अब तक अनेक परीक्षायें दे चुके हैं। साथ ही परिणामों का भी उन्हें अनुभव रहा है। अगर हम पीछे रह गए हैं तो कोई बात नहीं आगे भी और अनुकूल समय आते रहेंगे। परीक्षायें आगे भी आती रहेंगी। हमें बस हिम्मत के साथ आगे पढ़ाई जारी रखना है। बच्चों के माता-पिता अपने बच्चों को और बेहतर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करें। जिनके कम अंक आएं हैं उन्हें और अच्छे नंबरों से आगे पढ़ने के लिए कहें और जो अच्छे अंक लाएं हैं उन्हें भी उत्साहित करें। जो पीछे रह गए हैं उन्हें धैर्य रखने की शिक्षा दें ताकि वे आगे और अच्छा परफॉर्म करके दिखा सकें। किसी भी तरह की नकारात्मक सोच का दबाव बच्चों पर न डालें। देश-दुनिया की प्रगति तथा उसमें बच्चों के उज्जवल भविष्य के प्रति आशा बनाए रखें।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अमेरिका में भारतीय

**ग्रीन कार्ड** के जरिये अमेरिका की सबसे अधिक नागरिकता प्राप्त करने के मामले में भारत दूसरे स्थान पर आ गया है। इसके बावजूद अभी नौ लाख से अधिक प्रवासी भारतीय अमेरिकी नागरिकता के लिए इंतजार कर रहे हैं। भारत सरकार को कूटनीतिक स्तर पर अमेरिका से बातचीत करके और अधिक भारतीयों को शीघ्र अमेरिकी नागरिकता दिलाने के प्रयास करने चाहिए। इससे वे अपने तथा अपने परिवार के भविष्य को लेकर निश्चिंत हो सकते हैं। प्रवासी भारतीयों का भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान है। खाड़ी सहित विदेश से भारतीय बड़ी मात्रा में भारत में पैसा भेजते हैं, जो कि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी करता है। अमेरिका को भी इस प्रकार प्रतिभाशाली भारतीय युवाओं का पूरा लाभ मिल रहा है। अमेरिका को भारतीयों को अपनी नागरिकता प्रदान करने के साथ ही वहां पर भारतीयों पर हो रही हिंसा के खिलाफ भी कठोर कदम उठाने चाहिए। अमेरिका में बसे भारतीय भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में अपना महत्वपूर्ण व असाधारण योगदान दे सकते हैं।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# गजल सम्राट जगजीत सिंह की याद में वॉयस ऑफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का किया आयोजन

## संस्कृति संरक्षण के क्षेत्र में पूरे भारत में बनी विवि की पहचान : प्रो. सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र




वॉयस आफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा

**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से केयू आडिटोरियम में गजल सम्राट जगजीत सिंह की याद में वॉयस आफ केयूके सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कुवि की सांस्कृतिक उपलब्धियों के लिए कलाकारों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया। वॉयस आफ केयूके में वसुंधरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस दौरान मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा रहे।

कुलपति प्रो. सचदेवा ने कहा कि विश्वविद्यालय के इतिहास में पहली बार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश भर के एक हजार से अधिक विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर रहा है, जबकि सरकारी विश्वविद्यालयों में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रथम स्थान है। इस उपलब्धि के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग बधाई का पात्र है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यह विभाग क्लबों के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों को जहां एक ओर मंच प्रदान करेगा। दूसरी ओर इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को रोजगार के नये अवसर प्राप्त होंगे। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महा सिंह पूनिया ने बताया कि गजल सम्राट जगजीत सिंह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। उनकी याद में हर वर्ष वॉयस आफ केयूके का आयोजन किया गया, जिसमें 31 हजार रुपये के पुरस्कार विजेता कलाकारों को वितरित किए गए। उन्होंने बताया कि दूसरे स्थान पर संगीत विभाग के विनीत कुमार, तीसरे स्थान पर आर्य पीजी कॉलेज पानीपत की शीतल, चौथे स्थान पर संगीत विभाग के अर्णव, पांचवें स्थान पर जीएनजी कॉलेज यमुनानगर की विद्यार्थी कंवलजीत रही। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जगजीत सिंह के भाई करतार सिंह विशेष रूप से पधारे। उन्होंने जगजीत सिंह की याद में गजल गाकर कार्यक्रम में खूब रंग लगाए। डॉ. पूनिया ने बताया कि इससे पहले कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. संजीव शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ए.आर. चौधरी, चीफ वार्डन कुसुमलता, कुलसचिव की धर्मपत्नी सुमिता शर्मा, प्रो. अनिता दुआ ने द्वीप प्रज्वलन कर विधिवत रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर प्रो. ए.आर. चौधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने सांस्कृतिक रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के लिए संस्कृति के क्षेत्र में एआईयू द्वारा आयोजित 37वें राष्ट्रीय उत्सव में अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान हासिल करना विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस मौके पर मुख्यातिथि ने सांस्कृतिक उपलब्धि के लिए योगदान देने वाले सभी शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आबिद अली ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग के उपनिदेशक डॉ. गुरचरण ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार पाने वाली विधाओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इस मौके पर प्रो. परमेश, प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. आरती श्योकंद, डॉ. जसबीर ढांडा, डॉ. जगदीश गुप्ता, डॉ. रामनिवास, डॉ. संदीप कंधवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## निपुण हरियाणा मिशन के तहत बीईओ ने किया प्यौदा स्कूल का निरीक्षण

**कैथल।** निपुण हरियाणा मिशन के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्यौदा का निरीक्षण खंड शिक्षा अधिकारी डॉ नरेश कुमार व जिला एफएलएन समवन्यक सुनील दत्त ने किया। डॉ. नरेश ने प्रथम, दूसरी तीसरी व चौथी कक्षा का शैक्षणिक अवलोकन किया। सभी कक्षा अध्यापकों से ऑरल रीडिंग फ्लुएंसी, कक्षा के प्रिंटरिच, शिक्षक संदर्शिका, कार्यपुस्तिका, शिक्षण अधिगम सामग्री व कक्षा के बच्चों के ग्रुप बनाने पर चर्चा की। जिला एफएलएन समन्वयक सुनील दत्त ने तीसरी कक्षा के बच्चों को हिन्दी पढ़वाकर देखी व प्रश्न पूछे जिनका सभी बच्चों ने सही-सही जवाब दिया। तीसरी कक्षा की शिक्षिका रेखा रानी बच्चों को रिमेडियल कार्य करवा रही थी।

दूसरी कक्षा की शिक्षिका नरेश कुमारी बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान की गाइडलाइंस के अनुसार कार्य करवा रही थी। चौथी कक्षा के इंचार्ज रामफल शर्मा बच्चों को खेल गतिविधि से शिक्षा दे रहे थे। शिक्षक रोहताश ने बच्चों को कविता के माध्यम से दाएं व बाएं के बारे में बताया। मुख्य शिक्षक विद्यालय ओम प्रकाश ने बताया कि पहली, दूसरी व तीसरी के शिक्षण विभाग द्वारा दी गई समय सारणी के अनुसार कार्य करवाते हैं।

# नाबालिग की जबरन शादी करने और दुष्कर्म के मामले में तीन आरोपी बरी

## बचाव पक्ष के वकीलों के सवालों का सामना नहीं कर सके गवाह

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**अतिरिक्त** जिला एवं सत्र न्यायाधीश और विशेष अदालत पोक्सो डॉ. गगनदीप कौर सिंह की अदालत ने एक नाबालिग की जबरन शादी करने और दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई करते हुए आरोपियों को ठोस सबूतों के अभाव में निर्दोष पाते हुए बरी कर दिया है।

इस बारे में एक 14 साल की नाबालिग लड़की ने महिला थाना करनाल में जीरो एफआईआर दर्ज करवाई थी जो बाद में थाना कलायत में 30 अप्रैल 2022 को पोक्सो एकट की धारा 6, 4/2, बाल विवाह निरोधक अधिनियम की धारा 9,10,11, धारा 376/2/एन, 376/3, 370, 370-ए, 120-बी आईपीसी के तहत एफआईआर नंबर 124 दर्ज की गई। बचाव पक्ष की ओर से मुकदमे की पैरवी एडवोकेट्स करुण खटकड़ माजरा और राजपाल खटकड़ माजरा ने की। एफआईआर के अनुसार पीड़िता की मां व पिता में आपसी मनमुटाव होने के कारण दोनों अलग अलग रहते हैं। इसके बाद पीड़िता की मां ने दूसरी शादी कर ली। पीड़िता अपनी मां व उसके दूसरे पति के साथ रहती थी। इस बीच मार्च 24, 2022 को पीड़िता अपनी बुआ के साथ कैथल आ गई। यहां उसकी बुआ, फूफा ने उसका रिश्ता एक युवक के साथ कर दिया और तीन अप्रैल को कैथल में उसकी शादी कर दी। बुआ, फुफा ने उसे युवक के साथ उस के घर भेज दिया लेकिन पीड़िता उसके साथ नहीं रहना चाहती थी। पीड़िता का आरोप था कि उसकी बुआ व फूफा ने जबरदस्ती उसकी शादी की है। पीड़िता का कथित पति उससे 80000 रुपये की मांग भी करता था।

यह भी आरोप है कि जबरन शादी करने वाले युवक ने पीड़िता के साथ जबरदस्ती संबंध बनाए। इसके बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज करके उन्हें गिरफ्तार कर लिया तथा चालान बनाकर अदालत के सुपुर्द कर दिया। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया गया तथा महिला अधिवक्ता से काउंसलिंग भी करवाई गई। हालांकि पीड़िता के डीएनए मैच कर गए थे, लेकिन गवाह बचाव पक्ष के वकीलों के सवालों का सामना नहीं कर सके।

# महिला सेल ने शाह अस्पताल के सहयोग से लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर



शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ. शाह

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**आरकेएसडी** कॉलेज की महिला सेल ने छात्रों और शिक्षकों के लिए शाह अस्पताल कैथल के सहयोग से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन डॉ. एमएस शाह ने किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि डॉ. शाह आरकेएसडी कॉलेज के गौरवान्वित पूर्व छात्र हैं। उन्होंने प्रस्ताव स्वीकार करने और कॉलेज में इस शिविर का आयोजन करने के लिए डॉ. शाह को धन्यवाद भी दिया। शिविर में डॉ. आरिफ अब्दुल्ला एमडी मेडिसिन, डॉ. तेजा, डॉ. रितु गर्ग मेडिकल ऑफिसर, डॉ. नेहा शर्मा आहार विशेषज्ञ मुख्य डॉक्टर थीं। छात्रों और संकाय सदस्यों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्न पूछे और डॉक्टरों से संतोषजनक परामर्श प्राप्त किया।

महिला सेल की संयोजक डॉ. ऋतु कंग, सदस्य डॉ. गीता गोयल, डॉ. शिल्पी अग्रवाल, डॉ. विनय सिंघल, सुश्री ऋचा लांगयान और शाह हॉस्पिटल की टीम के सदस्य दया शंकर जीएम, राहुल नेगी ऑपरेशंस हेड, अंकुर शर्मा पीआरओ, शिविर के संचालन में डॉ. अब्दुल रहमान एवं ओपीडी संचालकों ने योगदान दिया। 250 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने पंजीकरण कराया है और इस शिविर के माध्यम से लाभ प्राप्त किया है। इस अवसर पर आरवीएस के उपाध्यक्ष श्याम बंसल, डॉ. एसएस मेहला, श्रीओम, डॉ. गगन मित्तल, डॉ. अशोक अत्री, डॉ. जयबीर धारीवाल, डॉ. एसपी वर्मा, डॉ. सूरज वालिया, यशपाल, रितु मुटरेजा, सीमा गर्ग, राजविंदर, भावना, दिव्या भी उपस्थित थीं।

# पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर किया शोक व्यक्त



**कुरुक्षेत्र।** पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल ने भाजपा के जिलाध्यक्ष रवि बतान के ससुर पृथ्वी सिंह तुर्क के निधन पर शोक व्यक्त किया है। शुक्रवार को पूर्व मंत्री एवं उद्योगपति सावित्री जिंदल उनके आवास पर पहुंची। उन्होंने स्वर्गीय पृथ्वी सिंह तुर्क के बेटे विद्या भारती के क्षेत्र प्रचार प्रमुख एवं हम फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय चौधरी, दामाद भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बतान सहित अन्य परिजनों के साथ दुख सांझा किया। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना भी की।

पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल ने कहा कि पिता का साया एक पेड़ की तरह होता है, जिसकी छांव में पूरा परिवार रहता है। जब छांव प्रदान करने वाला यह पेड़ अपनी अंतिम यात्रा पर निकल जाता है, तो परिवार को उनके जाने से काफी क्षति होती है। जिसकी आपूर्ति असम्भव होती है।

# जेईई (मेन) में एईएसएल रोहतक के 25 स्टुडेंट्स ने हासिल किए 98 व उससे अधिक परसेंटाइल

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने रोहतक से अपने 25 स्टुडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है।

उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टुडेंट्स में अर्पित ने 99.87 परसेंटाइल (फिजिक्स में 100 परसेंटाइल) व एआईआर 2160 हासिल की है। इसी क्रम में निखिल लोहान ने 99.80 परसेंटाइल, रूपेश फोगाट ने 99.74, धीरज ने 99.66 परसेंटाइल हासिल किए हैं।

स्टुडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। हम कामना करते हैं कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में निरंतर सफलता प्राप्त करें।

## स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने ली मतदान की शपथ

**सोनीपत।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के तहत 25 मई को होने वाले मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी करवाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वीप अभियान के तहत गांवों, शहरों तथा स्कूलों में अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इन गतिविधियों के द्वारा लोगों को वोट का महत्व बताते हुए उन्हें वोट डालने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को स्वीप अभियान के तहत गन्नौर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल और बिचपड़ी राजकीय स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्कूलों बच्चों और शिक्षकों को चुनाव के पर्व में अपनी अहम भूमिका निभाने को लेकर मतदान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूली बच्चों को जागरूक किया गया।

# 2024 जावा पेराक का अनावरण : बेहतर प्रदर्शन और बेजोड़ आराम के साथ बॉबर के अनुभव में बढ़ोतरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम / नोएडा

**जावा** पेराक ने हाल ही में लॉन्च किए गए 2024 अपने 334 सीसी के लिक्विड-कूल्ड इंजन में उल्लेखनीय एन्हांसमेंट पेश किया है। इन नई पेशकशों का उद्देश्य है, राइडर के अनुभव को बेहतर बनाना, जो ग्राहक-प्रेरित लर्निंग, नवोन्मेष और अनुसंधान एवं विकास में उत्कृष्टता के प्रति जावा येज़्दी मोटरसाइकिल्स की प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

उल्लेखनीय सुधारों में गियर टूथ में माइक्रो ज्योमेट्री मॉडिफिकेशन का क्रियान्वयन शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप शोर, वाइब्रेशन और हार्शनेस (एनवीएच) स्तरों को कम करने के लिए बेहतर मेशिंग गुणवत्ता प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त, नए गियरबॉक्स कवर, गियरबॉक्स से रिफाइंड साउंड एमिशन में योगदान करते हैं, जिससे एनवीएच विशेषताओं और कुल मिलाकर राइड कम्फर्ट में बढ़ोतरी होती है।

2024 जावा पेराक में एक नया क्रेंकशाफ्ट भी है, जिससे इंजन स्ट्रेस के स्तर में काफी कमी आती है और इस तरह परिष्कृत राइड का आनंद मिलता है। सहज शिफ्टिंग और निर्बाध ट्रांजीशन के लिए असिस्ट एंड स्लिपर (ए एंड एस) क्लच के साथ नया पेराक एक प्रामाणिक बॉबर अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा,



राइडर बेहतर गियर रेशियो और थ्रॉटल मैपिंग के साथ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर सकते हैं, जो शहरी इलाकों में आवागमन से लेकर हाइवे क्रूजिंग तक विविध उपयोग की जरूरतों को पूरा करता है।

अन्य उल्लेखनीय विशेषताओं में एक अपडेटेड पिस्टन स्कर्ट प्रोफाइल, बेहतर एनवीएच और कम घर्षण के लिए सिलिंडर ब्लॉक में कास्ट आयरन लाइनर, चुस्त हैंडलिंग के लिए स्पोर्टियर सस्पेंशन, उत्साही राइडर के लिए मजबूत चेसिस, बेहतरीन ब्रेकिंग क्षमता, 38 मिमी का बड़ा थ्रॉटल बॉडी डायामीटर शामिल हैं, साथ ही एक पेटेंटयुक्त ब्रीदर कैनोपी भी है जो तेल की खपत और उत्सर्जन कम करती है और इस सब से रखरखाव की कम लागत के साथ विश्वसनीय राइडिंग कम्पैनियन के रूप में पेराक की स्थिति मजबूत होती है।

# हेल्थ इंश्योरेंस से आयु सीमा हटाना बड़ी पहल साबित होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आईआरडीए** की तरफ से हेल्थ इंश्योरेंस पालिसी में आयु सीमा की पाबंदी हटाए जाने से वरिष्ठ नागरिकों को बहुत बडी राहत मिली है। इंश्योरेंस इंडस्ट्री के लोग इसे एक सकारात्मक पहल के तौर पर देख रहे हैं। उनका मानना है कि इससे वरिष्ठ नागरिकों में हेल्थ इंश्योरेंस के प्रति पहले से अधिक जागरुकता आएगी।

साथ ही अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक अब व्यापक स्वास्थ्य कवरेज तक आसानी से पहुंच सकेंगे। जोकि अपने आप में बहुत बेहतर और बडी पहल है। पॉलिसी बाजार डॉट कॉम के हेल्थ इंश्योरेंस के बिजनेस हेड सिद्धार्थ सिंघल इसे एक सकारात्मक कदम मानते हैं जो स्वास्थ्य बीमा और स्वास्थ्य सेवा तक आसान पहुंच प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों पर आयु सीमा हटाने के साथ, अधिक से अधिक वरिष्ठ नागरिक अब व्यापक स्वास्थ्य कवरेज तक आसानी से पहुंच सकते हैं, जो स्वास्थ्य देखभाल में समावेशिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। पहले कई उत्पादों में प्रवेश आयु के रूप में 65 वर्ष की सीमा लगाई गई थी, जिससे पहली बार खरीददारों के रूप में वृद्ध व्यक्तियों की स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाने की क्षमता सीमित हो गई थी।

आईआरडीए का यह कदम बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए बीमा के माध्यम से अपने स्वास्थ्य और वित्तीय कल्याण की सुरक्षा के द्वार खोलता है। मानक नियम और शर्तें जैसे प्रतीक्षा अवधि आदि किसी भी नियमित ग्राहक के समान ही होंगी। हालाँकि, पॉलिसीधारकों के लिए पॉलिसी विवरणों की सावधानीपूर्वक समीक्षा करना महत्वपूर्ण है, जिसमें कमरे के किराए की कैपिंग, सह-भुगतान आवश्यकताओं और मोतियाबिंद, घुटने के प्रतिस्थापन आदि जैसे विशिष्ट उपचारों पर उप-सीमाएं शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पहले के नियमों के अंतर्गत बुजुर्गों को हेल्थ बीमा में आयु सीमा के साथ-साथ कई अन्य पाबंदियों से भी जूझना पडता था।

आईआरडीए का यह कदम बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए बीमा के द्वारा अपने स्वास्थ्य और वित्तीय कल्याण की सुरक्षा को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करता है। इसके अंतर्गत नियम और शर्तें जैसे आदि किसी भी नियमित ग्राहक के समकक्ष ही रहेंगी। यह अवश्य है कि पॉलिसीधारकों को अब पॉलिसी विवरणों की सावधानीपूर्वक और अधिक समीक्षा करनी होगी हेल्थ इंश्यरेंस पॉलिसी से आयु सीमा हटाने के बेहतर परिणाम शीघ्र ही सबके सामने होंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## निजी स्कूल संगठन ने परिवहन मंत्री असीम गोयल को सौंपा ज्ञापन



**करनाल।** ओपीएस इंटरनेशनल विद्यालय परिसर में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस आयोजन में हरियाणा परिवहन एवं महिला व बाल विकास विभाग के मंत्री असीम गोयल व अंबाला शहरी मंडल भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी रितेश गोयल ने विशेष रूप से शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन सभा के अध्यक्ष प्रकाश बंसल, प्रबंधक तरुण बंसल, एकेडमिक डायरेक्टर ईशा बंसल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन करनाल के तत्वाधान में हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल को स्कूलों के परिवहन से सम्बंधित समस्याओ के समुचित निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। करनाल इंडिपेंडेंट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान आरएस विर्क, रवि विर्क, आरएम रहेजा,राजन लाम्बा, कुलजिन्दर मोहन सिंह बाठ, विक्रम चौधरी, संजय भाटिया, तनवीर सिंह व गुरशरण सिंह ग्रेवाल इत्यादि उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर में विभिन्न विद्यालयों के संचालकों की परिवहन व इस से संबंधित कई नियमों पर विचार विमर्श करके नियमों में संशोधन या बदलाव करने की हर संभव कोशिश करने का आग्रह किया। एकेडमिक डायरेक्टर ईशा बंसल ने मंत्री असीम गोयल के समक्ष परिवहन एवं स्कूल बस से संबंधित आ रही समस्याओं से अवगत करवाया। जिसको मंत्री असीम गोयल ने पूरा आश्वस्त किया कि आपकी हर समस्या का समाधान करवाया जाएगा। कार्यक्रम में जिला करनाल के सभी शिक्षाविदों ने एक साथ मिलकर आने वाली परेशानियों के संदर्भ में अपने अपने विचार साझा किए।

## पुन: ब्याज की सरकारी मंशा को नहीं होने देंगे सफल : मान



**करनाल।** केंद्रीय सहकारी बैंक की ओर से सहकारी कर्ज पर पुन: ब्याज लागू किए जाने के मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के तत्वाधान में करनाल स्थित सहकारी बैंक परिसर में किसानों ने एकत्रित होकर अपना विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इससे पूर्व स्थानीय अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह घुम्मन की अध्यक्षता में किसान पंचायत का आयोजन किया। किसान पंचायत को वरिष्ठ किसान नेता प्रेमचंद शाहपुर, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सांगवान, किसान नेता राम दुरेजा, इंद्री ब्लॉक अध्यक्ष दिलावर सिंह डबकोली, किसान नेता विनोद राणा ने संबोधित किया। किसान भवन से माल रोड स्थित सहकारी बैंक तक किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष रतन मान की अगुआई में बैंक महाप्रबंधक शीतल से भेंट करके पूरे मामले को लेकर चर्चा की, लेकिन चर्चा सकारात्मक न होने के कारण भाकियू असहमत नजर आए। किसानों ने कहा कि सरकार नए-नए कानून लागू करके किसानों पर अन्याय कर रही है, लेकिन किसान किसी भी कीमत पर इसे सहन नहीं करेगें। रतन मान ने कहा कि सरकार किसानों द्वारा पैक्सों के माध्यम से लिए गए कर्जो पर 7 प्रतिशत की दर से सालाना ब्याज थोपने का प्रयास कर रही है। पूर्व में प्रदेश में शासित कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने किसानों की मांग पर जीरो प्रतिशत की दर पर कर्ज देने की योजना लागू की गई थी। अब मौजूदा सरकार इस योजना को खत्म करने की चाल चल रही है। मान ने कहा कि किसानों से अनावश्यक तौर पर कई तरह के कागजात मांगे जा रहे है। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी किसान भाई अभी किसी बैंक अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा मांगे जाने पर किसी प्रकार के अपने दस्तावेज ना दें। इस अवसर पर किसान नेता बाबू राम डाबरथला, जोगिन्द्र सांगवान, देविन्द्र सांगवान, रणबीर कतलाहड़ी, रमेश बड़सत, सतपाल, राजा राम मान सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे। भाकियू के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने बताया कि आने वाली 28 अप्रैल को जींद की जाट धर्मशाला में संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की बैठक बुलाई गई है। जिसमें इस मुद्दे को भी जोरशोर से उठाया जाएगा।

## सोनीपत में अब तक 333132 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद



**सोनीपत।** उपायुक्त मनोज कुमार ने कहा कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में गुरुवार रात तक 333132 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। उन्होंने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 333132 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 82164 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 152915 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 81776 तथा एफसीआई द्वारा की गई 16277 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केंद्र पर 2695 मीट्रिक टन, भैंसवाल खरीद केंद्र पर 1965 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केंद्र पर 690 मीट्रिक टन, दतौली खरीद केंद्र पर 5086 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केंद्र पर 9452 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मंडी में 27317 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मंडी में 120417 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केंद्र पर 8665 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केंद्र पर 7970 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 7392 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मंडी में 38576 मीट्रिक टन, मुण्डलाना खरीद केंद्र पर 6530 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केंद्र पर 9113 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केंद्र पर 7010 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केंद्र पर 16958 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 10042 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 10780 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 8498 मीट्रिक टन, सोनीपत साईलो पर 6825 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 27151 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त ने बताया कि 333132 मीट्रिक टन गेहूं को 18481 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है।

## खेलों के क्षेत्र में रोजगार के अवसर तलाशें छात्र-छात्राएं

**कैथल।** जाट कॉलेज कैथल के खेल मैदान में डॉक्टर दिनेश यादव राजकीय महाविद्यालय भेरियां पेहवा ने जाट कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं को खेल कबड्डी, खो-खो, एथलेटिक्स, ताईक्वांडो, शूटिंग आदि खेलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉक्टर दिनेश ने बताया कि मनुष्य को स्वस्थ रहने के लिए खेलों से जुड़ा रहना अति आवश्यक है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। खेलों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है। आज के वर्तमान संदर्भ में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार खिलाड़ियों को खेलों में अच्छा प्रदर्शन के कारण रोजगार प्रदान करती है एवं करोड़ों रुपये की आर्थिक सहायता भी देती है। इस अवसर पर जाट कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजकला सिहाग पूनिया ने डॉक्टर दिनेश यादव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ राजकला ने खेलों के लाभ के बारे में विस्तार से बताया। खेलों से नेतृत्व करने की भावना को बढ़ावा मिलता है, भाईचारे की भावना बढ़ती है, दृढ़ संकल्प एवं अनुशासन में रहना सीखते हैं। इस मौके पर प्रो मंजू राजकीय महाविद्यालय कैथल, प्रो सुशील मलिक, प्रो अजय, प्रो राजपाल, प्रो अनिल गिल आदि मौजूद रहे।

पायनियर
हरियाणा, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024



# भाजपा के कार्यक्रमों में विरोध करने वाले गुलाबी गैंग के लोग, सत्ता के लिए छटपटा रहे हैं हुड्डा : शर्मा

## हुड्डा ने सत्ता हासिल कर परिवार वालों को सौंप दी थी, उनके राज में भाई-भतीजावाद और जमकर हुआ भ्रष्टाचारा

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**भाजपा** प्रत्याशी डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि भाजपा के कार्यक्रमों में विरोध करने ह्यवालों का खुलासा हो चुका है। यह गुलाबी गैंग के लोग है, जोकि कार्यक्रमों में खलल डाल रहे है और जनता इन्हें भली भांति पहचान चुकी है और वोट की चोट से इसका जबाव देगी।

उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम हुड्डा को जनता के सामने जबाव देना चाहिए कि आखिर उन्होंने विधानसभा में गढ़ी सांपला किलोई के लिए कितनी बार आवाज उठाई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ चौधर के नाम पर लोगों को गुमराह करके सता हथियाई और बाद में चौधर अपने परिवार के सदस्यों को सौंप दी। इसके बाद भाई भतीजावाद चला और जमकर भ्रष्टाचार हुआ। उन्होंने कहा कि किलोई की जनता को सब पता है कि किस तरह से खर्ची पर्ची के नाम पर उन्हें लूटा गया।

सांसद ने कहा कि इस बार रोहतक सीट पहले से अधिक मार्जन से भाजपा जीत दर्ज करेगी। डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हुई लूट को जनता नहीं भूली है और पूर्व सीएम हुड्डा का सीएम बनने का सपना कभी पूरा नहीं होगा। वीरवार को भाजपा सांसद ने गढ़ी सांपला किलोई के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गढ़ी सांपला किलोई के लोगों को चौधर के नाम पर ठगा गया है और आज फिर वहीं नेता लोगों के बीच जाकर मुख्यमंत्री बनने की बात करते है, जबकि सभी को पता है कि यह चुनाव प्रधानमंत्री बनाने का है ना कि मुख्ययमंत्री चुनने का है। उन्होंने कहा कि हुड्डा तो दिन में भी सीएम बनने के सपने देखने लगे है और लोकसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से बौखलाए हुए है। इस दौरान पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा ने कहा कि इस बार गढ़ी सांपला किलोई की जनता पिता पुत्र को सबक सिखा देगी और कांग्रेस शासनकाल के दौरान किए गए भ्रष्टाचार का जबाव दे देगी। इस अवसर पर सतीश नांदल ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि पूरे प्रदेश में कांग्रेस का जनाधार खत्म हो चुका है और दस की दस सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल ने कहा कि गांव के भाईचारे को कुछ लोग अपनी राजनैतिक इच्छा पुर्ति के लिए खराब करवाना चाह रहे हैं। उन्होंनें कहा कि कांग्रेस मीडिया के सामने जाकर कहते है कि विरोध नही होना चाहिए और भाजपा के कार्यक्रमों में अपने दस बीस आदमी भेजकर कार्यक्रमों में आये लोगों के साथ गलत व्यवहार करते है।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि राजनीति में चुनाव होते रहते है लेकिन गांव के लोग सदैव आपस में यही रहेंगे। ये लोग भाईचारे को तोड़ने वाले है उन्होंनें कहा कि राजनीति में इस प्रकार की ओच्छी हरकत करने से ही कांग्रेस का ग्राफ शून्य होता जा रहा है।



गढ़ी सांपला किलोई विधानसभा के गांव में सांसद अरविंद शर्मा का स्वागत करते ग्रामीण।

## अंबाला लोकसभा प्रत्याशी वरूण चौधरी ने विधायक रेनूबाला से मुलाकात कर रणनीति पर की चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**अंबाला** लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार एवं मुलाना विधान सभा क्षेत्र से विधायक वरूण चौधरी ने अपने प्रचार की शुरुआत करते हुए सढौरा की विधायक रेनूबाला व इंजीनियर ऋषि पाल चौधरी से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस मौके पर वार्तालाप करते हुए सढौरा विधायक रेनूबाला ने कहा कि भाजपा के झूठे वादों और जुमलों से देश की जनता पूरी तरह ऊब चुकी है और अब बदलाव के मूड़ में है।

रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले की तरह देश में रोजगार के अवसर पैदा करेंगी, उच्च स्तर की शिक्षा मुहैया करायेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एम्स जैसे बड़े-बड़े संस्थान बनाए और अब भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देश की जनता को प्रदान करेगी। रेनूबाला ने कहा कि जनता की निगाहें कांग्रेस पर टिकी है और इंडिया गठबंधन हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीटें जितेगा। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार हर बच्चे की सरकार होगी, हर जवान की सरकार होगी, हर बुजुर्ग की सरकार होगी, हर महिला की, हर मां की, बेटी की सरकार होगी। कांग्रेस पार्टी ने भारत का निर्माण किया है और अब नवभारत का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सभी वर्गों, धर्म,जातियों व बिरादरियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। आप को बतादें कि वरुण चौधरी मुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक हैं। उनके पिता फूलचंद मुलाना कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री भी रह चुके हैं। वरुण चौधरी ने 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी राजबीर बराड़ा को शिकस्त दी थी और अब लोकसभा चुनाव में अपना भाग्य आजमाने जा रहे हैं।



## सांपला में आयोजित कथा में भजनों पर नाचना दो महिलाओं को पड़ा भारी

### दूसरी महिला ने दोनों की सोने की चुराई चेन, वारदात के फुटेज सीसीटीवी में हुए कैद

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**रोहतक** के सांपला अजब-गजब चोरी का मामला सामने आया है। वारदात उस समय हुई जब महिलाएं महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में श्रीमद्भागवत कथा को सुनने के लिए गई थी। इसी दौरान भजनों पर सभी नाच रहे थे। मौका पाकर एक महिला ने नाचते गाते समय दो महिलाओं की सोने की चेन चोरी कर ली।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमे महिला अपने मुंह से चेन खोलते हुए नजर आ रही है। दोनों पीड़िता आपस में सहेलियां है। इस संबंध में सांपला थाने में चोरी का केस दर्ज किया गया है। सांपला थाने के कार्यकारी प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि केस दर्ज की सीसीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं।

पुलिस को दी शिकायत में सांपला के वार्ड नंबर 10 के महाजन मोहल्ला निवासी सुनीता ने शिकायत दी है कि 24 अप्रैल को वह अपनी सहेली रीना निवासी वार्ड नंबर 11 के साथ महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में भागवत की कथा सुनने के लिए गई थी। कथा के आरंभ में नाचते गाते समय सुनीता व रीना के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। डेढ़-डेढ़ तोले की थी। उस वक्त उसने सोचा कि चेन शायद नाचते समय गिर गई। वे अपने स्तर पर तलाश करती रही, लेकिन कहीं पता नहीं लगा।

वीरवार को जब कथा में जाकर वीडियो फुटेज देखी तो रीना की चेन एक महिला गले से चोरी करती हुई दिखाई दे रही है। सांपला थाने के कार्यकारी प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि केस दर्ज की सीसीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। जल्द वारदात का खुलासा किया जाएगा।



गोल घेरे में चोरी करने वाली महिला, मुंह से चेन खोलते हुए महिला लाल घेरे में।

## कॅरियर परामर्श कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी



**आज** सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जगाधरी में प्रधानाचार्य श्री सतीश कुमार गर्ग जी के कुशल मार्गदर्शन में कॅरियर परामर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री अनुज भारद्वाज जी ने की।

श्रीमती रुचि सिंगला ने विद्यार्थियों को अपना भविष्य बनाने के प्रति प्रेरित किया। इंस्टीट्यूट ऑफ़ चार्टेड एकाउंटेंसी ऑफ़ इंडिया की तरफ़ से श्री रजत अलघ, चार्टेड अकाउंटेंट, ने बच्चों को बारहवी कक्षा के बाद बेहतर भविष्य बनाने के लिए चार्टेड अकाउंटेंसी के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने चार्टेड अकाउंटेंट बनने के लिए योग्यता, परीक्षा का स्वरूप, पेपरों की संख्या, परीक्षा फ़ीस और अन्य ज़रूरी सूचनाप्रदान की। चेयरमैन श्री कमल किशोर भाटिया जी ने बताया कि विद्यार्थियो को इस परीक्षा से बिलकुल भी डरने की ज़रूरत नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि मेहनती विद्यार्थी इस परीक्षा में सौ प्रतिशत सफल होगा।

उनके अनुसार वाणिज्य के विद्यार्थियो के लिए इस क्षेत्र में अपार सम्भावनाएँ हैं। वाणिज्य विभाग की श्रीमति नेहा गौतम नें बच्चों को जीवन में सफ़ल होने के गुर बताए। उन्होंने अनुशासन की महत्ता पर ज़ोर दिया। विद्यार्थियो ने परामर्शदाता से अपनी जिज्ञासा के अनुसार प्रश्न पूछे। इस कार्यक्रम को बच्चों ने बहुत पसंद किया।

## यूनाइटेड पास्टर्स एसोसिएशन ने चन्नी को समर्थन देने की घोषणा की

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

**जालंधर** लोकसभा क्षेत्र के मसीह समुदाय ने कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के साथ बैठक की, इस दौरान यूनाइटेड पास्टर्स एसोसिएशन ने चुनाव में चरणजीत सिंह चन्नी को समर्थन देने की घोषणा की मसीह समुदाय की उन्होंने अपनी मांगों और समुदाय के सामने आने वाली समस्याओं के बारे में भी बताया।

यूनाइटेड पास्टर्स एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि चरणजीत सिंह चन्नी एक बेदाग व्यक्तित्व हैं और उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए राज्य के लिए असाधारण काम किया है। इन नेताओं ने कहा कि जालंधर के विकास और प्रगति के लिए एक शिक्षित और दूरदर्शी नेता की जरूरत है ये सभी गुण चरणजीत सिंह चन्नी में हैं, जिसके कारण समुदाय ने चरणजीत सिंह चन्नी की जीत में बड़ा योगदान देने का फैसला किया है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने मसीह समुदाय को उनकी मांगों का समाधान भी दिया उन्होंने ऐसा करने का आश्वासन दिया और कहा कि वह हर धर्म और समुदाय का सम्मान करते हैं और सभी को समान मानते हैं। उन्होंने यूनाइटेड पास्टर्स एसोसिएशन के नेताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि अन्य समुदायों की तरह, ईसाई समुदाय ने हमेशा उनका समर्थन किया है। इस अवसर पर बशीर मसीह, हमीद मसीह उपाध्यक्ष कांग्रेस, पादरी अश्वनी मसीह अध्यक्ष यूपीए, मास्टर लॉटर अध्यक्ष यूपीए ट्रस्ट, पीटर मसीह बुलंदपुरी अध्यक्ष क्रिश्चियन वेलफेयर, अनवर मसीह, पादरी जतिन, पादरी गोतम आदि बड़ी संख्या में मसीह समुदाय के लोग शामिल हुए।



## चुनाव के दौरान अवैध शराब पर रखें कड़ी नजर

**यमुनानगर।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एंव डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में अवैध रूप से शराब की बिक्री न हो इसके लिए संबंधित विभाग तत्परता से निगरानी करें और समय-समय पर अधिकृत शराब ठेकों पर रिकॉर्ड भी चेक करें। किसी भी हाल में जिला अवैध शराब ना मिले। अगर कहीं भी अवैध शराब पाई गई तो संबंधित लोगों खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध लोगों व स्थानों पर कड़ी नजर रखते हुए जिला में अवैध शराब की सप्लाई को रोकने में सजगता रखनी है। इसके अलावा अवैध व नकली शराब की बिक्री जैसी गतिविधियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा कड़ी नजर रखी जाए।

## वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा पूरी तरह तैयार है : लोकसभा प्रभारी डॉ. पवन सैनी

**पायनियर समाचार सेवा।** जगाधरी

**भाजपा** जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों को लेकर जिला यमुनानगर भाजपा संगठन पूरी तरह तैयार है, लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड जीत के लिए भाजपा जिला संगठन का बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में चुनाव प्रबंधन समिति द्वारा यमुनानगर और जगाधरी विधानसभा के पदाधिकारियो एक अहम बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता अंबाला लोकसभा प्रभारी पवन सैनी ने की।हरियाणा के कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर , विधायक घनश्यामदास अरोड़ा और जिला अध्यक्ष राजेश सपरा साथ रहे। अम्बाला लोकसभा भाजपा प्रभारी पूर्व विधायक डाक्टर पवन सैनी ने भाजपा संगठन की इस बैठक में पार्टी द्वारा चलाए गए अभियानों और कार्यक्रमों की समीक्षा तथा लोकसभा चुनाव को लेकर किए जाने वाले कामों पर चर्चा की। अम्बाला लोकसभा चुनाव समिति के सभी विभागों के प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इन बैठकों में अब तक हुए कार्यक्रमों की जानकारी लोकसभा प्रभारी पवन सैनी को दी। चुनावी अभियान को धार देने के लिए खास मुद्दों पर मंथन हुआ। पार्टी द्वारा चलाए गए अभियान और कार्यक्रमों की समीक्षा के बाद आने वाले दिनों में पार्टी के चुनावी लक्ष्यों की रूपरेखा भी बैठक में तैयार की गई। बैठक में अंबाला लोकसभा प्रभारी पूर्व विधायक पवन सैनी ने कार्यकर्ताओं की संबोधित करते हुए कहा की सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा,मेहनत और लगन के साथ कार्य करे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है कि जब देश का गरीब, किसान, महिलाएं और युवा सशक्त होंगे तो देश मजबूत होगा। हर नागरिक का सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी लगातार काम कर रहे हैं। मोदी सरकार ने किसानों की हर मुश्किल को आसान करने का काम इन 10 सालों में किया है। चुनाव का समय नजदीक आ रहा है, ऐसे में सभी नेता और कार्यकर्ता और अधिक मेहनत करें तथा लोगों को मोदी सरकार और नायब सरकार की कल्याणकारी नीतियों के बारे में बताएं।प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प रखा है वो तभी पूरा होगा जब एक बार फिर से मजबूती के साथ मोदी सरकार बनेगी।

उन्होंने कहा कि हमारा देश विकसित बने हम उसी दिशा में हम आगे बढ़ रहे है। भाजपा का लक्ष्य जनता के सपनों के अनुरूप शक्तिशाली और विकसित भारत का निर्माण करना है। भाजपा ने जो कहा है वह करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में जिसका शिलान्यास किया उसका उद्घाटन भी किया। कृषि मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने भाजपा कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा की भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।



## अग्निहोत्री प्रदेश भाजपा मानवाधिकार सेल के को-कन्वीनर नियुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** जालंधर

### जालंधर में भाजपा रचेगी इतिहास, सुशील रिंकू बड़े अंतर से जीत दर्ज करके मोदी सरकार को करेंगे मजबूत-राजेश अग्निहोत्री भोला

**भारतीय** जनता पार्टी प्रदेश भाजपा मानवाधिकार सैल के प्रदेश अध्यक्ष ने सीनियर लीडरशीप से विचार विमर्श करके राजेश अग्निहोत्री भोला को प्रदेश भाजपा मानवाधिकार सैल का को-कन्वीनर नियुक्त किया है।

भाजपा ज्वाइन करने से पहले राजेश अग्निहोत्री भोला ने अपना राजनीतिक सफर कांग्रेस में शुरू करते हुए वार्ड अध्यक्ष,दो बार विधानसभा इंचार्ज, इसके साथ एक बार जिला कॉन्ग्रेस में इलीक्टेड अध्यक्ष और इसके साथ यूथ डेवलपमेंट बोर्ड के वाइस चेयरमैन भी रह चुके है। इसके साथ साथ वे वर्तमान में वेस्ट हल्के में पूरी तरह भाजपा की नीतियों और सुशील रिंकू की जीत को पक्का करने लिए आम जनता के बीच में जा रहे है।पार्टी ने उनकी लगन, ईमानदारी और मेहनत की बदौलत ही उन्हें प्रदेश के सेल की टीम में शामिल किया है। प्रदेश सेल अध्यक्ष ने इस नियुक्ति पर उन्हें मुबारकबाद दी है। राजेश अग्निहोत्री भोला ने अपनी नियुक्ति पर भाजपा लीडरशिप का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे पूरी तरह तन्मयता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे सौपी गई है,मैं उसे पूरी तरह वचनवद्ध होकर निभाऊँगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा मानवाधिकार सैल लोकसभा चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है तथा इस बार भाजपा की अप्रत्याशित जीत होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया गठबंधन प्रदेश की सभी दस सीटों पर जीतेगा



**जगाधरी।** भाजपा के झूठे वादों और जुमलों से देश की जनता पूरी तरह ऊब चुकी है और अब बदलाव के मूड़ में है। यह शब्द सढौरा की विधायक रेनूबाला ने हलके के फतेहगढ़ तुंबी व सरस्वतीनगर (मुस्ताफाबाद) में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों को कही। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले की तरह देश में रोजगार के अवसर पैदा करेंगी, उच्च स्तर की शिक्षा पैदा करेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एम्स जैसे बड़े-बड़े संस्थान बनाए और अब भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देश की जनता को प्रदान करेगी। रेनूबाला ने कहा कि जनता की निगाहें कांग्रेस पर टिकी है और इंडिया गठबंधन हरियाणा में दस की दस लोकसभा सीटें जितेगा। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार हर बच्चे की सरकार होगी, हर जवान की सरकार होगी, हर बुजुर्ग की सरकार होगी, हर महिला की, हर मां की, बेटी की सरकार होगी। कांग्रेस पार्टी ने भारत का निर्माण किया है और अब नवभारत का निर्माण करेगी रेनूबाला ने कहा कि देश की जनता की आवाज है कि कांग्रेस पार्टी की तरफ से प्रत्याशी चाहे कोई भी हो हमारी वोट कांग्रेस पार्टी के साथ है। रेनूबाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को सभी वर्गों, धर्म,जातियों व बिरादरियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। रेनूबाला ने कहा कि अंबाला लोकसभा में हमारा उम्मीदवार लाखों के अंतर से जीत दर्ज कर रिकार्ड कायम करेगा।

### बृज शर्मा जेजेपी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी ने बृज शर्मा को हरियाणा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। जजपा की ओर से इस नियुक्ति की घोषणा की गई है। बृज शर्मा जेजेपी के राष्ट्रीय महासचिव भी रहे हैं। साल 2019 में उन्होंने करनाल जिले के असंध सीट से विधानसभा चुनाव लड़ा था। असंध हरियाणा की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट मानी जाती है। लोकसभा चुनाव के समय गैर जाट को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त कर जेजेपी नेतृत्व ने सर्व समाज की राजनीति करने का संदेश दिया है। जेजेपी की और से कहा गया है कि जनननायक जनता पार्टी द्वारा बृज शर्मा पुत्र त्रिलोक चंद शर्मा निवासी मकान नंबर 641 सेक्टर 8, करनाल को जेजेपी का हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। बृज शर्मा की यह नियुक्ति तत्ककाल प्रभाव से लागू भी हो गई है। इस महीने की शुरुआत में जेजेपी के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने पार्टी छोड़ दी थी। पूर्व सांसद अजय सिंह चौटाला के नेतृत्व वाली साढ़े पांच साल पुरानी जेजेपी से पिछले महीने भाजपा ने नाता तोड़ लिया था और घोषणा की कि वह 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में हरियाणा में अपने उम्मीदवार उतारेगी। जननायक जनता पार्टी ने अब तक पांच लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बता दें कि हरियाणा में लोकसभा चुनाव 25 मई को होंगे। दिसंबर 2018 में स्थापित जेजेपी ने 2019के हरियाणा विधानसभा के चुनावो मे दस सीट हासिल की थी। इन चुनावों में भाजपा 46 सीट के बहुमत के लक्ष्य के मुकाबले चालीस सीट पर सिमट गई थी। भाजपा ने सरकार बनाने के लिए जेजेपी और निर्दलीय विधायकों का समर्थन लिया था। जेजेपी साढ़े चार साल भाजपा के साथ सत्ता में रही, लेकिन लोकसभा चुनाव के वक्त भाजपा ने जेजेपी का समर्थन छोड़ दिया।

### स्वास्थ्य विभाग के काम-काज का लिया जायजा

**जालंधर।** डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल ने आज स्वास्थ्य विभाग के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए वेक्टर बोर्न बीमारियों, विशेषकर मानसून के मौसम में होने वाली बीमारियों से निपटने के लिए एक व्यापक योजना तैयार करने का निर्देश दिया। डिप्टी कमिश्नर ने डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से निपटने के लिए पहले से इंतजाम करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को इन बीमारियों से बचाने के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। डॉ. अग्रवाल ने स्वास्थ्य अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि मरीजों को सरकारी अस्पतालों में बिना किसी परेशानी के इलाज की सुविधा मिले। इस दौरान डिप्टी कमिश्नर ने नैशनल प्रोग्राम फार क्लाईमेट चेज एंड हयूम्न हैल्थ, आपदा प्रबंधन, आईडीएसपी, एनटीईपी और टीबी फार्म सहित विभिन्न स्वास्थ्य प्रोग्राम की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने जालंधर के लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रशासन की वचनबद्धता भी दोहराई। बैठक के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

### सीटी इंस्टीट्यूट ने निबंध लेखन प्रतियोगिता की मेजबानी की



**जालंधर।** सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ ने विद्यार्थी संघर्ष मोर्चा के सहयोग से एक घोषणापत्र और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें बीएएलएलबी और बीकॉमएलएलबी कार्यक्रमों में नामांकित छात्रों को शामिल किया गया इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी भाषण कला एवं साहित्यिक कौशल का प्रदर्शन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष वरुण बधान और अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। डॉ. जोगिंदर पाल सिंह उगी, ग्रेड फोर सरकारी कर्मचारी यूनियन के पंजाब अध्यक्ष। जोगी दत्त, प्रभावशाली व्यक्ति; वहीं यूथ कांग्रेस जालंधर के अध्यक्ष लक्की संधू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। इस अवसर पर दर्शकों को संबोधित करते हुए विद्यार्थी संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष वरुण बधान ने ऐसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में बोलने का सौभाग्य बताया। उन्होंने युवाओं की प्रतिभा और आवाज को पोषित करने के लिए ऐसे प्लेटफार्मों के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थी संघर्ष मोर्चा ने विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान के लिए 2100 रुपये। प्रथम उपविजेता को 1100 रु. द्वितीय उपविजेता के लिए 500 इनाम दिया गया। सीटी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के प्रिंसिपल डॉ. मानवप्रीत कौर ढींडसा ने ऐसे अवसरों को गंभीरता से लेने और भविष्य की कैरियर संभावनाओं के लिए अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विजेताओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और सभी प्रतिभागियों को अपने कौशल को निखारने के लिए प्रोत्साहित किया।

### गेहूं के अवशेष जलाने पर धारा 144 के तहत रोक

**सोनीपत।** जिलाधीश मनोज कुमार ने जनहित को ध्यान में रखते जिला की सोनीपत की सीमा में भारतीय दंड संहिता 1973 की धारा 144 के तहत गेहूं की फसल के अवशेषों को जलाने पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाई के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 20 जून 2024 तक लागू रहेंगे। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि अगर कोई व्यक्ति इन आदेशों की पालना नहीं करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा। जिलाधीश ने अपने आदेशों में कहा कि कहा कि खेतों में किसानों द्वारा गेहूं कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में कुछ किसानों द्वारा कंबाईन से और कुछ द्वारा हाथों से गेहूं की कटाई की जा रही है। ऐसे समय में अगर खेतों में बचे हुए गेहूं के अवशेषों को आग लगाते हैं तो इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है और मानव जीवन को खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि फसल अवशेष जलाने से पशुओं के लिए चारे के कमी के साथ-साथ तापमान के बढने् की संभावनाएं बनी रहती है। जिलाधीश ने कहा कि किसानों को फसलों के अवशेषों के उचित प्रबंधन की ओर कदम बढ़ाना चाहिए। किंतु बहुत से किसान अवशेषों को जलाते हैं जो कि उचित नहीं है।

# ईवीएम को लेकर दाखिल याचिकाओं को करीब 40 बार अदालतों ने खारिज किया है : निर्वाचन अधिकारी

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**मतपत्र** से मतदान की प्रक्रिया की वापसी का अनुरोध करने वाली याचिका उच्चतम न्यायालय से खारिज होने के बाद निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने रेखांकित किया कि कम से कम 40 मौकों पर संवैधानिक अदालतों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की विश्वसनीयता को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज की हैं। पदाधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की उस टिप्पणी को भी रेखांकित किया जिसमें उन्होंने कहा था कि ईवीएम शत प्रतिशत सुरक्षित हैं और राजनीतिक दल भी दिल की गहराई से जानते हैं की मशीन सही है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ ईवीएम का उपयोग करके डाले गए मतों के 100 प्रतिशत सत्यापन का अनुरोध करने वाली याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि प्रणाली के किसी भी पहलू पर आंख बंद करके अविश्वास करना बेवजह संदेह पैदा कर सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने



मामले में सहमति वाले दो फैसले सुनाए और इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दीं जिनमें दोबारा मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुन: अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी शामिल है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करने के लिए 16 मार्च को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा था, करीब 40 बार संवैधानिक अदालतों (उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय) ने ईवीएम को चुनौती देने वाली याचिकाएं खारिज की हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के एक प्रकाशन का हवाला देते हुए कहा कि इससे पता चलता है कि कितने मौकों पर सत्तारूढ़ दल उन चुनावों में हार गए हैं जहां ईवीएम का इस्तेमाल किया गया था।

कुमार ने कहा था, राजनीतिक दल ईवीएम के कारण अस्तित्व में आए हैं। कई छोटे दल हैं, जो मतपत्र के युग में अस्तित्व में नहीं आए होंगे। उन्होंने कहा कि ईवीएम निष्पक्ष हैं और राजनीतिक दल इसे अपने दिल की गहराई से स्वीकार करते हैं। कुमार ने ईवीएम को शत प्रतिशत सुरक्षित और शत प्रतिशत निश्चित बताया। न्यायालय ने दो निर्देश जारी किए। न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में चिह्न लोड करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित करने के निर्देश दिए। शीर्ष अदालत ने ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों को यह अनुमति दी कि वे परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीन के माइक्रोकंट्रोलर को सत्यापित कर सकते हैं।

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पत्नी के साथ तिरुपति मंदिर में दर्शन किए

**तिरुपति।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को श्री वेंकटेश्वर मंदिर में अपनी पत्नी सुधेश धनखड़ के साथ दर्शन-पूजन किया। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि उपराष्ट्रपति ने अपनी मंदिर यात्रा को एक दैवीय अनुभव बताया। धनखड़ के हवाले से प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, यह यात्रा आध्यात्मिकता, दैवत्व और धार्मिकता के बहुत करीब रही। उन्होंने कहा, सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूं और मानवता के लिए मंगल कामना कर रहा हूं।

# कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के जरिए देना चाहती है गोमांस खाने का अधिकार : आदित्यनाथ

**एजेंसी।** मुरादाबाद

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंडिया गठबंधन और इसके प्रमुख घटक दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि ये लोग अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खाने की छूट देना चाहते हैं, यानी ये गोकशी की छूट देने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा, येबेशर्म लोग हमारी गाय को खाने की छूट देंगे, जबकि हमारा शास्त्र गाय को विश्व माता कहता है, उस गाय को ये कसाइयों के हाथों देंगे, क्या हिन्दुस्तान कभी इसे स्वीकार करेगा? भाजपा कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री शुक्रवार को संभल लोकसभा सीट के लिए बिलारी (मुरादाबाद) में भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देशवासियों और महिलाओं की संपत्तियों को जब्त करके रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों में बांटना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र के जरिए



देशवासियों की संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात कहती है, इसका मतलब कि अगर किसी के घर में चार कमरे हैं तो चार में से दो को कब्जे में ले लेंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस कहती है कि महिलाओं के जेवर को भी अपने कब्जे में ले लेंगे। हिन्दुस्तान इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। 2004 से 2014 के बीच संप्रग की सरकार में इन्होंने ऐसे प्रयास किए थे। इन्होंने एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। उन्होंने सच्चर कमेटी और न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्रा कमेटी की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इसे लागू करके पिछड़ी जाति के आरक्षण में से मुसलमानों को छह प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है।

योगी ने पूछा कि अगर ऐसा है तो गरीब, पिछड़ा और दलित कहां जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश के विभाजन के लिए फिर से साजिश रची रही है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि सुनने में आया है कि भाई-बहन दोनों अयोध्या जाना चाहते हैं, जब सरकार थी तब ए लोग कहते थे कि राम हुए ही नहीं, अब कहते हैं कि राम सबके हैं, यही इनका दोहरा चरित्र है, इनपर हमें विश्वस नहीं करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए ऐसी सरकार को बनाने पर जोर देना होगा, जिन्होंने भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का संकल्प लिया हो। उन्होंने कहा कि संभल में कमल खिलने का मतलब यहां के सुरक्षा की गारंटी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जबसे आपने उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई है, दंगाई को पता चल गया है कि दंगा कराया तो राम नाम सत्य है कि यात्रा निकल जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा , हमारे धार्मिक शास्त्र कहते हैं कि कलियुग में यहां पर कल्कि अवतार होगा, अधर्मी, अत्याचारियों और अन्यायियों को सही जगह पर पहुंचाने का कार्य करेंगे कल्कि भगवान और इसका आधार बनेगा कमल का निशान। इस अवसर पर संभल से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी, लोकसभा प्रभारी राकेश सिंह, संयोजक पंकज गुप्ता, भुवनेश राघव, अनामिका यादव सहित भाजपा और रालोद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने मतदाताओं को प्रलोभन देने का आरोप लगाया

**रामनगर।** जनता दल (सेक्युलर) के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि बेंगलुरु ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र, खासकर कनकपुर तालुका में नकदी और गिफ्ट वाउचर बांटे गए।उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के प्रमुख डी.के. शिवकुमार के भाई डी.के. सुरेश चौथी बार इस सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। जद(एस) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। राजग ने इस सीट से हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सी.एन मंजूनाथ को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का उम्मीदवार बनाया।

मंजूनाथ, कुमारस्वामी के बहनोई और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी देवेगौड़ा के दामाद हैं। राज्य में आज 14 लोकसभा सीटों पर जारी मतदान के बीच कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि कनकपुरा तालुका में भाजपा और जद (एस) के कुछ समर्थकों पर हमला किया गया और उनके कपड़े तक फाड़ दिए गए।उन्होंने आरोप लगाया, लोगों को गारंटी कार्ड (गिफ्ट वाउचर) बांटे गए, जिनसे वे 10,000 रुपए तक की खरीदारी कर सकते हैं। जब हमारे कार्यकर्ताओं ने आवाज उठाई तो उन पर हमला कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात से नकदी भी बांटी गई।

# झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं भाजपा अध्यक्ष, मनमोहन सिंह के बयान को गलत तरीके से पेश किया : कांग्रेस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हमले पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की टिप्पणियों को गलत संदर्भ में पेश कर रहे हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हार सुनिश्चित देकर प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष और सत्तारूढ़ दल के नेता बौखला गए हैं और ऐसे में वे ध्रुवीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। रमेश ने एक बयान में कहा, भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आरोप झूठ पर आधारित हैं। लगता है कि प्रधानमंत्री





नरेन्द्र मोदी की हवा उनको लग गई है और झूठ प्रचार नड्डा बन गए हैं। उनका कहना है कि भाजपा अध्यक्ष ने 9 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद की बैठक में मनमोहन सिंह द्वारा दिए गए भाषण को गलत तरीके से पेश किया है।


रमेश के अनुसार, मनमोहन सिंह ने कहा था, मेरा मानना है कि हमारी सामूहिक प्राथमिकताएं बहुत स्पष्ट हैं। कृषि, सिंचाई एवं जल संसाधन, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण इन्फ्रास्ट्रक्चर में निवेश, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों, महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए कार्यक्रम हमारी प्राथमिकताएं हैं। उनके मुताबिक, तत्कालीन प्रधानमंत्री ने इससे आगे कहा था, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के लिए योजनाओं को नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। हमें ये सुनिश्चित करने के लिए नई योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिमों को विकास में समान भागीदारी मिले। संसाधनों पर पहला हक उनका होना चाहिए। केंद्र के पास असंख्य अन्य जिम्मेदारियां हैं जिनकी मांगों को समग्र संसाधन उपलब्धता के अनुरूप बनाना होगा। उन्होंने कहा कि बयान में यह देखा जा सकता है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री का संसाधनों पर पहला हक् का संदर्भ ऊपर सूचीबद्ध सभी प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को संदर्भित करता है, जिनमें एससी, एसटी, ओबीसी, महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के उत्थान के कार्यक्रम शामिल हैं। रमेश ने दावा किया, असली बात है कि भाजपा बौखलाई हुई है। भाजपा दक्षिण भारत में साफ और उत्तर एवं मध्य भारत में हाफ।

# प्रचार से रोकने के लिए जेल भेजे गए केजरीवाल को बाहर लाने का चुनाव है : कुलदीप कुमार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के लिए दिल्ली में तीन प्रमुख दलों में सबसे युवा उम्मीदवार कुलदीप कुमार (आम आदमी पार्टी) ने कहा कि यह चुनाव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भावनाओं और गुस्से से जुड़ा है। कुमार ने कहा कि अपने छात्र जीवन में अखबार बांटने से लेकर पार्षद और फिर विधायक बनने तथा अब पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र से आप उम्मीदवार बनने तक, उन्होंने संघर्षों से भरा जीवन देखा है। दिल्ली में लोकसभा चुनाव 25 मई को हैं। एक सफाई कर्मी के पुत्र कुमार ने कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व है। कुमार कोंडली (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रहे हैं लेकिन अब वह एक सामान्य सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी चिंता नहीं है।

आम चुनाव शुरू होने के पहले पार्टी को उसके राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल की कथित आबकारी नीति घोटाला में गिरफ्तारी से बड़ा झटका लगा। कुमार ने कहा, उनकी (केजरीवाल की) अनुपस्थिति निश्चित रूप से हमें परेशान करेगी।



**चुनाव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भावनाओं और गुस्से से जुड़ा है।**

यही वजह है कि जब यह सवाल आता है कि हमारे लिए प्रचार कौन करेगा, तो लोग कहते हैं कि वे हमारे लिए प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा, दिल्ली के लोग हमारे लिए प्रचार कर रहे हैं। यह चुनाव आप या कुलदीप कुमार नहीं लड़ रहे बल्कि जनता लड़ रही है। कुमार ने कहा कि 2024 का चुनाव पिछले चुनावों से अलग है और यह चुनाव दिल का चुनाव हैं। ये केजरीवाल जी को बाहर लाने का चुनाव है। कुमार का दिन सुबह पांच बजे शुरू होता है और प्रचार अभियान और सभाओं के कारण देर रात समाप्त होता है। उन्होंने कहा कि वह जहां भी जाते हैं, लोग उनसे केजरीवाल का हाल-चाल पूछते हैं और सवाल करते हैं कि वह जेल से कब बाहर आएंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री फिलहाल सात मई तक तिहाड़ जेल में बंद हैं। कुमार ने कहा, लोग हमसे पूछते हैं कि वह कब बाहर आएंगे और हम उन्हें कब वापस लाएंगे। दूसरा सवाल यह है कि क्या वह ठीक हैं। सरकार ने उनके खिलाफ साजिश रची है और उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकती है। उन्होंने कहा कि लोग बेहद चिंतित हैं और अगर लोकतंत्र में लोगों के कल्याण के लिए काम करने वाले किसी लोकप्रिय नेता को गिरफ्तार किया जाता है तो लोगों में नाराजगी स्वाभाविक है। कुमार ने कहा, इस बार लोग गुस्से में हैं। वे 25 मई की प्रतीक्षा कर रहे हैं जब वे आम आदमी पार्टी को चुनेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने सोचा था कि वे सरकार गिरा देंगे और पार्टी तोड़ देंगे, लेकिन यह ऐसी पार्टी है जिसे दिल्ली के लोगों ने बनाया है। कुमार का मुकाबला भाजपा के हर्ष मल्होत्रा से है। मशहूर क्रिकेटर गौतम गंभीर ने 2019 के चुनाव में भाजपा के टिकट पर सीट जीती थी।

# बेंगलुरु : मतदान बढ़ाने के लिए अनूठा तरीका, वोट देने पर मक्खन डोसा मुफ्त

**एजेंसी।** बेंगलुरु

**बेंगलुरु** में शुक्रवार को अलग-अलग रेस्तरां के बाहर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दीं, जहां लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले मतदाताओं को मुफ्त डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य उत्पादों पर छूट दी जा रही है।

बृहत बैंगलोर होटल एसोसिएशन (बीबीएचए) से संबंधित कई रेस्तरां शहर में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर ए अनूठी पहल लेकर आए। इनमें से कुछ रेस्तरां लोकसभा चुनावों में मतदान करने वाले मतदाताओं को या तो मुफ्त में खाना दे रहे हैं या फिर बिल में छूट की पेशकश कर रहे हैं।

कर्नाटक की 28 लोकसभा सीट में से 14 पर आज मतदान हो रहा है, जिनमें बेंगलुरु साउथ, सेंट्रल, नॉर्थ और ग्रामीण लोकसभा सीट भी शामिल हैं। यहां नृपतुंगा मार्ग पर स्थित निसर्ग ग्रांड होटल ने वोट माडी, ऊटा माडी (वोट डालें और भोजन करें) अभियान के तहत मतदान करने वाले मतदाताओं को अपनी स्याही लगी उंगली दिखाने पर मुफ्त बटर डोसा, लड्डू और जूस दिया।बीबीएचए के अध्यक्ष पीसी राव ने पिछले लोकसभा चुनावों का



हवाला देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में बेंगलुरु में मतदान केवल 54 प्रतिशत (औसत से काफी कम) रहा था जबकि शहर में शिक्षित और युवा मतदाताओं की अच्छी संख्या है लेकिन तब भी बहुत कम मतदान हुआ था। उन्होंने कहा, इसलिए हमने इस अनूठी पहल की घोषणा की। इसका मतलब यह नहीं है कि बेंगलुरु के लोगों के पास पैसे नहीं हैं। उनके पास बहुत पैसा है लेकिन फिर भी वोट करने नहीं आते। इसलिए हम (कुछ) होटल मुफ्त खाना और कॉफी दे रहे हैं जबकि कुछ 20 से 30 फीसदी की छूट के साथ खाना दे रहे हैं। नसर्ग ग्रांड होटल को देखने के बाद उन्होंने कहा कि इस अभियान के हिस्से के रूप में करीब दो हजार लोगों ने मुफ्त बटर डोसा, लड्डू खाया और जूस पिया।

## खुद को पायलट बताने वाला व्यक्ति दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे से एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद को कथित तौर पर एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताता था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार उन्होंने बृहस्पतिवार को एयरलाइन की वर्दी पहने हुए एक व्यक्ति को मेट्रो स्काईवॉक क्षेत्र में घूमते हुए देखा। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाईअड्डा) उषा रंगनानी ने कहा, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के सामने उसने खुद को एक एयरलाइन कंपनी का पायलट बताया, उसने अपने गले में लटका हुआ एक पहचान पत्र (आईडी) दिखाया। सीआईएसएफ के कर्मियों को कुछ गड़बड़ दिखी और पूछताछ करने पर उसकी पहचान नोएडा के संगीत सिंह के रूप में हुई।पुलिस उपायुक्त ने कहा, जांच से पता चला कि उसने कुछ ऑनलाइन एप्लिकेशन का उपयोग करके जाली आईडी बनाई थी और दिल्ली के द्वारका से वर्दी एवं अन्य सामान खरीदा था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि संगीत सिंह ने 2020 में मुंबई से एविएशन हॉस्पिटैलिटी में एक साल का पाठ्यक्रम पूरा किया था।

# झारखंड में तीन लोकसभा सीट के लिए नामांकन शुरू

**एजेंसी।** रांची

**आम** चुनाव के पांचवें चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही झारखंड में तीन लोकसभा सीट- चतरा, कोडरमा और हजारीबाग के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई। दस्तावेज जमा करने के पहले दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार कालीचरण सिंह ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया। इन तीनों सीट पर मतदान 20 मई को होगा। नामांकन दाखिल करने से पहले संवाददाताओं से सिंह ने कहा, मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पार्टी का आभारी हूं। मुझे यकीन है कि लोग भाजपा को वोट देंगे क्योंकि लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास चाहते हैं। भाजपा ने अपने निर्वतमान सांसद सुनील कुमार सिंह की जगह इस बार कालीचरण सिंह को मैदान में उतारा है। वर्ष 2019 के चुनाव में सुनील कुमार सिंह ने कांग्रेस के मनोज कुमार यादव को 3.77 लाख से अधिक मतों के अंतर से हराया था। अधिकारी ने बताया कि तीन मई तक रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक नामांकन स्वीकार किए




जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच चार मई को होगी और इन्हें वापस लेने की अंतिम तिथि छह मई है। तीन लोकसभा क्षेत्रों में 28.29 लाख महिलाओं सहित 58.22 लाख से अधिक मतदाता मतदान के लिए पात्र हैं। कालीचरण के अलावा, भाजपा ने केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को कोडरमा से और विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा सीट से मैदान में उतारा है। विपक्षी दलों के समूह इंडिया की तरफ से कांग्रेस ने विधायक जे.पी. पटेल को हजारीबाग और पूर्व विधायक केएन त्रिपाठी को चतरा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है। पटेल हाल ही में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। विपक्ष की सहयोगी पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने कोडरमा सीट से बगोदर के अपने विधायक विनोद कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

# ईवीएम पर मेरी फोटो छोटी और अपेक्षाकृत अस्पष्ट : बघेल

**एजेंजी।** राजनांदगांव

**राजनांदगांव** लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें शिकायतें मिली हैं कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) पर उनकी तस्वीर आकार में अपेक्षाकृत छोटी और अस्पष्ट है।

आम चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को राजनांदगांव सीट पर मतदान जारी है। बघेल का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडे से है। बघेल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, मतदाता फोन करके शिकायत कर रहे हैं कि ईवीएम में बाकी प्रत्याशियों की फोटो बड़ी और स्पष्ट है लेकिन मेरी फोटो छोटी व अपेक्षाकृत अस्पष्ट है। निर्वाचन आयोग ने जैसी फोटो मांगी थी, वैसी दी गई थी। इससे निष्पक्षता के निर्वाचन आयोग के दावों की कलई खुल गई है। क्या यह षड्यंत्र पूर्वक किया गया है? हालांकि इससे परिणाम नहीं बदलने वाला है।

एक अन्य पोस्ट में बघेल ने भाजपा कार्यकर्ताओं पर राजनांदगांव सीट के टेडेसरा गांव में एक मतदान केंद्र में प्रवेश करने से रोकने का आरोप लगाया। बघेल ने लिखा है, भूपेश बघेल स्वयं प्रत्याशी है और उसे भाजपा के लोग पोलिंग बूथ पर जाने से रोक रहे हैं। भाजपा बूथों पर अपने गुंडे भेजकर लोगों को डराने, धमकाने का काम कर रही है। अपने खिलाफ लोगों का रुझान देखकर छें और उनके आका दोनों बौखला गए हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करें। इनकी विदाई तय हो चुकी है। जितना अधिक मतदान होगा, उतना जूयादा ए छाती पीटेंगे। बघेल ने कथित हाथापाई का एक वीडियो भी साझा किया है।

# चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए करीब 11 साल पहले शुरू किया गया था वीवीपीएटी का इस्तेमाल

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) के साथ पूर्ण रूप से मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं शुक्रवार को खारिज कर दी। इसके साथ ही, वीवीपैट मशीनें एक बार फिर से चर्चा के केंद्र में आ गई हैं। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए, निर्वाचन संचालन नियम,1961 में 2013 में संशोधन किया गया था ताकि वीवीपैट मशीनों का इस्तेमाल किया जा सके। नगालैंड में नोकसेन विधानसभा सीट पर उपचुनाव (2013) में इनका पहली बार इस्तेमाल किया गया था। ईवीएम में एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट और एक वीवीपैट होती है।ईवीएम पर आने वाली कुल लागत में, प्रति



बैलेट यूनिट पर 7,900 रुपए, हर कंट्रोल यूनिट पर 9,800 रुपए और प्रत्एक वीवीपैट पर 16,000 रुपए शामिल हैं। अधिक पारदर्शिता के लिए, 2019 से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केंद्रों से वीवीपैट पर्चियों का मिलान ईवीएम में पड़े मतों से किया जाता है और अब तक कोई विसंगित नहीं पाई गई है। मतदाता बैलेट यूनिट के जरिए उम्मीदवार को वोट देते हैं, वे वीवीपैट यूनिट पर सात सेकंड तक एक पर्ची देख सकते हैं, जिसमें उक्त उम्मीदवार की पार्टी का चिह्न होता है। चूंकि भारत में गुप्त मतदान प्रणाली है इसलिए मतदाता वीवीपैट पर्ची घर नहीं ले जा सकते। शीर्ष अदालत ने ईवीएम के जरिए डाले गए मतों का वीवीपैट पर्चियों के साथ शत-प्रतिशत मिलान का अनुरोध करने वाली याचिकाएं खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने मामले में सहमति वाले दो अलग-अलग फैसले सुनाए और इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाएं खारिज कर दीं, जिनमें मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुन: अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी शामिल है।

न्यायालय ने दो निर्देश जारी किए।

न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने फैसले में निर्वाचन आयोग को मतदान के बाद, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों में चिह्न लोड करने वाली स्टोर यूनिट्स को 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित करने के निर्देश दिए। चूंकि कोई भी व्यक्ति परिणाम की घोषणा के 45 दिनों के अंदर निर्वाचन को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका दायर कर सकता है, इसलिए ईवीएम और पर्चियां 45 दिनों के लिए सुरक्षित रखी जाती हैं, ताकि अदालत द्वारा रिकार्ड मांगे जाने पर उसे उपलब्ध कराया जा सके।

शीर्ष अदालत ने ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों को यह अनुमति दी कि वे परिणाम घोषित होने के बाद दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाले उम्मीदवारों के अनुरोध पर मशीन के माइक्रोकंट्रोलर को सत्यापित कर सकते हैं।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि माइक्रोकंट्रोलर के सत्यापन के लिए अनुरोध परिणाम घोषित होने के सात दिनों के भीतर किया जा सकता है लेकिन इसके लिए पहले शुल्क देना होगा। पीठ ने कहा, अगर सत्यापन के दौरान यह पाया गया कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो उम्मीदवार द्वारा दिया गया शुल्क उसे लौटा दिया जाएगा। वीवीपैट, बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का विनिर्माण सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रम, इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड-- करते हैं।

## लोकतंत्र का महापर्व





आर्मी से रिटायर्ड कर्नल सोमदत्त एवं उनकी पत्नी संतोष, जिनके दोनो पैरों की सर्जरी होने बाद अपने परिवार सहित वोट डालने आये। नोएडा पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह व जिलाधिकारी मनीष कुमार ने की देशभक्ति के जज्बे को सलाम करते हुए फूलों का गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया।

# नोएडा और गाजियाबाद के मतदाताओं में दिखा उत्साह

**पायनियर समचार सेवा।** नोएडा/ गाजियाबाद

**यूपी** की हॉट सीट पर शुमार नोएडा और गाजियाबाद में मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस दौरान बुजुर्गों से लेकर युवाओं के बीच उत्साह देखने को मिला।

लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट डालकर अपने मत से देश की दिशा व दशा को तय करने को लेकर युवाओं में जोऊ साफ देखने को मिल रहा है । साथ ही वोट डालने के बाद बहुत ही खुशी का एहसास किया जा रहा है । चुनाव में पहली बार लोकसभा चुनाव में वोट डालने वाली कचैड़ा गांव निवासी छात्रा मीनाक्षी व साक्षी कहना है कि उन्होंने पहली बार वोट डाली है । और वह वोट डालने से पहले कई बार सोच विचार किया । और सोच विचार करने के बाद ईवीएम मशीन का अपनी समझदारी से अपने लोकप्रिय प्रतिनिधि को बटन दबाकर वोट दिया । तथा बटन दबाने के बाद कुछ देर मशीन के पास खड़ी रही । और मशीन द्वारा आवाज होने वह प्रत्याशी को दी गई बोट का चुनाव चिन्ह देखने के बाद ही मशीन से अलग हटी। मत का प्रयोग करने के बाद दिल की गहराइयों से खुशी का एहसास किया । और साथ ही एहसास किया कि हमारे मत से देश की दशा व दिशा तय होगी । साथ ही ऐसी सरकार का चयन हो जो देश के विकास को गति दे सके । दुजाना गांव निवासी मनीषा का कहना है कि उन्होंने भी पहली बार वोट डाला है । और वह पीएचडी की तैयारी कर रही है । वोट डालने से खुशी का इजहार महसूस हुआ। और वोट देकर अच्छा प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद है । सभी को सोच समझकर मत का प्रयोग करना चाहिए ।

मिहिर भोज डिग्री कॉलेज के बूथ पर नगर निवासी स्तुति सक्सेना ने भी पहली बार मत का प्रयोग किया है । और वह बोट डालने से पूर्व मन ही मन मुस्कुराते हुए जा रही थी । तथा वोट डालने के बाद उन्होंने खुशी महसूस की । साथ ही वोट डालकर अच्छा फीलिंग आया है । जिससे मेरी वोट की गिनती जीत में अवश्य होगी ।लोकसभा चुनाव में कलौदा गांव में मतदान शुरू होने के दौरान ईवीएम मशीन में एरर आने के चलते करीब 15



मिनट बाद मतदान बूथ संख्या चार पर शुरू हुआ । जिससे मतदाताओं की लंबी लाइन लग गई । तथा कमरे में बिजली व्यवस्था भी ट्रिपिंग कर रही थी । संबंधित अधिकारियों को तत्काल इसकी सूचना भी दी गई । मशीन सही होने पर मतदान शुरू किया गया । बूथ पर तैनात अधिकारी अजय कुमार का कहना है कि बिजली व्यवस्था ट्रिपिंग होने के चलते मशीन कुछ देर के लिए नहीं चल सकी । उसके बाद मशीन सही होने पर मतदान शुरू कर दिया गया । लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर आज भी ग्रामीण अंचल की महिलाएं घर से निकलने पर घूंघट की ओट में वोट डालने मतदान स्थलों पर पहुंची तथा मतदान करने के लिए घूंघट की ओट में ही लाइन में लगी रही । मतदान ग्रामीण अंचल में शुरू में उत्साह देखने को नहीं मिला उसके बाद धीमे-धीमे मतदान चला रहा सभी जगह पर मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ । ब्लॉक प्रमुख बिजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में साढ़े छह हजार बोट हैं और 3400 बोट डली हैं। ब्लॉक प्रमुख पति ओमपाल नगर ने बताया कि 7000 वोट हैं और करीब 4000 वोट डली हैं। जिन बूथ पर उनके वोट है उसे बूथ पर 1200 वोट हैं, जिनमें से 800 वोट डली हैं।

### कई स्थानों पर बीयू, सीयू, वीवीपैट मशीनें खराब

गाजियाबाद । मतदान शुरू होने के पहले घंटे में कई बूथों पर गड़बड़ी की सूचना आई। साहिबाबाद के बूथ संख्या 314, 1009, 993, 860,873 पर बीयू, सीयू, वीवीपैट मशीनें खराब हो गई थी। इसकी वजह से मतदान शुरू होने में समय लग गया। इन मशीनों को बदला गया, इसके बाद मतदान शुरू हो सका। वहीं मुरादनगर के बूथ संख्या-6 में बिजली की दिक्कत के कारण ईवीएम के संचालन में देरी हुई। बूथ संख्या 314 में ईवीएम खराब होने के बाद उसे बदला गया, इसके बाद यहां मतदान शुरू हो सका। विजयनगर के भी कई बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी मिली।

## कई बूथों पर एक घंटा देरी से वोटिंग

**गाजियाबाद । गाजियाबाद लोकसभा के कई बूथों पर सुबह के समय ईवीएम व अन्य तकनीकी गडबडियों के चलते समय से मतदान शुरू नहीं हो सका। सुबह 7 बजकर 45 मिनट तक 2755 बूथों पर ही मतदान हो सका था। 337 बूथों पर मतदान शुरू होने में समय लग गया। मतदान शुरू होने के पहले घंटे कर्मिकों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पडा। सम्बंधित एआरओ ने केन्द्रों पर पहुंचकर मतदान शुरू कराया। इसके बाद 7 बजकर 55 मिनट पर सभी 3092 बूथों पर मतदान शुरू हो सका। हालांकि सभी बूथों पर मतदान शुरू होने के बाद कहीं कोई गडबडी होने की सूचना नहीं आई।**

## गाजियाबाद में जनप्रतिनिधि से लेकर दुल्हन तक ने किया मतदान

**गाजियाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो गया। मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह रहा। यहां 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। हर तरफ मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारे देखने को मिलीं। बूथों के बाहर भारी तादाद में पुलिस बल भी तैनात है। वहीं दोपहर करीब 1 बजे तक मतदान प्रतिशत 24 प्रतिशत से ऊपर हो गया। 29 लाख 41 हजार 424 मतदाता उनके भाग्य का फैसला करेंगे। गाजियाबाद में ज्यादातर मतदाता मतदान पर्ची लेकर पोलिंग बूथों पर पहुंचे। जिनके पास मतदान पर्ची नहीं थी उन्होंने प्रत्याशियों के बस्तों पर पर्ची बनवाई। वहीं सुबह के समय भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग ने वोट डालते हुए कहा कि इस बार फिर से मोदी सरकार आएगी। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने सूर्य नगर के विद्या भारती पब्लिक स्कूल मतदान केंद्र अपना मत डालने के बाद अंगुली पर लगे स्याही के निशान को दिखाते हुए कहा कि इस बार मोहब्बत की होगी जीत। राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने परिवार सहित गाजियाबाद के भागीरथ पब्लिक स्कूल स्थित बूथ पर वोट डाला। गजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र ने अपनी पत्नी के साथ वोट डाला। गाजियाबाद के संगम विहार में अनामिका नामक युवती दुल्हन की ड्रेस में ढोल नगाड़ों के साथ मतदान किया।



गाजियाबाद से भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग स्याही का निशान दिखते हुए।

# भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश ने परिवार संग किया मतदान

## ● प्रधानमंत्री और जनता का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर सीट से भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा नोएडा ने सेक्टर 15 के एक क्लब में बने मतदान केंद्र में अपने परिवार के साथ मतदान किया। इस दौरान उनके साथ उनकी माता और पत्नी सहित दोनों बच्चे भी मौजूद थे।

मतदान करने के बाद भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने मडिया से बात भी की। भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा लोगों से मतदान करने की अपील की। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी आलाकमान और जनता का आभार जताया। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी समाज की राजनीति नहीं करती, हमारी पार्टी विकास की



राजनीति करती है और राजपूत समाज हमेशा से भाजपा के साथ था और आने वाले वक्त में भी बीजेपी के साथ रहेगा। भाजपा प्रत्याशी महेश शर्मा ने वोटिंग के दिन कहा के उत्तर प्रदेश और देश की जनता ने नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार पीएम बनाने का मन बना लिया है।

## 96 साल की शांति देवी ने ग्रेटर नोएडा में डाला वोट



नोएडा। 96 सा ल की शांति देवी ने मतदान किया। शांति देवी व्हील चेयर पर बैठकर मतदान स्थल अपने परिजनों के साथ पहुंची थीं। शांतिदेवी ने सभी वोट देने की अपील भी की उन्होंने कहा, वोट देते देते मेरी उम्र बीत गई। मुझे अब लगता है मैं इस लोकतंत्र का एक हिस्सा बनती हूं और अवश्य मतदान करना चाहिए।

# डॉली शर्मा ने लगाया चुनाव में धांधली का आरोप

## ● बोली- सत्ता के इशारे पर कांग्रेस की टेबल और झंड़े तक हटाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**इंडिया** गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा है कि गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में केंद्रीय चुनाव आयोग विफल रहा है। जब केंद्र और राज्य में सत्तारू? भारतीय जनता पार्टी के लोगों के इशारे पर ही स्थानीय प्रशासन और उससे जुड़े लोगों को कार्य करना है, तो फिर कहने को कुछ शेष नहीं रह जाता! उन्होंने कहा कि सूर्यनगर इलाके में भाजपा ने सुबह हमारी टेबल हटा दी। फिर से टेबल लगी, लेकिन ये लोग बार बार झंडे हटा देते हैं। ये क्या गुंडागर्दी नहीं है? उन्होंने केंद्रीय चुनाव आयोग के उच्चाधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि मैं इलेक्शन कमीशन से कहना चाहती हूं कि कृपया शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव हो, उसका इंतजाम किया जाए। क्योंकि भाजपा लगातार जिस तरीके से धांधली कर रही है, बीएलओ से पर्चियां छीनी गई हैं और वो भाजपा प्रत्याशी के लिफाफे में डालकर भेजी जा रही हैं, वह अपने आप में एक गम्भीर सवाल खड़ा करता है? उन्होंने आगे अपने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स (ट्वीटर) पर एक वीडियो टैग करते हुए लिखा कि ब्रिजविहार डीएवी स्कूल पर प्रतिक्रिया देखिए। भाजपा ने बीएलओ से पर्चियां छीनकर अपनी जेबों में रखी है। उन्होंने पूछा है कि ये कौन सा चुनाव है? इस वीडियो में एक व्यक्ति बोल रहा है कि जातिविशेष व सम्प्रदाय विशेष के इलाकों में बीएलओ ने पर्चियां बांटी ही नहीं।



कांग्रेसी प्रत्याशी डॉली शर्मा

# ग्रेनो में बूथ पर अचानक आए बंदर, बूथ से भागे मतदाता

## ● सूरजपुर के पोलिंग बूथ की घटना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा और नोएडा में हो रहे चुनावों की कई रोचक तस्वीरें भी सामने आई जिसमें लोगों के अंदर मतदान करने का उत्साह देखने को मिला। नोएडा सीट पर दोपहर 3 बजे तक 44.01 प्रतिशत मतदान हो चुका था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा से एक ऐसी तस्वीर भी सामने आई जिसे देख कर मतदताओं के साथ-साथ मतदान केंद्रों पर मौजूद अधिकारी भी चौंक गए।

दरअसल ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर के एक बूथ पर अचानक से बंदरों का एक झुंड पहुंच गया। जिससे वह अफरा-तफरी मच गई। दरअसल उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित शहीद भगत सिंह स्कूल में मतदाताओं के लिए पोलिंग बूथ नंबर 556 बनाया गया था। जहां सुबह से ही ग्रेटर नोएडा वासियों की भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। लेकिन अचानक ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में बने इस पोलिंग बूथ में वोटिंग बंद हो गई, क्योंकि पोलिंग बूथ में कही से बंदरों का एक झुंड आ पहुंचा। जिन्हें देख मौक पर मौजूद कर्मचारी कमरे में भाग गए। इस घटना के बाद कुछ देर के लिए वोटिंग की प्रक्रिया को बंद कर दिया गया। हालांकि लगभग 10 मिनट के बाद सारे बंदर पोलिंग केंद्र से भाग गए और मतदान की प्रक्रिया को एक बार फिर से शुरू किया गया

# चाइल्ड पीजीआई में खुलेंगे तीन नए विभाग

## ● आठ बेड की नई यूनिट भी होगी शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**सेक्टर-30** स्थित चाइल्ड पीजीआई में सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में जल्द ही नई स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। दरअसल, चाइल्ड पीजीआई में बाल चिकित्सा न्यूरो सर्जरी, बाल मनोचिकित्सा और शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास डिपार्टमेंट खुलेंगे ।इसके अलावा बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए वेटिंग टाइम को कम करने के लिए एक बड़ी सुविधा दी जाने वाली है। इसके लिए अगले माह एनजीओ की मदद से सीएसआर में आठ बेड की नई यूनिट शुरू की जाएगी। तीनों डिपार्टमेंट 2024 में ही





शुरू करने की योजना है, ताकि मरीजों को जल्द सुविधाएं मिलनी शुरू हो सकें।

संस्थान के निदेशक प्रो अरुण कुमार सिंह ने कहा कि अब तक न्यूरो सर्जरी की सुविधा नहीं होने के कारण मरीजों को दिल्ली या अन्य संस्थानों में रेफर करना पड़ता है। न्यूरो सर्जरी तब महत्वपूर्ण हो जाती है जब गंभीर मरीजों को संस्थान में भर्ती किया जाता है। ऐसे में पीडियाट्रिक न्यूरो सर्जरी विभाग बनाने की तैयारी की गई। इसके अलावा यहां अभी तक मनोचिकित्सा की कोई सुविधा नहीं थी। इसके लिए बाल मनोरोग विभाग शुरू किया जा रहा है। शरीर के अंगों में विकृति के इलाज के लिए सुविधाओं की बहुत आवश्यकता थी। इसके लिए फिजिकल मेडिसिन एवं रिहैबिलिटेशन विभाग शुरू किया जा रहा है। यहां इलाज के साथ सर्जरी और व्यायाम की भी सुविधा होगी। विभागों के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होते ही इन्हें शुरू कर दिया जाएगा। हेमेटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. नीता राधाकृष्णन ने कहा कि वर्तमान में हमारे पास नए अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण रोगियों के लिए छह महीने तक की प्रतीक्षा अवधि है।

इसका कारण यह है कि संस्थान में फिलहाल एक ही बेड उपलब्ध है. कई बार आपात स्थिति में भी ट्रांसप्लांट करना पड़ता है। ऐसे में जिन बच्चों को इंतजार कराया जा सकता है. उन्हें इंतजार कराया जाता है. आठ नए बेड लगने के बाद ट्रांसप्लांट की क्षमता नौ गुना बढ़ जाएगी।

# मोबाइल टावरों से कीमती उपकरणों की चोरी, केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**शहर** से आए दिन चोरी की खबरे सामने आती रहती है। अब नोएडा के चोरों की हिम्मत इतनी बढ़ गई है कि उनके निशाने पर मोबाइल टावर आ गए है। दरअसल नोएडा के चोर आए दिन जगह-जगह लगे मोबाइल टावरों से आरआरयू सहित कीमती उपकरणों को चोरी करने में लगे है।

चोरों ने नोएडा के अलग-अलग थाना क्षेत्र से चार मोबाइल टावर को चोरी कर आरआरयू व अन्य उपकरण पर अपना हाथ साफ किया है। आपको बता दें कि नोएडा के थाना सेक्टर-142 क्षेत्र में शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन प्रदीप कुमार ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनकी कंपनी का एक टावर नोएडा के सेक्टर-137 स्थित सुपरटेक सोसायटी के सामने ग्रीन बेल्ट में लगा हुआ है।

9 अप्रैल को मोबाइल टॉवर से आरआरयू व सहायक उपकरण चोरी हो गए। प्रदीप कुमार ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-145 की ग्रीन बेल्ट में लगे टावर से भी दो आरआरयू व अन्य सहायक उपकरण चोरी हो गए। शिवम इन्फोकॉम प्राइवेट लिमिटेड के टेक्नीशियन पुष्पेंद्र कुमार ने थाना बिसरख में दो मोबाइल टावर से आरआर युवा कीमती उपकरण चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि टेक्नीशियन पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि इटेडा में विजयपाल यादव के मकान की छत पर लगे टावर से दो आरआरयू चोरी हो गए।

## केरल की सभी लोकसभा सीटों पर 64.72 प्रतिशत मतदान हुआ

**पायनियर समाचार सेवा।** तिरुवनंतपुरम

**केरल** की सभी 20 लोकसभा सीट पर शुक्रवार सुबह सात बजे से लेकर शाम तक करीब 64.72 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। उत्तरी केरल के कन्नूर में दोपहर 3:20 बजे तक सबसे अधिक मतदान 54.96 प्रतिशत दर्ज किया गया था, इसके बाद अलाप्पुझा 54.78 प्रतिशत मतदान हुआ था। राज्य के कुछ मतदान केंद्रों पर फर्जी मतदान होने और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) खराब होने की छिटपुट खबरों के अलावा केरल की सभी सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान हुआ। पथनमथिट्टा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ए. एंटनी और उनके साथी कांग्रेस नेता चांडी ओमन ने इन घटनाओं को लेकर नाखुशी जताई और कहा कि इनकी वजह से अनेक लोग अपने घर लौट गए। दोनों नेताओं ने कहा कि उन्होंने निर्वाचन अधिकारियों से प्रभावित मतदान केंद्रों पर मतदान का समय बढ़ाने का आग्रह किया था। केरल की सभी सीट पर सुबह 9.20 बजे तक 12.26 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। दोपहर बाद लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ता चला गया।

## लोस चुनाव : त्रिपुरा में रिकॉर्ड तोड़ मतदान की बात, 77.93 फीसदी पार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लोकसभा** चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को पहले छह घंटे में 39 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया। केरल और पश्चिम बंगाल में कुछ मतदान केंद्रों पर ईवीएम में गड़बड़ी की खबरें भी मिलीं। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा।

उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभाणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। निर्वाचन अधिकारियों के अनुसार सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में दर्ज किया गया है जहां अपराह्न एक बजे तक 54.47 प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, वहीं महाराष्ट्र में सबसे कम 31.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा, दूसरे चरण में अपराह्न एक बजे तक लगभग 39.13 प्रतिशत मतदान हुआ। केरल में मतदान में तेजी की खबर थी और 39.26 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था। हालांकि, राज्य में कुछ मतदान बूथ पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में गड़बड़ी की खबरें भी आईं। राज्य में मतदान के दौरान तीन




बुजुर्ग मतदाताओं और एक मतदान एजेंट की मृत्यु की खबर है। पलक्कड, अलप्पुझा और मलप्पुरम में वोट डालने के बाद एक-एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, वहीं कोझीकोड में एक मतदान केंद्र पर बेहोश हो गए एक एजेंट की बाद में मृत्यु हो गई। कर्नाटक में एक बजे तक करीब 38.23 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया और मतदान केंद्रों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं। राज्य के 14 लोकसभा क्षेत्रों में सर्वाधिक मतदान दक्षिण कन्नड में 48.10 प्रतिशत रहा जबकि सबसे कम 30.10 फीसदी मतदान बेंगलुरु सेंट्रल पर दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश में छह लोकसभा सीटों पर करीब 38.96 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जबकि छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित तीन लोकसभा क्षेत्रों में 53.09 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात मध्य प्रदेश विशेष सशस्त्र बल के एक जवान ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। महाराष्ट्र में अब तक सबसे कम मतदान हुआ। राज्य की परभणी लोकसभा के एक गांव के निवासियों ने अतिक्रमण के मुद्दे के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया। परभणी के जिलाधिकारी और निर्वाचन अधिकारी रघुनाथ गावडे ने गांव वालों से बात की और उनसे मतदान करने की अपील की। गांव में 1,200 मतदाता हैं। पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीटों पर करीब 47.29 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग को 290 शिकायतें मिली हैं जिनमें से अधिकतर ईवीएम में गड़बड़ी से जुड़ी हैं। मणिपुर में एक बजे तक 54.26 प्रतिशत मतदान दर्ज किया था।

# कांग्रेस एससी, ओबीसी का कोटा मुस्लिमों को देना चाहती है : नड्डा

### लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान के दौरान दिया बयान



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों को छीनना चाहती है तथा यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। कांग्रेस को परंपरागत रूप से वंचित हिंदू समूहों की कीमत पर मुसलमानों के हितों की वकालत करने वाली पार्टी के रूप में पेश करने की भाजपा की कोशिशों को जारी रखते हुए नड्डा ने कहा कि विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को एससी घोषित करने और उसे आरक्षण देने का लंबे समय से आधार बना रहा है।

उन्होंने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत मतदान जारी रहने के बीच वीडियो के जरिए एक बयान जारी किया। नड्डा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 2006 के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों, विशेषकर मुसलमानों का है। भाजपा नेता ने कहा कि सिंह ने अप्रैल 2009 में भी इसी तरह की टिप्पणी की थी। कांग्रेस ने दावा किया है कि सत्तारूढ़ दल ने जनता के समर्थन की कमी के मद्देनजर चुनावों के दौरान ध्रुवीकरण करने के लिए झूठ फैलाने और सांप्रदायिक विभाजन का सहारा लिया है। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ राज्यों में मुसलमानों को आरक्षण देने की कोशिश की है, जिसमें कर्नाटक भी शामिल है, जहां भाजपा सरकार ने आरक्षण समाप्त कर दिया था, लेकिन सिद्धरमैया सरकार फिर से इसे ले आई। उन्होंने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास किया था, लेकिन उच्चतम न्यायालय के आदेश के कारण ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 2009 के अपने चुनावी घोषणापत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी में उप-कोटा के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों और नौकरियों में मुसलमानों के लिए आरक्षण का वादा किया था। नड्डा ने दावा किया कि 2024 के चुनावी घोषणापत्र में बहुसंख्यकवाद के खिलाफ कांग्रेस का रुख एससी, एसटी और ओबीसी के प्रति उसकी नफरत को रेखांकित करता है क्योंकि वे समाज में बहुसंख्यक हैं। उन्होंने कहा, सच्चर कमेटी की रिपोर्ट के जरिए झूठे दावे किए गए और कहा गया कि मुसलमानों की हालत दलितों से भी बदतर है। इसका मतलब यह है कि कांग्रेस मुसलमानों को एससी घोषित करने के लिए जमीन तैयार कर रही थी, ताकि उन्हें दलित होने के कारण आरक्षण दिया जा सके। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बी आर आंबेडकर ने अपने भाषणों में दलितों के कल्याण के बारे में नहीं बोलने के लिए जवाहर लाल नेहरू की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को छीनने की पुरानी आदत है। उन्होंने दावा किया कि नेहरू हमेशा मुसलमानों का समर्थन करते थे। नड्डा ने कहा कि वह कभी नहीं चाहते कि मुसलमानों की उपेक्षा की जाए लेकिन उन्हें अन्य समुदायों की कीमत पर अनुचित लाभ नहीं मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को अधिक सुरक्षा की जरूरत है, उन्हें ए लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने विपक्षी दल पर मुसलमानों में भी दलित समुदाय होने की धारणा बनाने का आरोप लगाया ताकि अल्पसंख्यक समुदाय को एससी कोटा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय और जामिया मिल्लिया इस्लामिया जैसे संस्थानों में वंचित हिंदी समुदायों के लिए आरक्षण समाप्त करने के वास्ते कांग्रेस अदालती फैसलों को पलटने के मकसद से कानून लेकर आई। भाजपा ने भी एक्स पर अपने खाते से अप्रैल 2009 में की गई मनमोहन सिंह की टिप्पणियों की एक क्लिप साझा की।

## बंगाल में तीन लोकसभा सीट पर हुआ 71.84 प्रतिशत से अधिक मतदान

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में तीन लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण के चुनाव में शाम तक करीब 71.84 फीसदी से अधिक मतदान दर्ज किया गया। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि दार्जिलिंग, बालुरघाट और रायगंज निर्वाचन क्षेत्रों में शाम छह बजे तक जारी रहा। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग में सबसे अधिक 61.97 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जबकि रायगंज और बालुरघाट में क्रमश: 60.20 प्रतिशत और 59.536 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारी ने कहा, मतदान शांतिपूर्ण है और संसदीय क्षेत्रों में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं थी। उन्होंने बताया कि दोपहर दो बजकर 15 मिनट तक निर्वाचन आयोग को तीन संसदीय क्षेत्रों से 411 शिकायतें मिलीं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार सहित कुल 47 उम्मीदवार इन तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। इन पर 51.17 लाख लोग मतदान के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि इन तीन सीटों पर 5,298 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से दार्जिलिंग में 1,999, रायगंज में 1,730 और बालुरघाट में 1,569 मतदान केंद्र हैं। अधिकारी ने बताया कि चुनावों के लिए राज्य पुलिस के 12,983 कर्मियों के साथ ही केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की कुल 272 टुकड़ियां या 27,200 कर्मी तैनात किए गए हैं।

## भाजपा ने देश के भ्रष्टाचारियों, अपराधियों, माफिया को अपने गोदाम में रख लिया : अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** एटा, उप्र

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा ने देश के सभी भ्रष्टाचारियों, अपराधियों और माफिया को अपने गोदाम में रख लिया है। सपा प्रमुख ने एटा लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए चुनावी बॉण्ड का मुद्दा भी उठाया और दावा किया कि मौजूदा महंगाई की वजह इस चंदे के रूप में की गई वसूली है।

यादव ने आरोप लगाया, भाजपा ने जो चंदा लिया वह चंदा नहीं है, बल्कि वह वसूली है...और भाजपा के लोग चुनावी बॉण्ड के बारे में बात नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, देश में जितने भी भ्रष्टाचारी, अपराधी, माफिया हैं, भाजपा ने उन्हें अपने गोदाम में रख लिया। उसने इतना बड़ा गोदाम बनाया कि हर दल के लोगों को इसमें जगह दे दी। बैंकों को लूटने और उसके साथ धोखाधड़ी करने वाले लोग भाजपा में शामिल हो गए हैं। सपा प्रमुख ने राज्य की मौजूदा भाजपा सरकार पर साजिश के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह ऐसा इसलिए करती है कि उसे युवाओं को नौकरी न देनी पड़े। उन्होंने युवाओं से संपर्क साधने की कोशिश करते हुए कहा कि भाजपा के लोगों ने नौकरी व रोजगार तो छीना ही, आपका (युवाओं का) एक-तिहाई जीवन भी बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी व रोजगार न मिलने से युवाओं का भविष्य अंधकार में है।

## महाराष्ट्र के गांव ने अतिक्रमण मुद्दे पर चुनाव बहिष्कार किया

**छत्रपति संभाजीनगर।** परभणी लोकसभा क्षेत्र के एक गांव के निवासियों ने अतिक्रमण के मुद्दे के विरोध में शुक्रवार को चुनाव का बहिष्कार किया। सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों को मनाने के लिए जिलाधिकारी गांव पहुंचे और लोगों से मतदान का आग्रह किया। मराठवाड़ा के हिंगोली, नांदेड़ और परभणी निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शुक्रवार सुबह शुरू हुआ।

परभणी के जिलाधिकारी और निर्वाचन अधिकारी रघुनाथ गावड़े परभणी शहर से लगभग सात किलोमीटर दूर स्थित बलसा खुर्द गांव पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की और उनसे मतदान करने का आग्रह किया। गांव ने अतिक्रमण के मुद्दे पर चुनाव का बहिष्कार किया। यहां करीब 1,200 मतदाता हैं। गावड़े ने कहा, चुनाव आचार संहिता हटने के बाद हम अतिक्रमण मुद्दे पर बैठक करेंगे और एक महीने में समस्या का समाधान किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन समस्या के समाधान का लिखित आश्वासन देता तो वे मतदान करते।

## कर्नाटक में मोदी लहर नहीं, कांग्रेस सरकार के समर्थन में जनता : सिद्धरमैया



**पायनियर समाचार सेवा।** मैसुरु

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में कोई मोदी लहर नहीं है बल्कि जनता कांग्रेस सरकार की गारंटी योजना का समर्थन कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी राज्य की कुल 28 लोकसभा सीट में से 20 पर जीत दर्ज करेगी। सिद्धरमैया, मैसुरु जिले के अपने गृह गांव में मतदान करने के बाद संवाददाताओं को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कर्नाटक की 14 सीटों पर शुक्रवार को मतदान हो रहा है। सिद्धरमैया ने कहा, कर्नाटक में मोदी लहर नहीं बल्कि गारंटी की लहर है। कांग्रेस करीब 20 सीट पर जीत दर्ज करेगी क्योंकि हमारी गारंटी योजनाएं जन-जन तक पहुंची हैं और बिना किसी बिचौलिए के हर महीने लोगों के बैंक खातों में सीधे पैसे पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता कांग्रेस को आशीर्वाद दे रही है जैसा पिछले साल विधानसभा चुनाव के दौरान हुआ था। सिद्धरमैया की पार्टी ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी।

## ओबीसी, एसटी, एससी के अधिकार छीनकर मुस्लिमों को देने की साजिश कर रही कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के बहुसंख्यक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अधिकारों को छीनकर मुस्लिमों को देने की साजिश रची है। मौर्य ने यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों के अधिकार छीनकर घुसपैठियों को देने की कांग्रेस की खतरनाक सोच उसके चुनावी घोषणापत्र में स्पष्ट देखी जा सकती है।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने (कांग्रेस) अपने घोषणापत्र में साफतौर पर कहा है कि अगर उन्हें मौका दिया गया तो वे बहुसंख्यकवाद को पूरी तरह खत्म (देश में) कर देंगे। हमारे देश में ओबीसी, एससी, एसटी बहुसंख्यक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को 70 साल तक उनके अधिकारों से वंचित रखकर उनके साथ अन्याय करने का पाप किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को 2024 के लोकसभा चुनाव में इसकी सजा मिलेगी। मौर्य ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी दलों का इंडिया गठबंधन एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकारों पर डाका डाल रहा है। भाजपा नेता ने कहा कि यह किसी भी कीमत पर बदर्शत नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा, राहुल गांधी ने कहा है कि जातिगत जनगणना कराई जाएगी। आप एक्सरे



करने की बात कर रहे हैं जबकि देश के ओबीसी, एससी और एसटी आपकी साजिश का एमआरआई कर रहे हैं। मौर्य ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का अतीत तुष्टीकरण की ओछी और घृणित राजनीति का रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का छिपा एजेंडा यह है कि किसी भी तरह सत्ता हासिल करना और ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों को छीनकर मुस्लिमों को दे देना है ताकि उसका वोट बैंक हमेशा के लिए मजबूत हो जाए। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत आज उत्तर प्रदेश सहित 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। मौर्य ने यह भी कहा कि कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपशब्द बोल रहे हैं और उनके लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं क्योंकि वह एक गरीब परिवार से आते हैं, ओबीसी समुदाय से हैं और उन्होंने समाज के हर वर्ग के हितों और उत्थान के लिए काम किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 102 वर्ष के बुजुर्ग ने युवा नौकरियों की आस में डाला वोट

**जम्मू।** कश्मीर की जम्मू लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार को 102 साल के एक बुजुर्ग ने रियासी के एक मतदान केंद्र में मतदान किया और उम्मीद जताई कि नई सरकार युवाओं के लिए नौकरियां लाएंगी, जिससे केंद्र शासित प्रदेश के युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने में मदद मिलेगी। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में जम्मू संसदीय क्षेत्र में मतदान शुरू हुआ, जिसमें 17.81 लाख से अधिक मतदाता 22 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करेंगे। हाजी करमदीन (102) ने रियासी में मतदान के बाद कहा, यह युवा पीढ़ी नशे के कारण बर्बाद हो रही है। वे खाली बैठे हैं, क्योंकि नौकरी नहीं है। जम्मू कश्मीर में नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार को युवाओं को रोजगार देना चाहिए। जो भी सरकार सत्ता में आए उसे इस युवा पीढ़ी को बचाने के लिए नौकरियां देनी चाहिए। वयोवृद्ध करमदीन को उनके परिजन मतदान केंद्र पर लाए थे और पीठासीन अधिकारी ने फूल देकर उनका स्वागत किया। हाजी ने कहा, इस उम्र में इस मतदान केन्द्र में वोट डालकर मैं प्रसन्न हूं। मैंने हमेशा मतदान किया है। 102 वर्ष की उम्र में यह यात्रा जारी है। हाजी 100 वर्ष से अधिक आयु के उन 666 व्यक्तियों में से एक हैं जो जम्मू लोकसभा क्षेत्र में मतदान करने के लिए पंजीकृत हैं।

### छह सीटों पर शाम तक 55.09 प्रतिशत मतदान हुआ

**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मध्य प्रदेश की छह सीट पर शाम तक 55.09 प्रतिशत से ज्यादा मतदाता मतदान हुआ। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) अनुपम राजन ने बताया कि मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शांतिपूर्ण ढंग से हुआ। अधिकारी ने बताया कि तीन बजे तक दमोह में 45.69 प्रतिशत, होशंगाबाद में 55.79, खजुराहो में 43.89, रीवा में 37.55, सतना में 47.68 और टीकमगढ़ में 48.76 प्रतिशत हो चुका था। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने दमोह तथा केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार ने अपनी पत्नी के साथ टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर मतदान किया। कुमार टीकमगढ़ सीट से तीन बार सांसद रह चुके हैं। इस बार इस सीट से उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार से है। अधिकारी ने बताया कि मतदान शाम छह बजे समाप्त हो जाएगा। सबसे ज्यादा 19 उम्मीदवार सतना लोकसभा सीट पर हैं, जबकि सबसे कम सात प्रत्याशी टीकमगढ़ में चुनाव लड़ रहे हैं। इन छह सीट पर 2,865 संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख वीडी शर्मा खजुराहो सीट से दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं।

### कन्नड़ में दोपहर एक बजे तक 48.10 प्रतिशत हुआ था मतदान

**मंगलुरु।** कर्नाटक की 14 लोकसभा सीट पर हो रहे मतदान के दौरान दक्षिण कन्नड़ संसदीय क्षेत्र में दोपहर एक बजे तक 48.10 प्रतिशत वोटिंग हुई। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में कर्नाटक की उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरू मध्य, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर, कोलार शामिल हैं। दक्षिण कन्नड़ के जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उपायुक्त मुल्लई मुहिलान ने यहां बताया कि अपराह्न एक बजे तक इस सीट पर 48.10 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो इस चरण में शामिल राज्य की अन्य लोकसभा सीट की तुलना में सबसे अधिक है। मुहिलान ने बताया कि पूरे दक्षिण कन्नड़ लोकसभा क्षेत्र में कहीं से किसी गड़बड़ी या हिंसा की खबर नहीं मिली और लोगों ने सुबह से ही बड़ी संख्या में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान किया। उन्होंने बताया कि सभी जगह मतदान सुचारू रूप से हुआ। इस बीच, कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार मीणा ने बताया कि राज्य में 28 में से जिन 14 लोकसभा क्षेत्रों में आज मतदान हो रहा है, उनमें अपराह्न एक बजे तक कुल 38.23 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। उन्होंने बताया कि दक्षिण कन्नड़ सीट पर सबसे अधिक मतदान हुआ, जबकि बंगलुरु मध्य सीट पर सबसे कम 30.10 प्रतिशत मतदान हुआ।

# यूपी की आठ सीट पर शाम तक 52.91 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान

### दूसरे चरण में शाम छह बजे तक कड़ी सुरक्षा में हुई वोटिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लोकसभा** चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आठ सीट पर शाम तक करीब 52.91 फीसद से ज्यादा मतदान हआ। निर्वाचन आयोग ने यह जानकारी दी। सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ, जो शाम छह बजे संपन्न हुआ। दूसरे चरण में अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा सीट पर मतदान हुआ। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतार लगने लगी थी। दोपहर तक लोग छाता लेकर धूप से बचते हुए कतार में लगते नजर आए। निर्वाचन आयोग के मुताबिक, अपराह्न तीन बजे तक अलीगढ़ में 44.08 प्रतिशत, अमरोहा में 51.44 फीसद, बागपत में 42.92 फीसद, बुलंदशहर में 44.54 फीसद, गौतमबुद्धनगर में 44.08 फीसद, गाजियाबाद में 41.13 फीसद, मथुरा में 39.45 फीसद और मेरठ में 47.52 फीसद मतदान हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नवदीप रिनवा ने बताया कि द्वितीय चरण के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी हैं, जिनमें 81 पुरुष तथा 10 महिलाएं हैं। रिनवा ने बताया कि संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) में तथा सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।



दूसरे चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में रामायण धारावाहिक में भगवान राम की भूमिका निभा चुके भाजपा के अरुण गोविल (मेरठ), अभिनेत्री हेमा मालिनी (मथुरा), पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर महेश शर्मा (गौतमबुद्ध नगर) और अतुल गर्ग (गाजियाबाद) शामिल हैं। इनके अलावा इनमें कांग्रेस के दानिश अली (अमरोहा), राष्ट्रीय लोक दल के राजकुमार सांगवान (बागपत) और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार व पूर्व सांसद बिजेन्द्र सिंह (अलीगढ़) का नाम भी शामिल है। इन सीटों पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग), विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) तथा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बीच त्रिकोणीय चुनावी मुकाबला होने की उम्मीद है। मथुरा में भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी ने पत्रकारों से कहा मोदी, योगी और अमित शाह, इन तीनों ने देश के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। वे हमारे साथ हैं और हम जीत रहे हैं, कोई समस्या नहीं है। हेमा मालिनी ने कहा, अगर विपक्षी पार्टी के उम्मीदवारों ने मथुरा के लिए थोड़ा भी काम किया होता तो मैं मथुरा से सांसद नहीं होती। रालोद के प्रमुख व सांसद जयंत चौधरी ने अपनी पत्नी चारू चौधरी के साथ मथुरा में एक बूथ पर अपना वोट दिया। जयंत चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, लोग पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से प्रभावित हैं और यही कारण है कि भाजपा को बड़े पैमाने पर समर्थन मिल रहा है। मथुरा में चार गांवों के मतदाता अपनी बुनियादी समस्याओं के प्रति जनप्रतिनिधियों पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए मतदान का बहिष्कार कर रहे हैं। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को इस आश्वासन के साथ वोट डालने के लिए राजी किया जा रहा है कि उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। बुलंदशहर के पहासू विकास क्षेत्र के छोटाबास गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में पूर्वाह्न लगभग 11 बजे तक मतदान शुरू नहीं हो सका था। गांव में एक रास्ते के निर्माण की मांग को लेकर गांव वालों ने मतदान नहीं किया, लेकिन मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद मतदान हुआ। शिकारपुर की उप जिलाधिकारी प्रियंका गोयल ने बताया कि शिकायत के निस्तारण का आश्वासन देने के बाद मतदान हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### रसेल-साल्ट ने पंजाब के गेंदबाजों को धोया



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाजों ने यहां खेले गए आईपीएल मैच में पंजाब किंग्स के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। केकेआर ने निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट खोकर पंजाब के आगे 262 रन का लक्ष्य रखा। सुनील नरेन और युवा फिल साल्ट ने पहले विकेट के लिए 10.2 ओवर में 138 रन की शतकीय साझेदारी निभाई। साल्ट ने 37 गेंद में 75 रन बनाए। साल्ट ने अपनी इस पी के दौरान 6 चौके और इतने ही सिक्स उड़ाए। वहीं तूफानी नरेन ने 32 गेंद में 71 रन की पारी खेली। नौ चौके और चार सिक्स से सजी नरेन की पारी का स्पिनर राहुल चाहर ने अंत किया। इसके बाद आंद्रे रसेल (24) और वेंकटेस अय्यर (39) ने केकेआर की पारी को आगे बढ़ाया। केकेआर के ओपनरों ने शुरुआती छह ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 76 रन जोड़े। कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 10 गेंद में 28 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने एक चौका और तीन छक्के उड़ाए।

### राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के दूसरे दौर में

**मैड्रिड।** राफेल नडाल ने अमेरिकी युवा डारविन ब्लांच को हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस साल एटीपी टूर पर दूसरा मैच खेल रहे नडाल ने अपने से 21 साल छोटे प्रतिद्वंद्वी पर 6-1, 6-0 से जीत दर्ज की। चौदह बार के फ्रेंच ओपन चैम्पियन नडाल की नजरें अगले महीने होने वाले इस ग्रैंडस्लैम में खिताबी जीत पर लगी है। पिछले साल कूल्हे का आपरेशन कराने वाले 22 साल के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन ने कहा था कि 2024 टूर पर उनका आखिरी साल होगा। अन्य मुकाबलों में फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने योशिहितो निशिओका को 4-6, 6-1, 6-4 से हराया। वहीं लोरेंजो सोनेगो ने रिचर्ड गास्केट तो 6-2, 7-5 से मात दी।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेंगे राजस्थान रॉयल्स

## जीत के रथ पर सवार राजस्थान की टीम अंक तालिका में शीर्ष पर है, लखनऊ चौथे नंबर पर काबिज

**एजेंसी।** लखनऊ

**फॉर्म** में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा, जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी।

पूर्व चैम्पियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा। दूसरी ओर लखनऊआठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ साबित हुए हैं, जो आठ मैचों में 318 रन बना



चुके हैं। यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाए थे जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की।

जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं। कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं, जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमाएर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं। रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिए जूझते दिखे हैं। चहल ने आठ मैचों में 13 विकेट लिए हैं।

दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी। लगातार दो जीत के बाद केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है और इस मैच में जीतकर प्लेआफ का उसका दावा मुख्ता हो सकता है। राहुल और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटोन डिकॉक फॉर्म में है, जिससे लखनऊकी बल्लेबाजी दमदार लग रही है। मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन हालांकि चिंता का विषय है। मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद शतक लगाकर इस समस्या का भी हल निकाल दिया लगता है। स्टोइनिस ने 63 गेंद में 124 रन बनाए थे जिसकी मदद से लखनऊ ने छह विकेट से जीत दर्ज की। देवदत्त पड्डिकल, निकोलस पूरन और दीपक हुड्डा को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में लखनऊखेमा तेज गेंदबाज मयंक यादव के फिट होने की दुआ कर रहा होगा जो पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण कुछ मैचों से बाहर रहे हैं।

### दोनों टीम के खिलाड़ी

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक (कप्तान), रोहित, सूर्यकुमार, डेवाल्ड ब्रेविस, बुमराह, पीयूष चावला, कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन, अंशुल कंबोज, कार्तिकेय, आकाश मधवाल, मफाका , मो. नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

मैच: दोपहर 3:30 से

# टी-20 विश्वकप में भारत के लिए सूर्या, बुमराह होंगे अहम प्लेयर

## पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज ने टीम इंडिया की विजयी संभावनाओं पर की चर्चा

### रोहित, कोहली को विश्व कप के बाद टी-20 छोड़ने के बारे में सोचना चाहिए

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारत** के पूर्व स्टार युवराज सिंह ने आगामी टी-20 विश्व कप में टीम की संभावनाओं के लिए विस्फोटक सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे किसी भी समय मैच का रूख बदलने की काबिलियत रखते हैं। 2007 में टी-20 विश्व कप के शुरूआती चरण में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने कहा कि टीम को दूसरी बार यह ट्राफी दिलाने के लिए सूर्यकुमार को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और बुमराह को भी अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करनी होगी।

आईसीसी ने युवराज के हवाले से कहा, सूर्यकुमार यादव भारत के लिए अहम खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, सूर्यकुमार जिस तरह से खेलते हैं, वह सिर्फ 15 गेंद में मैच का रुख बदल सकते हैं। भारत को यह टी-20 विश्व कप जीतना है तो वह निश्चित रूप से काफी अहम खिलाड़ी होंगे।

युवराज ने कहा, मुझे लगता है गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह भी काफी महत्वपूर्ण होंगे। मैं टीम में एक लेग स्पिनर भी देखना चाहूंगा जैसे युजवेंद्र चहल क्योंकि वह इस समय काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहा है।

उन्होंने कहा, लेकिन बल्लेबाज के तौर सूर्यकुमार यादव अहम खिलाड़ी होंगे। भारत के लिए पहली पसंद के विकेटकीपर के विकल्प पर युवराज ने कहा कि आईपीएल में अनुभवी दिनेश कार्तिक शानदार फॉर्म में हैं लेकिन अगर वह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं हैं तो इस 38 साल के खिलाड़ी को टीम में चुनने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि युवा ऋषभ पंत और संजू सैमसन काफी अच्छा खेल रहे हैं। युवराज ने कहा, कार्तिक अच्छी बल्लेबाजी भी कर रहा है लेकिन पिछली दफा (2022) जब उन्होंने उसे चुना था तो उसे टी-20 विश्व कप में खेलने का मौका नहीं मिला था। उन्होंने कहा, अगर आपकी अंतिम एकादश में कार्तिक नहीं है तो मुझे लगता है कि उससे चुनने का भी कोई मतलब नहीं है। ऋषभ पंत, संजू सैमसन दोनों ही शानदार फॉर्म हैं और निश्चित रूप से वे काफी युवा भी हैं।

युवराज जानते हैं कि भारत के लिए टी-20 विश्व कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली कितने महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने इन दोनों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की तारीख का अंदाजा लगाने से इनकार कर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि रोहित और कोहली को विश्व कप के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना छोड़ने पर विचार करना चाहिए।

# खराब फार्म से जूझ रही मुंबई का सामना आत्म विश्वास से ओतप्रोत दिल्ली से

### एक और हार इंडियंस को प्ले ऑफ की रेस से कर सकती है दूर

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**ऋषभ** पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा।

दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिए अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली।

संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्वकप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है, लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन



की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है। ट्रस्टिन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है।

कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी प्रभावी नहीं रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिए हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10-10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिए हैं।

मैच: दोपहर 3:30 से

### हर वो बल्ला मेरे पास है, जिससे मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा : पोंटिंग



**नई दिल्ली।** दो बार के विश्वकप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज पहल के मौके पर यह बात कही। इस कंगारू दिग्गज ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं, जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा, आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है।

# हमें अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता चाहिए : कोच विटोरी

### पिछले चार मैचों में अच्छे प्रदर्शन के बाद यह हार निराशा जनक है

**एजेंसी।** हैदराबाद

**सनराइजर्स** हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रही है, लेकिन अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता हासिल करना जरूरी है। सनराइजर्स आठ में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। पांच में से चार मैचों में उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता पाई।

विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से 35 रन से मिली हार के बाद कहा, हम बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रहे हैं, लेकिन अब लक्ष्य का पीछा बेहतर ढंग से करना होगा। इस सत्र में तीन बार 250 से अधिक स्कोर बना चुकी टीम को आरसीबी के खिलाफ मध्यक्रम की नाकामी महंगी पड़ी। विटोरी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा , पिछले चार मैचों में अच्छे प्रदर्शन के



बाद यह हार निराशाजनक है। हमने अच्छा क्रिकेट खेला, लेकिन हारने के बावजूद हम लक्ष्य का पीछा करने की ओर बढ़ते दिख रहे थे। शुरूआती विकेट जल्दी गिरने का खामियाजा भुगतना पड़ा।

उन्होंने कहा, आईपीएल में कोई भी टीम किसी भी टीम को हरा सकती है और कोई मैच आसान नहीं होता। बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक खेलना जरूरी होता है और ऐसे में पारी के सूत्रधार की भूमिका निभाना कठिन होता है।

# तीरंदाजी विश्वकप: भारत की नजरें चार स्वर्ण पदकों पर

**एजेंसी।** शंघाई

**ज्योति** सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने तीरंदाजी विश्वकप के फाइनल में पहुंचकर शुक्रवार को भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। दुनिया की नंबर-टू टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है, जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं।

### कंपाउंड मिश्रित टीम भी फाइनल में पहुंची

भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है। रिकर्व व्यक्तिगत वर्ग के एलिमिनेशन दौर के मुकाबले आज ही होंगे। ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से पराजित किया।

# भारतीय पुरुष टीम की नजरें थॉमस कप पर

## दो वर्ष पहले भारतीय खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट जीतकर रचा था इतिहास

**एजेंसी।** चेंगडू (चीन)

**भारतीय** पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी, जबकि उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी।

दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है। अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का



सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को ग्रुप आफ डैथ मिला है, जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है, जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं।

इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा, यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं। दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आए हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं।

